दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज़ पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज़ बिहार से प्रकाशित सम्पूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश मे प्रसारित!

Digital Daily News Paper

# लोकतंत्र की आवाज



● नवादा से प्रकाशित ● नवादा शुक्रवार 24 जनवरी 2025 ● वर्ष : 03 अंक : 511

## संक्षिप्त खबरें ।

### पशुपति पारस ने एनडीए के खिलाफ खोल दिया मोर्चा! सीएम नीतीश पर लगाया बड़ा गंभीर आरोप



**लोक तंत्र की आवाज़**

**पटना।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और रालोजपा अध्यक्ष पशुपति पारस इन दिनों काफी सुर्खियों में हैं. एनडीए में तरजीह नहीं मिलने से नाराज पशुपति पारस अपने लिए नया ठिकाना खोज रहे हैं. उन्होंने हाल ही में राजद अध्यक्ष लालू यादव से भी मुलाकात की थी. पारस ने अभी तक एनडीए छोड़ने का ऐलान तो नहीं किया है, लेकिन एनडीए के खिलाफ मोर्चा जरूर खोल दिया. इसी कड़ी में रालोजपा सुप्रीमो ने बिहार विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर बड़ा गंभीर आरोप लगाया है। दरअसल, पूर्व केंद्रीय मंत्री ने दफादार चौकीदार की मांगों को समर्थन करते हुए बिहार सरकार पर जमकर हमला किया है. इतना ही नहीं उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पासवान विरोधी भी बताया. पशुपति पारस ने कहा कि दफादार चौकीदार लगातार करते आ रहे हैं. इसमें ज्यादातर दलित समुदाय के लोग हैं और उसमें भी 80% से ज्यादा पासवान समाज के लोग हैं. रालोजपा अध्यक्ष ने कहा कि बिहार सरकार पासवान समाज की विरोधी है और उसके हकों को छीनने का प्रयास कर रही है, जिसका हम लोग पुरजोर विरोध करते हैं।

बता दें कि पिछले एक वर्षों से दफादार चौकीदार अपनी सात सूत्री मांगों को लेकर बिहार सरकार के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं. इनकी मुख्य मांग यह है कि दफादार चौकीदार की बहाली जो पूर्व में हुई थी उसके बाद उनके आश्रितों को बहाल किया जाता रहा है, लेकिन बिहार सरकार ने उसमें बदलाव किया है और उसकी बहाली प्रक्रिया शुरू कर दी है. पटना के गर्दनीबाग में दलित सेना एवं बिहार राज्य दफादार व चौकीदार पंचायत संघ के संयुक्त तत्वाधान में विशाल धरना दिया जा रहा है. पशुपति पारस और उनके भतीजे प्रिंस राज दोनों गर्दनीबाग पहुंचे और प्रदर्शनकारी दफादार चौकीदारों का समर्थन किया. चिराग पासवान पहले ही इस मुद्दे को सीएम नीतीश कुमार के सामने उठा चुके हैं. चुनावी साल में यह बड़ा मुद्दा हो सकता है.

# हिंदू नामों का इस्तेमाल करके मुस्लिम चला रहे थे होटल, रद्द कर दिए गए सभी के लाइसेंस

**लोक तंत्र की आवाज़**



**अहमदाबाद।** गुजरात राज्य सड़क परिवहन निगम (रफ्ळउ) ने हिंदू नामों की आड़ में चलाए जा रहे कुछ होटलों के लाइसेंस रद्द कर दिए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इन होटलों का या तो नाम हिंदू रखा गया था या इनको चलाने के लिए किसी हिंदू मालिक के नाम का इस्तेमाल किया जा रहा था। अब राज्य परिवहन निगम यानी कि रफ्ळउ की बसें इन होटलों पर हाल्ट नहीं करेंगी। बता दें कि रफ्ळउ ने पिछले एक वर्ष में ऐसे होटलों की सूची तैयार की थी, जिनमें हिंदू नामों का इस्तेमाल किया गया था, या कुछ मामलों में होटल मालिक के तौर पर किसी हिंदू का नाम था लेकिन उसे मुस्लिम समुदाय के लोग चला रहे थे।

**होटल तुलसी, होटल मारुति पर भी एक्शनः** बताया जा रहा है कि यह कदम पारदर्शिता और होटलों के सही तरीके से संचालन के लिए उठाया गया है। जिन होटलों के रजिस्ट्रेशन रद्द किए गए हैं उनमें वडोदरा डिविजन के अहमदाबाद–सूरत रोड पर स्थित स्वाजी इन, होटल विशाल, होटल बसेरा और होटल सतीमाता शामिल हैं। इसके अलावा भरूच डिविजन के तहत सूरत–अहमदाबाद मार्ग पर स्थित होटल तुलसी, होटल मारुति, होटल डायमंड और होटल रौनक के नाम भी उन होटलों में शामिल हैं जिनके रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिए गए हैं। इसके अलावा राजकोट डिविजन के तहत भुज–ध्रगंधरा–अहमदाबाद मार्ग पर पड़ने वाले होटल शिवशक्ति का रजिस्ट्रेशन भी कैंसिल कर दिया गया है।

### कुल 27 होटलों के लाइसेंस हुए कैंसिल

गोधरा डिविजन के तहत पड़ने वाले किस्मत काठियावाड़ी (देलोल) और होटल वृंदावन नाम के होटलों का रजिस्ट्रेशन भी रफ्ळउ ने रद्द कर दिया है। वहीं, पालनपुर डिविजन में भी होटल गुरुकृपा, होटल रिलीफ और होटल रौनक के रजिस्ट्रेशन रफ्ळउ ने रद्द कर दिए हैं। जिन होटलों के रजिस्ट्रेशन कैंसिल किए गए हैं उनमें संसरोड का होटल तुलसी, उंझा–मेहसाणा हाइवे का होटल मानसी, नाडियाड खेड़ा का होटल श्रीजी और राजकोट–चोटिला हाइवे का होटल सर्वोदय एंड रूम्स भी शामिल हैं। प्राप्त सूची के मुताबिक, रफ्ळउ ने कुल 27 होटलों के लाइसेंस कैंसिल किए हैं।

## पीएम नरेंद्र मोदी के साथ मरते दम तक रहेंगे मांझी, कैबिनेट छोड़ने वाले बयान से मुकरे जीतनराम



**लोक तंत्र की आवाज़**

**पटना।** केंद्रीय मंत्री और हिन्दुस्तान आवाम मोर्चा हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीतन राम मांझी पिछले कुछ दिनों से काफी चर्चा में हैं. दिल्ली और झारखंड के चुनाव में सीटें ना मिलने पर जीतन राम मांझी की एनडीए से नाराजगी रह–रह कर सामने आ रही है। राजनीतिक सौदेबाजी के माहिर खिलाड़ी रहे माझी को लेकर मंगलवार को कुछ मीडिया रिपोर्ट के हवाले से यह खबर आई कि अब जीतन राम मांझी ने कैबिनेट छोड़ने की बात कह दी है, लेकिन केंद्रीय मंत्री ने इसपर सफाई दी है. केंद्रीय मंत्री ने साफ किया है कि वो मरते दम तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का साथ नहीं छोड़ेंगे।

**कैबिनेट की बैठक छोड़ने की कही थी बातः** कैबिनेट छोड़ने की बात कहने को लेकर अपनी सफाई देते हुए जीतन राम मांझी ने कहा, 'कुछ वेब पोर्टल और समाचार चैनलों के द्वारा भ्रमक ख़बर प्रचारित/प्रसारित किया गया है कि जीतन राम मांझी कैबिनेट से इस्तीफ़ा देंगे. मैंने मुंगेर की सभा में हो रही देरी को लेकर कहा था कि आप लोग लेट कर रहें हैं जिसके कारण मेरी फ्लाइट छूट जाएगी और मुझे कैबिनेट छोड़ना पड़ेगा. वैसे लोगों को मैं स्पष्ट कर देना चाहता हूँ कि मैं मरते दम तक माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का साथ नहीं छोडूंगा।

मीडिया को चेतावनी देते हुए केंद्रीय मंत्री जीतनराम माझी ने कहा, 'हम सब अभी देश और बिहार के हित का कार्यकर रहें हैं तो कुछ मिडिया घराना विपक्ष के इशारे पर हमें बांटने की कोशिश कर रहा है. मैं वैसे लोगों को चेतावनी देना चाहता हूँ कि वह सचेत हो जाएं अन्यथा मैं उनके ख़िलाफ़ न्यायालय की शरण लूंगा और प्रेस काउंसिल में उनकी शिकायत दर्ज कराऊंगा। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार बिहार के मुंगेर जिले में भूइयां–मुसहर सम्मेलन में जीतन राम मांझी ने कहा था कि झारखंड में चुनाव हुआ तो हमारी पार्टी को कोई सीट नहीं दी गई.

## सीएम भगवंत मान की जान को खतरा! फरीदकोट में दौरे से पहले दीवारों पर लिखे गए 'खालिस्तान जिंदाबाद' के नारे

**लोक तंत्र की आवाज़**



**फरीदकोट।** गणतंत्र दिवस 2025 पर मुख्यमंत्री भगवंत मान के फरीदकोट दौरे से पहले सुरक्षा में बड़ी चूक सामने आई है। फरीदकोट में गणतंत्र दिवस समागम की जगह पर 'खालिस्तान जिंदाबाद' के नारे लिखने के साथ–साथ झंडा फहराने का मामला सामने आया है।

आंतकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने इसको लेकर सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर करते हुए जिम्मेदारी ली है। हैरानी की बात है कि यहां रात भर खालिस्तान समर्थक झंडा लगा रहा लेकिन किसी अधिकारी की नजर नहीं पड़ी।

**आतंकी पन्नू ने ली जिम्मेदारीः** बता दें कि 'खालिस्तान जिंदाबाद' के यह नारे फरीदकोट के नेहरू स्टेडियम तथा रेलवे स्टेशन पर लिखे गए हैं। इसी नेहरू स्टेडियम में सीएम भगवंत मान द्वारा गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाना है। वहीं, इसकी जिम्मेदारी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू द्वारा ली गई है। आतंकी पन्नू ने इस संबंध में अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर वीडियो डालकर इसके जिम्मेदारी ली है।

**जानकारी मिलते ही हरकत में आया प्रशासनः** फरीदकोट के नेहरू स्टेडियम और रेलवे स्टेशन के फुट ओवर ब्रिज पर खालिस्तान जिंदाबाद के नारे और खालिस्तान जिंदाबाद के झंडे भी लगाए गए थे। हालांकि, किसी भी अधिकारी की नजर नहीं पड़ी। गुरुवार सुबह यह मामला सामने आया। इस मामले के सामने आने के बाद से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं। इस संबंध में जानकारी मिलते ही जिला पुलिस हरकत में आई और तुरंत इन नारों को मिटवाया गया ।

### मुख्य अतिथि के तौर पर करने वाले हैं दौरा

बता दें कि 26 जनवरी को फरीदकोट में राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह होने जा रहा है। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर सीएम भगवंत मान पहुंच रहे हैं। सीएम भगवंत मान के दौरे के चलते 2 दिन पूर्व ही एडीजीपी शिव कुमार वर्मा द्वारा सुरक्षा प्रबंधों का जायज भी लिया गया था और सख्त हिदायतें जारी की गई थी। परंतु इसके बावजूद आज सुरक्षा में बड़ी चूक सामने आई है। इस संबंध में एसपी जसमीत सिंह ने बताया कि पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस शीघ्र ही आरोपी को गिरफ्तार कर लेगी।

## ईरान को चीन भेज रहा 1000 टन इजरायल की तबाही का सामान शिया देश बना सकेगा मिसाइलों का जखीरा, बढ़ा तनाव

**लोक तंत्र की आवाज़**




**तेहरान ।** इजरायल के साथ मिसाइल युद्ध के बाद अब ईरान ने एक बार फिर से अपने हथियारों का जखीरा बढ़ाना शुरू कर दिया है। ईरान को अपनी इस रणनीति में चीन से बड़ी मदद मिल गई है। चीन 1000 टन सोडियम पर्कलोरेट ईरान के कार्गो जहाज से भेज रहा है जो मिसाइल ईंधन का काम करता है। बताया जा रहा है कि दो जहाजों से चीन ने ईरान को ये केमिकल भेज रहा है। फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक अगले कुछ सप्ताह के अंदर चीन से यह केमिकल ईरान के लिए रवाना हो जाएगा। इस रिपोर्ट में पश्चिमी देशों के खुफिया अधिकारियों के हवाले से यह दावा किया गया है

माना जा रहा है कि इस रिपोर्ट के जरिए चीन और ईरान दोनों को इन जहाजों के बारे में स्पष्ट चेतावनी दी गई है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि ईरान के झंडे वाले जहाजों गोल्बोन और जैरान के जरिए इस केमिकल को भेजा जाएगा। इस 1000 टन सोडियम पर्कलोरेट से अमोनियम पर्कलोरेट बनाया जाता है जो मिसाइलों के लिए ईंधन का काम करता है। ईरान को पिछले साल मिसाइल के लिए ईंधन बनाने में बहुत समस्या का सामना करना पड़ा था। इजरायल ने अक्टूबर महीने में ईरान के लंबी दूरी के मिसाइल के फ्यूल बनाने के सामान को तबाह कर दिया

फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक इतने ज्यादा सोडियम पर्कलोरेट से 960 टन अमोनियम पर्कलोरेट बनाया जा सकता है। मिसाइल के ईंधन में 70 फीसदी अमोनियम पर्कलोरेट का इस्तेमाल किया जाता है। इससे करीब 250 खेइबर शेकान या हज कसाम मिसाइलों को बनाया जा सकता है। इस केमिकल को मिसाइल टेक्नॉलजी कंट्रोल प्रशासन के अंतर्गत आता है। ईरान की ये मिसाइलें मध्यम दूरी तक मार करने में सक्षम हैं और सॉलिड फ्यूल से चलती हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक इस केमिकल को ईरानी सेना को भेजा जा रहा है। अब मांग उठ रही है कि ईरान को इस केमिकल की आपूर्ति को रोका जाए। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी इस पर फोकस कर सकते हैं। अधिकारियों ने बताया कि इस केमिकल को 34 कंटेनर के जरिए गोलबोन से भेजा जा रहा है।

## पप्पू यादव की कांग्रेस से एकतरफा मोहब्बत कब तक?

**लोकतंत्र की आवाज**

**पटना।** पूर्णिया के निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव को कांग्रेस कोई भाव ही नहीं दे रही है। कांग्रेस ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए जारी अपने स्टार प्रचारकों की सूची में पप्पू यादव का नाम शामिल नहीं किया है। पर, वे अपने को कांग्रेस का स्टार प्रचारक होने का दावा कर रहे हैं। लोकसभा चुनाव से लेकर अब तक पप्पू ने कांग्रेस में शामिल होने के कई प्रयास किए।

उन्होंने अपनी जन अधिकार पार्टी का कांग्रेस में विलय भी कर दिया। पर, कांग्रेस ने कभी यह नहीं दर्शाया कि वे उसके हिस्सा हैं। और तो और, राहुल गांधी के पटना आने पर पप्पू ने उनके कार्यक्रम के लिए भीड़ भी जुटाई, लेकिन एयरपोर्ट से होटल तक लगातार कोशिशों के बाद भी राहुल ने उनसे मिलना मुनासिब नहीं समझा।

**पप्पू का प्रयास विफलः** लोकसभा चुनाव के ठीक पहले पप्पू ने अपनी पार्टी के कांग्रेस में विलय का खूब प्रचार किया। वे दावा करते रहे कि कांग्रेस ने उन्हें पूर्णिया से उम्मीदवार बनाने का आश्वासन दिया है। पर्चा दाखिल करने की तिथि भी उन्होंने इस उम्मीद में आगे खिसका दी थी कि तब तक कांग्रेस का सिंबल आ जाएगा। पर, वह मुहूर्त नहीं निकला। आखिरकार पप्पू ने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में पर्चा भरा। रही सही कसर राहुल गांधी ने उस इलाके के दौरे में यह कह कर पूरी कर दी कि पप्पू यादव अपने और बेटे के लिए टिकट मांगने आए थे। पार्टी ने मना कर दिया तो निर्दलीय लड़ रहे हैं।



**प्रेम में लालू से मिला धोखा :** पप्पू तब कांग्रेस का टिकट मांग रहे थे, जब यह तय हो गया था कि बिहार में आरजेडी ही इस बारे में फैसला लेगा। कांग्रेस से एकतरफा प्रेम करने वाले पप्पू तब आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव और उनके बेटे तेजस्वी यादव से भी मिले। तब भाईचारगी ऐसी दिखी कि तेजस्वी यादव उन्हें बाहर तक छोड़ने आए। यानी कांग्रेस से सिग्नल मिलने के बाद उन्होंने आरजेडी से भी आश्वस्ति पप्पू तब कांग्रेस का टिकट मांग रहे थे, जब यह तय हो गया था कि बिहार में आरजेडी ही इस बारे में फैसला लेगा। कांग्रेस से एकतरफा प्रेम करने वाले पप्पू तब आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव और उनके बेटे तेजस्वी यादव से भी मिले। तब भाईचारगी ऐसी दिखी कि तेजस्वी यादव उन्हें बाहर तक छोड़ने आए। यानी कांग्रेस से सिग्नल मिलने के बाद उन्होंने आरजेडी से भी आश्वस्ति ले ली। निश्चिंत पप्पू पूर्णिया लौटे तो पीछे से जेडीयू छोड़ कर आईं बीमा भारती को आरजेडी ने अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया। इतना ही नहीं, पप्पू को हराने के लिए तेजस्वी यादव ने पूर्णिया में डेरा ही डाल दिया।

### ● झारखंड के बाद अब खुद को दिल्ली का बता रहे स्टार कैंपेनर

### तरफदारी करते रहे हैं पप्पू

कांग्रेस ने भले कभी पप्पू यादव को अपना नहीं माना, लेकिन वे हमेशा कांग्रेस और इंडिया ब्लाक के साथ ही खड़े दिखे। झारखंड विधानसभा चुनाव में अपने खर्चे से उन्होंने कांग्रेस और जेएमएम उम्मीदवारों का प्रचार किया तो दो दिन पहले ही उन्होंने कांग्रेस को बिना फीस वाले वकील की तरह सलाह दे डाली कि बिहार विधानसभा चुनाव का नेतृत्व कांग्रेस को करना चाहिए। उनका यह बयान तब आया, जब राहुल गांधी बिहार आकर लालू–तेजस्वी से यह जान चुके थे कि इस बार पिछली बार जितनी सीटों की उम्मीद कांग्रेस को नहीं करनी चाहिए।

## क्वाड देशों की सख्त चेतावनी से बौखलाया चीन

**लोक तंत्र की आवाज़**

**वाशिंगटन।** अमेरिका में ट्रंप सरकार के पदभार संभालने के बाद वाशिंगटन में क्वाड की पहली बैठक के दौरान भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान ने दक्षिण चीन सागर में चीन की दादागिरी को लेकर सख्त संयुक्त बयान जारी किया तो इससे बीजिंग भड़क गया। चीन के विदेश मंत्रालय ने क्वाड के संयुक्त बयान को खारिज करते हुए दक्षिण चीन सागर पर अपने दावे को बिलकुल सही करार दिया है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि इस क्षेत्र में बीजिंग की गतिविधियों पूरी तरह से वैध और उचित हैं। चीन का कहना है कि क्वाड का इस्तेमाल किसी तीसरे पक्ष को निशाना बनाने के लिए नहीं होना चाहिए।

क्वाड ने क्या दिया था संयुक्त संदेश



क्वाड (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) देशों – भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका शामिल हैं। इन सभी देशों के विदेश मंत्रियों ने मंगलवार को एक संयुक्त बयान जारी किया था, जिसमें बलपूर्वक यथास्थिति को बदलने की कोशिश करने वाली किसी भी एकतरफा कार्रवाई का कड़ा विरोध किया। साथ ही दक्षिण चीन सागर में चीन की दादागिरी को गलत ठहराया। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर, ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग और जापान के विदेश मंत्री इवाया ताकेशी के साथ शीर्ष अमेरिकी राजनयिक के रूप में अपनी पहली बहुपक्षीय बैठक की मेजबानी की थी। क्वाड देशों द्वारा जारी एक संयुक्त बयान में कहा गया, ''हमारे चार राष्ट्र इस बात पर कायम हैं कि समुद्री क्षेत्र सहित सभी क्षेत्रों में अंतरराष्ट्रीय कानून, आर्थिक अवसर, शांति, स्थिरता और सुरक्षा, हिंद प्रशांत के लोगों के विकास और समृद्धि का आधार हैं। हम बलपूर्वक या जबरदस्ती यथास्थिति को बदलने की कोशिश करने वाली किसी भी एकतरफा कार्रवाई का कड़ा विरोध करते हैं।'' ''हम बढ़ते खतरों के मद्देनजर क्षेत्रीय समुद्री, आर्थिक और प्रौद्योगिकी सुरक्षा को मजबूत करने के साथ–साथ विश्वसनीय और लचीली आपूर्ति श्रृंखलाओं को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## नागा साधुओं की धूनी का क्या है रहस्य? साधु-संत मानते हैं इसे शिव का प्रतीक

**लोक तंत्र की आवाज़**



**प्रयागराज।** नागा साधुओं का अखाड़ा महाकुंभ में चर्चा का विषय बना हुआ है। कई नागा सालों से हठ योग कर रहे हैं तो कुछ नागा अपने उपासक की भक्ति में लीन दिख रहे हैं। नागा साधुओं ने अपने–अपने शिविरों में धूनी रमा रखी है, जो अपने आप में रहस्य है। नागा अपनी धूनी को काफी पवित्र मानते हैं, उनका मानना है धूनी पंचतत्व का रूप है। नागा इसी धूनी के पास बैठकर तपस्या करते हैं। आइए जानते हैं इस धूनी का रहस्य, ।

**धूनी को मानते हैं पवित्रः** नागा साधु धूनी को भगवान भोले शंकर का प्रतीक मानते हैं, इस कारण वे किसी भी सूरत में इसे अपवित्र नहीं होने देते। नागा साधु अपने जीवन में धूनी को अलग स्थान देते हैं, इसी धूनी के सामने वह ध्यान लगाते हैं तो वही, इसी धूनी पर वे अपना भोजन भी पकाते हैं। जानकार हैरानी हो सकती है नागा अपना भोजन स्वंय पकाते हैं। इसी धूनी पर नागा की पूरी दिनचर्या आधारित रहती है। वह इसी धूनी की भस्म से अपना श्रृंगार करते हैं और तपस्या भी करते हैं।

**कुंभ तक करते हैं धूनी के सामने तपस्याः** नागा धूनी को प्रत्यक्ष देवता के रूप में मानते हैं। इनको जो भी भोग वह देते हैं। वही, वह स्वंय भी ग्रहण करते हैं। धूनी अग्नि देव का रूप भी मानी जाती है। कुंभ मेले तक वे इसी धूनी के सामने अपनी तपस्या भी करते हैं। कुंभ मेले के बाद नागा साधु वन, हिमालय आदि विरान जगहों पर चले जाते हैं। नागा इसी धूनी को भगवान शंकर का प्रतीक मानते हैं। नागा साधुओं का मानना है कि इसी धूनी के जरिए वह अपने आराध्य भगवान शंकर से जुड़े होते हैं। वे इसी धूनी के जरिए देवताओं को भोग भी लगाते हैं।

## चुनावी रैली में नहीं पहुंचे राहुल गांधी, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव बोले-उनकी तबियत है खराब

**लोक तंत्र की आवाज़**



**नई दिल्ली।** दिल्ली में विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। 5 फरवरी को मतदान किया जाएगा। वहीं 8 फरवरी को चुनाव के रिजल्ट जारी किए जाएंगे। चुनावी मैदान में इस बार भाजपा, आम आदमी पार्टी और कांग्रेस तीनों ही जोर आजमाने में लगी हुई हैं। तीनों ही पार्टियां अपनी–अपनी जीत का दावा कर रही हैं। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के नेता भी अपनी पार्टी के उम्मीदवारों के लिए चुनाव प्रचार कर रहे हैं। बुधवार को पीएम मोदी ने दिल्ली की जनता से संवाद किया था। वहीं राहुल गांधी भी लगातार कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवारों के लिए चुनाव प्रचार कर रहे हैं।

**राहुल गांधी की तबियत खराब :** लेकिन इस बीच राहुल गांधी की तबियत खराब होने की खबर सामने आई है। दरअसल दिल्ली कांग्रेस के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि आज मुस्तफाबाद में राहुल गांधी की रैली होनी थी। लेकिन राहुल गांधी की तबियत खराब होने की वजह से वह रैली में नहीं जा पाएंगे। बता दें कि राहुल गांधी का स्वास्थ्य बुधवार से ही खराब चल रहा है। दरअसल बुधवार यानी 22 जनवरी को राहुल गांधी दिल्ली के सदर बाजार विधानसभा क्षेत्र में प्रस्तावित जनसभा में नहीं जा सके थे। इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन के पास प्रस्तावित इस जनसभा को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव और पार्टी के कुछ अन्य नेताओं ने संबोधित किया।

**चुनावी रैली में नहीं पहुंचे राहुल गांधी :** सदर बाजार से दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनिल भारद्वाज उम्मीदवार हैं। देवेंद्र यादव ने इस जनसभा में कहा, ''राहुल जी तबियत खराब होने के कारण यहां नहीं पहुंच सकेंगे।'

## संक्षिप्त खबरें ।

### पराक्रम दिवस के रूप में मनाई गई नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती



**कौआकोल।** भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान सेनानी व नेताजी के नाम से प्रसिद्ध सुभाष चन्द्र बोस की 128 वीं जयंती कौआकोल प्रखण्ड में धूमधाम से मनाई गई। प्रखण्ड के बापू इंटर विद्यालय पाण्डेयगंगौट परिसर में संचालित नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय छात्रावास में विशेष कार्यक्रम का आयोजन कर नेताजी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर लोगों ने नेताजी के तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया एवं उनके पदचिन्हों पर चलने की शपथ ली। बापू इंटर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य सह छात्रावास के संचालक अजय कुमार की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नेताजी के व्यक्तिव एवं कृतित्व के बारे में विस्तार से बताया गया। संचालक अजय कुमार ने कहा कि नेताजी की जयंती प्रत्येक वर्ष पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद स्थानीय मुखिया दीपक कुमार ने कहा कि नेताजी ओजस्वी भाषणों से देश की आजादी में अग्रणी भूमिका निभाई। मौके पर वार्डन रतन कुमार समेत विद्यालय के सभी शिक्षक मौजूद थे। वहीं दूसरी ओर प्रखण्ड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय जोरावरडीह में प्रभारी प्राचार्य अरिसूदन कुमार की अध्यक्षता में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर उन्हें श्रद्धा से याद किया गया। मौके पर शिक्षक जयप्रकाश मेहता, सुरेंद्र प्रसाद आदि मौजूद थे।

### भूमि जागृति हेतु सामूहिक हवन से पूर्व श्रमदान द्वारा मंदिर परिसर की सफाई



**नरहट ।** श्री लक्ष्मी नारायण बाबा बर मंदिर के भव्य निर्माण कार्य का शुभारंभ 7 फरवरी 2025 को भूमिपूजन समारोह के साथ किया जाएगा। इस शुभ अनुष्ठान से पूर्व, रविवार, 26 जनवरी 2025 को भूमि जागृति हेतु सामूहिक हवन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कमिटी के अध्यक्ष संतोष कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि जो भी श्रद्धालु इस पावन हवन में भाग लेना चाहें, वे रविवार सुबह 9 बजे स्नान कर मंदिर परिसर में उपस्थित हों। जो श्रद्धालु हवन में आहुति देना चाहते हैं, वे शनिवार, 25 जनवरी 2025, दोपहर 1 बजे तक अपना नाम समिति कार्यालय में दर्ज करवा लें, ताकि हवन सामग्री की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। इस पावन हवन की तैयारी के लिए आज मंदिर परिसर की सफाई का कार्य जनभागीदारी से श्रमदान द्वारा संपन्न किया गया। ग्रामवासियों ने इस पुण्य कार्य में पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। सर्वेश सिंह, सचिव महोदय ने समस्त ग्रामीणों से आग्रह किया कि हवन के पश्चात मंदिर परिसर में किसी भी प्रकार का सामान, कृषि यंत्र, वाहन, ट्रैक्टर, गोबरझ्रगन्नौरा आदि न रखें। उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि यदि उनका कोई भी सामान मंदिर परिसर में स्थित है, तो उसे शीघ्र हटा लिया जाए और मंदिर निर्माण कार्य में पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाए। इसके अतिरिक्त, मंदिर परिसर में स्थित 50-60 वर्ष पुराना निष्प्रयोज्य बोरिंग भवन को हटाने के संबंध में ढलृएऊ(लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग) के अधिकारियों से संपर्क किया गया है। शीघ्र ही इसे तोड़ने की अनुमति प्राप्त करने हेतु आधिकारिक पत्र प्रेषित किया जाएगा।

# सुभाष चंद्र बोस भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के एक अद्वितीय नेता और प्रखर राष्ट्रभक्त थे

लोकतंत्र की आवाज़

डॉ. मिश्रा ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के साहस और पराक्रम की महत्ता पर प्रकाश डाला है



**गया।** सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष के कार्यालय नूतन नगर कालीबाड़ी गया में जयंती मनाया गया इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनीष पंकज मिश्रा सहित अन्य लोगों ने उनके चित्र पर माला और पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई है। इस अवसर पर डॉ. मिश्रा ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के साहस और पराक्रम की महत्ता पर प्रकाश डाला है। उन्होंने कहा कि सुभाष चंद्र बोस भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के एक अद्वितीय नेता और प्रखर राष्ट्रभक्त थे, जिन्होंने अपने अदम्य साहस, संकल्प और दूरदर्शिता से स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी।नेताजी का जीवन प्रेरणादायक था। उन्होंने भारतीय सेना के निर्माण और ₹आजाद हिंद फौज₹ के गठन के माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम को सैन्य शक्ति प्रदान की है। उनका नारा ₹तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा₹ आज भी हर भारतीय के हृदय में गूंजता है। यह केवल एक नारा नहीं था, बल्कि यह उनके अडिग विश्वास और स्वतंत्रता प्राप्ति के प्रति उनकी असीम निष्ठा का प्रतीक था।इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस ने देश के युवाओं में जोश और प्रेरणा का संचार किया है। उन्होंने अपने जीवन और संघर्ष के माध्यम से यह सिखाया कि देश के लिए सर्वोच्च बलिदान भी कम है। उनका जीवन हमें यह संदेश देता है कि साहस, पराक्रम और देशभक्ति से असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है नेताजी का जीवन प्रत्येक भारतीय को अपने कर्तव्यों के प्रति सजग और समर्पित रहने की प्रेरणा देता है। आज के जयंती कार्यक्रम में कला देवी, अर्णव पांडे ,भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता जिला महामंत्री गोपाल प्रसाद यादव भाजपा नेता राणा रणजीत सिंह भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर, सुनील बंबईया दीपक पांडे चीनू मिश्रा महेश यादव मंटू कुमार सुनील कुमार सिन्हा बबलू गुप्ता सहित अन्य लोगों उपस्थित होगा श्रद्धासुमन सुबोध अर्पित किए हैं।

## दायबिगहा स्कूल में मनाई गई नेता जी सुभाष चन्द्र की जयंती

लोक तंत्र की आवाज



**नरहट।** गुरुवार को उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय दाई बिगहा नरहट में विद्यालय परिवार द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती धूमधाम से मनाई गई। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक संजय कुमार समेत विद्यालय परिवार द्वारा नेता जी सुभाष चंद्र बोस के तैल चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों को नेताजी सुभाष चंद्र बोस के बारे में विस्तार से चर्चा किए और बच्चे को उनके मार्गदर्शन पर चलने के लिए प्रेरित किया। प्रभारी प्रधानाध्यापक ने कहा कि भारत की आजादी में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। देशभक्ति का जज़्बा व जोश से भर देने वाले नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती 23 जनवरी को मनाई जाती है। मंच संचालन स्नातक शिक्षक पंकज कुमार ने की। मौके पर विद्यालय के शिक्षक संजय कुमार, चंदन कुमार गुप्ता ,मनीष कुमार आशुतोष कुमार, सरोज पाठक, अब्दुल कादिर, जितेंद्र कुमार, शिक्षिका रानी कुमारी, इभा, श्वेता कुमारी, राधा कुमारी, अलका सिन्हा, कुमारी सुरभि प्रिया, नेहा कुमारी, आशना बानो, स्वर्णलता कुमारी ने बच्चों को संबोधित किए और सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## बस से स्प्राइट के बोतल में देशी बंगाली शराब ले जा रहा युवक गिरफ्तार, जेल




लोकतंत्र की आवाज

राजेश कुमार सिन्हा

**रजौली।** थाना क्षेत्र के चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर उत्पाद बलों ने बस से स्प्राइट के बोतल में देशी बंगाली शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि जांच चौकी प्रभारी सह उत्पाद एसआई बब्लू कुमार ने हावड़ा से बिहार को जाने वाली एक विंध्यवासिनी नामक एक बस के जांच के दौरान एक व्यक्ति के पास से 750 एमएल वाले दो स्प्राइट के बोतलों में रहे कुल 1.5 लीटर देशी बंगाल निर्मित शराब बरामद किया गया है।वहीं शराब के साथ गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान नवादा जिले के कौआकोल थाना क्षेत्र के इटपकवा गांव निवासी दरबारी यादव के पुत्र अनिल यादव के रूप में हुई है। वहीं दूसरी ओर जिले के उत्पाद टीम ने शराब से भरी लग्जरी कार संख्या जेएच01बीके6388 को देर रात खदेड़कर करीगांव स्थित टोल प्लाजा के समीप पकड़ा।हालांकि कार चालक अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा।उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि टवेरा नामक लग्जरी कार से शराब की खेंप को लेकर गुप्त सूचना मिली।सूचना के आलोक में उत्पाद टीम में उत्पाद एसआई रूपेश कुमार,एएसआई राज किशोर व एएसआई अर्चना सिंह ने जब रजौली कि ओर से आ रही कार को रुकने का इशारा किया,तो कार चालक ने कार को पुनः रजौली की तरफ मोड़कर भागने का प्रयास किया गया,जिसका पीछा उत्पाद बलों द्वारा किये जाने पर भाग रहे कार चालक ने खेत में कार को उतारकर भाग खड़ा हुआ।वहीं उत्पाद बलों ने कार की जांच किया,तो कार से 36 कार्टूनों में बन्द 750 एमएल वाले ओल्ड मॉन्क ट्रिपल एक्स रम नामक विदेशी शराब के 432 बोतल बरामद किया गया।उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि जब्त शराब की मात्रा 324 लीटर है एवं किसी भी बोतल पर तिथि और बैच संख्या अंकित नहीं है।इससे स्पष्ट होता है कि बरामद शराब नकली रूप से पैक किया गया है।उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि जब्त शराब, फरार कार चालक एवं वाहन स्वामी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है।वहीं बंगाल निर्मित देशी शराब के साथ गिरफ्तार युवक को गुरुवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। जांच के मौके पर उत्पाद सिपाही, सैप बल एवं गृह रक्षक के जवान शामिल थे।

## 251 जोड़ों के सामूहिक विवाह के लिए भव्य पंडाल निर्माण हेतु भूमि पूजन संपन्न

लोकतंत्र की आवाज़

**गया।** मुख्यालय के दानरी नदी छठ घाट पर आगामी 19 फरवरी को आयोजित होने वाले 251 जोड़ों के सामूहिक विवाह समारोह की तैयारियों का शुभारंभ भूमि पूजन के साथ हुआ है। कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के सचिव विकास माली ने विधि-विधान से भूमि पूजन कर कार्यक्रम की सफलता के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। माली ने बताया कि सामूहिक विवाह समारोह के लिए भव्य पंडाल का निर्माण कार्य आरंभ हो गया है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल गढ़वा, बल्कि पूरे झारखंड के लिए एक अनूठा और ऐतिहासिक कार्यक्रम होगा। पंडाल के भीतर हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि लड़का-लड़की पक्ष सहित समाज के अन्य सभी आगंतुकों को कोई असुविधा न हो।उन्होंने यह भी बताया कि इस कार्यक्रम में लाखों की भीड़ जुटने की संभावना है। इसके लिए उनकी पूरी टीम दिन-रात व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने में जुटी हुई है। आयोजन स्थल पर सुरक्षा, आवास, और भोजन जैसी सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। माली ने सभी नागरिकों से इस कार्यक्रम में शामिल होने की अपील करते हुए कहा, ₹यह केवल एक विवाह समारोह नहीं, बल्कि समाज के गरीब और असहाय परिवारों के लिए मदद का अवसर है। आइए, इस शुभ अवसर पर पहुंचकर वर-वधू को आशीर्वाद दें और इस ऐतिहासिक आयोजन का हिस्सा बनें।₹कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी की यह पहल समाज में सामूहिकता और मानवता का संदेश देने का एक प्रेरणादायक प्रयास है।

## अपहरण और फिरौती कांड का अपहरणकर्ता गिरफ्तार, अपहृत को 02 घंटे के अंदर पुलिस ने सकुशल बरामद

लोक तंत्र कीआवाज

सुनील कुमार




**नवादा।** बुधवार को अपहरण और फिरौती कांड का एक अपहरणकर्ता को पुलिस ने गिरफ्तार किया है ,वहीं अपहृत को भी 02 घंटे के अंदर पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है। बताते चलें कि नगर थाना में एक महिला के द्वारा सूचना मिली कि उसके पति का अपहरण कर लिया गया है एवं फिरौती के तौर पर 5 लाख 50 हजार रुपए की मांग कर रहा है एवं नहीं देने पर जान से मारने की धमकी भी दे रहा है।
उल्लेखनीय है कि महिला के द्वारा 01 लाख 99 हजार 500 रुपए पति के छोड़ने के आलोक में दे दिया गया था। प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज कर अपहृत की बरामदगी एवं अभियुक्त के गिरफ्तारी हेतु विभिन्न जगहों पर छापेमारी शुरू की गई। तकनीकी अनुसंधान एवं ह्यूमन इंटेलिजेंस के आधार पर घेराबंदी कर 02 घंटे के अंदर अपहृत व्यक्ति को सकुशल बरामद किया गया एवं कांड में संलिप्त 01 अभियुक्त को कन्हाई नगर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को थाना परिसर लाया गया एवं उनसे पूछताछ की गई। उन्होंने अपने स्वीकारोक्ति बयान में अपना अपराध स्वीकार किया तत्पश्चात उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम मुकेश कुमार पिताअरूण कुमार सिंह है ,जो नगर थानाक्षेत्र के कन्हाय नगर निवासी हैं।

## बच्चों ने धूमधाम से मनाई नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 127 वीं जयंती

लोकतंत्र की आवाज

● नेताजी के जादुई नारे आज भी युवाओं का है प्रेरणास्रोत: संचालक सह प्रधानाध्यक सोमनाथ



राजेश कुमार सिन्हा

**रजौली।** प्रखण्ड क्षेत्र के हरदिया पंचायत के चिरैला स्थित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय छात्रावास में सुभाष चंद्र बोस को याद करते हुए उनकी 127 वीं जयंती धूमधाम से मनाई। प्रधानाध्यक सोमनाथ ने बताया कि असाधारण प्रतिभा के धनी सुभाष चंद्र बोस का जन्म 1897ई. में वर्तमान समय के ओडिशा के कटक में हुआ था।नेताजी के जन्म दिवस पर वर्तमान केन्द्र सरकार द्वारा इसे पराक्रम दिवस के रूप में मनाए जाने की घोषणा की जा चुकी है।इस साल देश 76वां गणतंत्र दिवस मनाएगी। उन्होंने कहा कि नेताजी की देशभक्ति कॉलेज से ही शुरु हो गयी थी। नेताजी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के दो बार अध्यक्ष भी चुने गए,जिससे करिश्माई नेतृत्व और दूरदर्शिता सोच ने राष्ट्रीय आंदोलन में नई गतिशीलता ला दी।स्वतंत्रता प्राप्त करने के साधन के रूप में सशस्त्र संघर्ष में नेताजी के अटूट विश्वास और अदम्य शक्ति हमें आत्मनिर्भर बने की प्रेरणा देती है।उनका सपना था कि भारत को आजादी के साथ-साथ आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और सामाजिक रूप से समतावादी भी हो।धर्मनिरपेक्षता और महिला सशक्तिकरण पर उनके विचार अपने समय से बहुत आगे थे। नेताजी ने कैप्टन मोहन सिंह द्वारा स्थापित आज़ाद हिंद फ़ौज की कमान संभाले।साथ ही उनके कुछ जादुई नारे ₹तुम मुझे खून दो₹, ₹मैं तुम्हें आज़ादी दूंगा₹, ₹दिल्ली चलो₹, ₹जय हिंद₹,₹आज़ाद हिंद फ़ौज के लिए चढ़ो₹ जैसे नारे आज भी युवा को प्रेरणा देती है।इस शुभ अवसर पर छात्रों के बीच छात्रावास प्रबंधक सुनील कुमार के देख-रेख में भाषण,संगीत, खेलकूद एवं दौड़ आदि की प्रतियोगिता भी कराई गई।वहीं प्रधानाध्यापक ने बताया कि वर्तमान भारत सरकार द्वारा समग्र शिक्षा अभियान के तहत राज्यों के पिछड़ा वंचित क्षेत्र में नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय छात्रावास खोला गया है।इस छात्रावास में अपवंचित वर्ग में घुमंतू,भीख मांगने वाले,कूड़ा बीनने वाले,बीपीएल कार्ड धारक एवं बेसहारा अनाथ बच्चों को रखा जाता है।इन बच्चों केबलिए शिक्षा के पाठ्य पुस्तकों, यूनिफार्म,बिस्तर,फर्नीचर,खेल एवं शिक्षण सामग्री आदि दी जाती है।इस मौके पर पूर्व संचालक राजीव कुमार, छात्रावास प्रबंधक सुनील कुमार, शिक्षक, सौरव यादव,राजकुमार साव, रात्रि प्रहरी रविंद्र कुमार के अलावे सभी छात्रगण उपस्थित थे।

## जोगियामारण के सरकारी विद्यालय में लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर ,दर्जनों छात्र-छात्राएं हुए लाभान्वित

लोकतंत्र की आवाज




राजेश कुमार सिन्हा

**रजौली।** प्रखण्ड क्षेत्र के जोगियामारण गांव स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में एकदिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हैंड इन हैंड एवं जॉकनिक फाउंडेशन के सौजन्य से लगाया गया।इस दौरान शिविर में चिकित्सक डॉ. अभिजीत रॉय, प्रधानमंत्री जन औषधि संचालक गुरुदेव प्रसाद एवं हैण्ड इन हैण्ड इंडिया उप परियोजना प्रबंधक रूपेश कुमार मौजूद रहे।परियोजना प्रबन्धक ने बताया कि हैण्ड इन हैण्ड इंडिया विगत कई वर्षों से बिहार एवं झारखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर का अयोजन करते आ रही है।संस्था स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित क्षेत्रों में उचित स्वाथ्य सेवाओं के साथ साथ उचित दवाईयां भी उपलब्ध करवाते आ रही है।स्वास्थ्य शिविर में महिलाओं और बच्चे का शारीरिक वजन व रक्तचाप जांच किया गया।साथ ही साथ चिकित्सक द्वारा उचित प्रामर्श एवं दवाइयां उपलब्ध करायी गई।विशेष आवश्यकता वाले किशोरियों महिलाओं एवं बच्चों के बीच पोषण पाउडर व सेनेटरी पैड उपलब्ध कराया गया।वहीं गंभीर रोगियों को रेफर भी किया गया।शिविर मे चिकित्सक द्वारा लोगों से उचित जीवन शैली अपनाने के विषय पर भी जागरूक किया गया,जिसमें प्रतिदिन दस हजार कदम चलना, पानी उबालकर पीना,अपने खानपान में नियमित हरी साग सब्जियों का इस्तेमाल करना इत्यादि शामिल है।शिविर को सफल बनाने में हैण्ड इन हैण्ड इंडिया के अकाउंटेंट सह एमआईएस सुमंत कुमार सिंह, एमआईएस रितेश कुमार, जितेंद्र कुमार, संतोष कुमार, आनंदी कुमारी, गुड्डू कुमार एवं मोबिलाइजर सुमित्रा कुमारी ने अहम भूमिका निभाई।

## रजौली : गणतंत्र दिवस के पूर्व रंगोली एवं वाच्य प्रतियोगिता का आयोजन, दर्जनों छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिता में लिया हिस्सा

लोकतंत्र की आवाज

राजेश कुमार सिन्हा

**रजौली।** प्रखण्ड कार्यालय परिसर स्थित सभागार में गणतंत्र दिवस के पूर्व रंगोली एवं वाच्य प्रतियोगिता का आयोजन बीडीओ संजीव झा के नेतृत्व में किया।इस दौरान डीसीएलआर प्रमोद कुमार,सीओ मो. गुफरान मजहरी,प्रोजेक्ट इंटर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक सुबोध कुमार एवं पूर्व प्रधानाचार्य अनिल कुमार भी मौजूद रहे।पूर्व प्रधानाध्यापक अनिल कुमार ने बताया कि रजौली एसडीओ आदित्य कुमार पीयूष के निर्देशानुसार प्रखण्ड सभागार में वर्ग 6 से लेकर वर्ग 10 तक की छात्राओं के लिए रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। साथ ही वर्ग 6 से वर्ग 8 में संविधान के अमृत काल नामक विषय पर भाषण एवं वर्ग 9 से वर्ग 10 के लिए सड़क सुरक्षा व जागरूकता नामक विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था।वर्ग 9 से वर्ग 10 में वाच्य प्रतियोगिता में डीएवी रजौली की छात्रा अंशु कुमारी ने प्रथम स्थान एवं कहकशा ने द्वितीय स्थान प्राप्त की।रंगोली प्रतियोगिता में डीएवी स्कूल की छात्रा चांदनी कुमारी ने प्रथम स्थान एवं रिद्धि कुमारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त की।इस प्रतियोगिता में रजौली इंटर स्कूल,प्रोजेक्ट कन्या इंटर स्कूल,राजकीय कन्या मध्य विद्यालय,साउथ सिटी इंटरनेशनल स्कूल एवं डीएवी के दर्जनों छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। मौके पर इंटर विद्यालय के शिक्षक त्रिवेणी प्रसाद,संजीव कुमार रंजन,कस्तूरबा की वार्डन रेखा कुमारी,कन्या मध्य विद्यालय से शिक्षिका दीपमाला सहित गणमान्य लोग उपस्थित थर। पूर्व प्रधानाध्यापक ने बताया कि विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को गणतंत्र दिवस के मौके पर 26 जनवरी को इंटर विद्यालय के प्रांगण में झंडोत्तोलन के बाद एसडीओ आदित्य कुमार पीयूष एवं एसडीपीओ गुलशन कुमार के द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा।



## अनुमंडलीय अस्पताल रजौली गेट के सामने कूड़े में मिला एक्सपायरी दवाई

लोक तंत्र की आवाज



**रजौली ।** अनुमंडलीय अस्पताल में गुरुवार को एक कार्टन में दर्जनों दवाईयां फेंका मिला है।सभी दवाइयां का एक्सपाइरी डेट खत्म हो चुका है।दवाइयां फेंकी जाने की जानकारी मिलते ही स्वास्थ्य महकमे में खलबली मच गई।स्वास्थ्य महकमा जांच कर कार्रवाई करने की बात कह रहें है।दरअसल एक ग्रामीण की नजर फेंकी दवाइयां पर पड़ी।दवाइयां देख लोग आश्चर्य चकित हो गए।ग्रामीणों में तरह-तरह की चर्चा हो रही है।अनुमंडलीय अस्पताल में डाक्टर व नर्स मरीजों को कहते हैं की दवा उपलब्ध नहीं है।बाहर से खरीदकर ले आइए।वहीं दवा जब एक्सपायर हो जाती है तो फेंक दे रहें हैं।लोगों की मानें तो ये सभी दवाइयां अस्पताल में वितरण किया जाना था।प्राप्त जानकारी के मुताबिक जो भी दवाइयां एक्सपायर होती है।उन दवाइयों की लिस्ट बनाकर सीएस को सौंपी जाती है।उसके बाद उन दवाइयों को बायोवेस्ट के साथ रख जाती है।जिससे इन दवाइयों का विनष्टीकरण करवाया जा सके।इधर अस्पताल ने लापरवाही पूर्वक कूड़ा में फेंक दिया।जो की नियम विरूद्ध है।

**क्या कहते हैं,प्रभारी उपाधीक्षक:** अनुमंडलीय अस्पताल रजौली के प्रभारी उपाधीक्षक डॉ दिलीप कुमार ने कहा कि दवा भंडारण रजिस्टर से लेकर दवा उठाव रजिस्टर की जांच की जा रही है।अस्पताल में पदस्थापित सभी एएनएम से जवाब तलब किया गया है।जांच के बाद दोषी कर्मियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें ।

### डीएम ने कार्यालय मे जनसुनवाई कर आम नागरिकों की समस्याएं सुनी त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश



**उरई।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जिलाधिकारी कार्यालय में जनसुनवाई कर नागरिकों की समस्याएं गंभीरतापूर्वक सुनकर उनके त्वरित समाधान के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनसुनवाई में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी शिकायतें और समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कीं। जिलाधिकारी ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को नियमित रूप से जनता के साथ संवाद स्थापित करने और उनकी समस्याओं को गंभीरता से लेने के निर्देश दिए।

### बेसहारा वृद्धों को महाकुंभ में स्नान कराएगी योगी सरकार समाज कल्याण विभाग ने हर जिले से मांगी लिस्ट



रत्ना

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने एक अनोखी पहल की है जिसमें वृद्धाश्रमों में रहने वाले बेसहारा वृद्धजनों को महाकुंभ का स्नान कराने का फैसला किया गया है। समाज कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों में संचालित वृद्धाश्रमों में रहने वाले वृद्धजनों की सूची तैयार कर रहा है और उनकी यात्रा स्नान ठहरने और देखभाल के लिए विभाग ने बजट आवंटित कर दिया है।समाज कल्याण विभाग के प्रदेश में संचालित वृद्धाश्रमों में रहने वाले बेसहारा वृद्धजनों को महाकुंभ का स्नान कराया जाएगा। उनके जिले से महाकुंभ जाने-आने के लिए ट्रांसपोर्ट, खानपान और ठहरने के साथ स्नान की व्यवस्था समाज कल्याण विभाग करेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सभी जिलों के वृद्धाश्रमों की एक सूची बनाई जा रही है। कुछ जिलों से सूची समाज कल्याण निदेशालय को भेज भी दी गई है।

### तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा', पूरे देश के लिए मूलमंत्र बन गया ये नारा; पराक्रम दविस पर बोले सीएम योगी

रत्ना



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को परिवर्तन चौक हजरतगंज में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर आयोजित पराक्रम दिवस को संबोधित कयिा। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारे सामने जाति मत मजहब क्षेत्र और भाषा की चुनौतियां हैं। इससे ऊपर उठकर हर नागरिक का एक ही धर्म होना चाहिए और वह राष्ट्रधर्म ही है। सीएम योगी आदत्यिनाथ ने कहा कि हमारे सामने जाति, मत, मजहब, क्षेत्र और भाषा की चुनौतियां हैं। इससे ऊपर उठकर हर नागरिक का एक ही धर्म होना चाहिए और वह है राष्ट्रधर्म। इसकी प्रेरणा नेताजी सुभाष चंद्र बोस के महान व्यक्तित्व से मिलती है।आपको बता दें कि योगी आदित्यनाथ गुरुवार को परिवर्तन चौक, हजरतगंज में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर आयोजित पराक्रम दिवस को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

# सुभाष चंद बोस की जयंती पर जनपद में 101 किमी की मानव श्रृंखला का निर्माण एवं सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाईः डीएम, एसपी

लोकतंत्र की आवाज





**उरई ।** सड़क सुरक्षा के प्रति आमजनमानस में जागरूकता लाये जाने हेतु गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में 101 किलोमीटर की मानव श्रृंखला का निर्माण एवं सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई गई। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार ने शासन के निर्देश पर नेता सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर सड़क सुरक्षा के अंतर्गत इंदिरा स्टेडियम से लेकर टाउन हॉल तक लगभग 3:30 किलोमीटर कि मानव श्रृंखला बनाई गई। उन्होंने कहा कि तहसील स्तर पर ब्लॉक स्तर पर आदि विभिन्न स्थानों पर लगभग 101 किलोमीटर की मानव श्रृंखला बनाई गई। लोगों को यातायात नियमों और सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। बनाई गई मानव श्रृंखला में छात्र-छात्राओं द्वारा हाथों में स्लोगन लेकर यातायात को लेकर आम जनमानस को जागरूक किया। जिलाधिकारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशों के क्रम में मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को दुर्घटना से बचने के लिए और यातायात नियमों के प्रति उनको जागरूक करने के लिए ऐतिहासिक मानव श्रृंखला बनाई गई जो यातायात नियमों और सुरक्षा के प्रति जनपद ने संदेश दिया है, निश्चित रूप से आने वाले समय में दुर्घटनाओं में कमी आएगी। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने सड़क सुरक्षा को लेकर एक महत्वपूर्ण अपील की है कि वाहन चालकों से अपील की है कि वे सड़क पर अपनी सुरक्षा के प्रति जिम्मेदार बने और यातायात नियमों का पालन करें। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से दो पहिया और चार पहिया वाहन चलाने वालों को सलाह दी कि वे सुरक्षा के मानकों का सख्ती से पालन करें। जिलाधिकारी ने कहा, ₹दो पहिया वाहन चलाते समय स्वयं और पीछे बैठे व्यक्ति को इक्र मानक वाले हेलमेट पहनना अनिवार्य है।₹ इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाना हमेशा सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी जोर दिया कि वाहन चालकों को लेन ड्राइविंग के नियमों का पालन करना चाहिए और तेज रफ्तार से वाहन न चलाने की सलाह दी। ₹गलत दिशा में वाहन चलाना दुर्घटनाओं का कारण बन सकता है। मोबाइल फोन का प्रयोग और शराब या नशे की हालत में वाहन चलाने से बचने की भी अपील की गई। ₹सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की मदद करना हमारा कर्तव्य है, इसलिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे सुरक्षित और सावधानीपूर्वक वाहन चलाएं, क्योंकि ₹घर पर आपके बच्चे इंतजार कर रहे हैं, इसलिए हमेशा अपने परिवार की सुरक्षा को ध्यान में रखें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी नेहा ब्याडवाल, क्षेत्राधिकारी अर्चना सिंह, संभागीय परिवहन अधिकारी राजेश कुमार, सुरेश कुमार, विनय कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक राजकुमार पंडित, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी चंद्र प्रकाश, प्रबंधक, प्राचार्य, शिक्षक, समाजसेवी आदि मौजूद रहे।

## धोखाधड़ी में दो सगे भाइयों पर मुकदमा दर्ज करने का आदेश



लोक तंत्र कीआवाज

**रत्ना शुक्ला**

**वाराणसी।** सिविल जज (जू० डि०) जे.एम (द्वितीय) शक्ति सिंह की अदालत ने कूटरचित व धोखाधड़ी के मामले में महीप सिंह व मनमोहन सिंह के विरुद्ध आदमपुर थानाध्यक्ष को मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। आवेदक सुनील कुमार ने अपने अधिवक्ता अभिषेक कुमार दुबे के माध्यम से कोर्ट में बीएनएनएस कीधारा 173 (4) के तहत प्रार्थना पत्र दिया था। आवेदक का आरोप है कि उसने व्यवसाय के कार्य में महीप सिंह व मनमोहन सिंह, जो सगे भाई हैं और आभूषण बनाने का कार्य करते हैं, को बतौर कारीगर 354 ग्राम सोना आभूषण बनाने के लिये कई भाग में दिये थे, मगर विपक्षीगण कोई आभूषण नहीं दिये न ही सोना वापस किये, मांगने पर बराबर टालमटोल करते रहते थे। प्रार्थी ने पूर्व में इसकी शिकायत थाने पर किया तो उपरोक्त विपक्षीगणः 354 ग्राम सोना डेढ़ वर्ष के अन्दर देने का वायदा किये थे। प्रार्थी को विपक्षीगण ने कोई सोना वापस नहीं किया, बल्कि कागजात जो सोने की लिखा-पढ़ी के थे, उनके फोटोस्टेट कागजात, जो विपक्षीगण के पास थे, उसमें फर्जी कूटरचना करके लोगों को अपना ही माल बताने लगे, जिसके बाबत प्रार्थी द्वारा पूछताछ करने पर माँ-बहन की भद्दी-भद्दी गाली देने लगे और प्रार्थी को उपरोक्त कूटरचित फर्जी कागज देकर बोले कि जो करना है कर लो, अब तुम्हारा सोना वापस नहीं करेंगे। घटना के वक्त मौके पर विजय, अंजय व रमेश मौजूद थे, उन लोगों के सामने विपक्षीगण ने प्रार्थी को जान से मारने की धमकी भी दिया। प्रार्थी ने थाना-आदमपुर पर जाकर उपरोक्त फर्जी व कूटरचित कागज को भी दिखाया, कोई कार्यवाही नहीं होने पर पुलिस आयुक्त को 30जुलाई 2024 को रजिस्टर्ड पत्र प्रेषित किया, मगर आज तक मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। तक थक हार कर न्यायालय की शरण ली।

## नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर डी एम, एस पी ने याता यात नियमों के प्रित पैदल मार्च कर जागरूक किया



लोक तंत्र की आवाज

**उरई जालौन ।** नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जी की जयंती के अवसर पर सड़क सुरक्षा अभियान के अन्तर्गत जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक जालौन डा दुर्गेश कुमार, द्वारा पैदल मार्च कर नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया एवं यातायात के नियमों के पालन हेतु शपथ दिलाई गई, इस मौके पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नेहा व्याडवाल, क्षेत्राधिकारी सिटी अर्चना सिंह सहित पुलिस बल व अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## माधौगढ़ विधायक ने असहायों के बीच किया कंबल का वितरण

लोकतंत्र की आवाज



**रामपुरा जालौन।** विकास खंड रामपुरा की ग्राम पंचायत टीहर व धर्मपुरा जागीर में कंबल वितरण समारोह आयोजित कर गरीब, असहाय, विधवा विकलांगों के बीच कम्बल का वितरण किया गया। समारोह की अध्यक्षता माधौगढ़ विधायक मूलचंद्र निरंजन ने भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुवात की गई मौके पर विधायक मूलचंद्र निरंजन ने कहा कि कड़ाके की इस ठंड में गरीबों, असहायों को वस्त्र देना सबसे पुण्य कार्य है। उन्होंने कहा कि इस पुण्य कार्य में ग्राम प्रधानों का एक विशेष सहयोग मिल रहा है।कार्यक्रम के पश्चात विधायक माधौगढ़ मूलचंद्र निरंजन ने टीहर गौशाला पहुंचकर गौवंश को गुड़ और चना खिलाया एवं जानकारी देते हुए बताया सरकार की ओर से दी जा रही विकास योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है उन्होंने कहा कि ग्रामीण आवास योजना, शौचालय निर्माण, उज्ज्वला गैस योजना, आयुष्मान कार्ड, पेंशन योजना, किसान सम्मान निधि, फॉर्मर रजिस्ट्री के तहत लाभुकों को सीधा लाभ दिया जा रहा है तथा गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों से अपील करते हुए कहा कि किसी कारण अगर कोई आयुष्मान कार्ड से वंचित और बीमारी से पीड़ित है।अपने कागज साथ में लेकर आए। विगत सत्र में क्षेत्रीय लोगों की करीब एक करोड़ रुपए से मरीजों की मदद कर चुके है।दोनों ग्राम पंचायत में करीब दो सैकड़ा से अधिक कंबलों का वितरण किया गया।मंच का संचालन शिवकुमार गौर के द्वारा किया गया। उक्त मौके पर नायब तहसीलदार वैभव कुमार, माधौगढ़ विधायक मूलचंद्र निरंजन, विधायक प्रतिनिधि महेश सिंह राजावत, माटी कला बोर्ड के सदस्य नरेंद्र प्रजापति, प्रधान टीहर प्रदीप गौरव, प्रधान धर्मपुरा जागीर अवनीश यागिक, सचिव केशवकांत त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष संतोष प्रजापति, पंचायत सहायक कौशल वर्मा, पंचायत मित्र बंटी चंसौलिया, लेखपाल योगेंद्र कुमार सहित दोनों ग्राम पंचायतों में ग्रामीण मौजूद रहे।

# धोखाधड़ी कर 1.13 करोड़ रुपए हड़पने के मामले में व्यवसाई दंपति की अंतरिम अग्रिम जमानत अर्जी खारिज

लोक तंत्र की आवाज



**रत्ना शुक्ला**

**वाराणसी।** धोखाधड़ी कर माल बिक्री का 1.13 करोड़ रुपए हड़पने के मामले में आरोपित दंपति को कोर्ट से राहत नहीं मिली। विशेष न्यायाधीश (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम चतुर्थ) रविन्द्र कुमार श्रीवास्तव की अदालत ने लंका निवासी शरद भार्गव व उसकी पत्नी ऋचा भार्गव की अंतरिम अग्रिम जमानत अर्जी सुनवाई के बाद खारिज कर दी। साथ ही नियमित अग्रिम जमानत अर्जी पर सुनवाई के लिए अगली तिथि 27 जनवरी नियत कर दी। अदालत में अग्रिम जमानत अर्जी का विरोध वादी के अधिवक्ता अनुज यादव, आनंद तिवारी पंकज व नरेश यादव ने किया। अभियोजन पक्ष के अनुसार संत रघुवर नगर कालोनी, महमूरगंज निवासी शंकर तोदी ने चेतगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप था कि वह अपने और अपने भाइयों अनिल तोदी व अनूप तोदी के साथ मिलकर कम्प्यूटर, प्रिन्टर, काटेज एवं एसेसरिज का होलसेल सप्लायर है। इस दौरान लंका स्थित विनायका रेजीडेंसी निवासी शरद भार्गव व उसकी पत्नी ऋतु भार्गव ने अपने फर्म रितु कम्प्यूटर एण्ड स्टेशनरी, नरायण कटरा, नीचीबाग एवं इनकी पत्नी रिचा भार्गव अपने एक अलग फर्म दुर्गा ट्रेडिंग कम्पनी के लिए उसकी फर्म से विभिन्न तिथियों पर रितु कम्प्यूटर एण्ड स्टेशनरी के मांग के आधार पर सप्लाई किया जाता रहा। इसी तरह सालभर बीत जाने पर आरोपितों की फर्म रितु कम्प्यूटर एण्ड स्टेशनरी पर क्रेडिट बैलेंस 44,37,291.00 रु शेष रह गया तो प्रार्थी ने इसके भुगतान को कहा। जिसपर आरोपितों ने जल्द भुगतान करने का आश्वासन देकर माल सप्लाई जारी रखने का निवेदन किया। उनके निवेदन पर पुनः वादी ने उन्हें माल भेजना शुरू किया, लेकिन आरोपितों ने पेमेंट नहीं किया और उनके ऊपर कुल 11331917.00 रुपए बकाया हो गया। इसपर जब वादी ने अपने बकाया भुगतान करने को कहा तो वे लोग गलियां देते हुए जान से मरवाने की धमकी देने लगे। इस मामले में पुलिस ने दंपति के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# उरई : जिलाधिकारी ने राज्य सरकार द्वारा निर्माण श्रमिकों के लिए चलाई महात्मा गांधी पेंशन योजना

लोकतंत्र की आवाज



**उरई।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा निर्माण श्रमिकों के लिए चलाई जा रही महात्मा गांधी पेंशन सहायता योजना उनके भविष्य को सुरक्षित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस योजना के तहत, निर्माण श्रमिकों को 60 वर्ष की आयु पूर्ण करने के बाद आजीवन मासिक पेंशन का लाभ प्रदान किया जाता है। इस योजना का लाभ उठाने के लिए श्रमिकों को योजना में पंजीकरण कराना आवश्यक है। पंजीकृत श्रमिकों को अपने कार्यकाल के दौरान लगातार 10 वर्षों तक अंशदान जमा करना होगा। अंशदान की यह निरंतरता सुनिश्चित करती है कि श्रमिक को सेवानिवृत्ति के बाद रु० 1000/- प्रति माह की पेंशन प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि यह योजना न केवल श्रमिकों के आर्थिक भविष्य को सुरक्षित बनाती है, बल्कि उनके जीवन स्तर में सुधार लाने का भी प्रयास करती है। पेंशन का यह प्रावधान श्रमिकों को उनकी वृद्धावस्था में आत्मनिर्भर बनाएगा और उन्हें किसी पर निर्भर रहने की आवश्यकता नहीं होगी। उन्होंने बताया कि सरकार का यह प्रयास श्रमिक वर्ग के प्रति उसकी संवेदनशीलता को दर्शाता है। इसके माध्यम से न केवल श्रमिकों को आर्थिक सुरक्षा मिलेगी, बल्कि समाज में उनकी भूमिका को भी सम्मानित किया जाएगा। जो श्रमिक इस योजना का लाभ उठाना चाहते हैं, वे जल्द से जल्द श्रम विभाग कार्यालय से संपर्क करें और योजना की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते है।

# वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा पर्यावरण संरक्षण के विचार पर काम करने के लिए एसडीएम नगीना मांगें राम चौहान को ऑनरेरी डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित

लोकतंत्र की आवाज

**रिपोर्ट मुकेश सिंह**

नगीना उप जिलाधिकारी मांगें राम चौहान को ऑनरेरी डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया। अमरोहा जनपद में शुरू किया गया ₹चौहान मॉडल₹ पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जिम्मेदारी को बढ़ावा देने का एक उत्कृष्ट और नवाचारी प्रयास है। इसके मुख्य प्रयास और परिणाम निम्नलिखित हैं:

**चौहान मॉडल की प्रमुख पहलें:**

**1. जिम्मेदारी के साथ पौधारोपण अभियान:** सीआरपीसी की धारा 151 के तहत गिरफ्तार किए गए आरोपियों को पांच-पांच पेड़ लगाने की जिम्मेदारी दी गई, और उनके ज़मानतदारों को एक-एक पेड़ लगाने का निर्देश दिया गया।

पौधारोपण की प्रक्रिया को तहसील कार्यालय में रजिस्टर में दर्ज किया गया और फोटो प्रस्तुत करने की शर्त रखी गई।

**2. जनसहयोग से हरियाली अभियान:** इस अभियान के तहत, बिना सरकारी खर्च के 20,000 से अधिक पौधे सार्वजनिक सहयोग से लगाए गए। लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित करने के लिए तहसील कार्यालय की दीवारों पर पेड़ लगाने और जल संरक्षण के संदेशों के चित्र बनाए गए।

**3. पर्यावरण प्रहरी की नियुक्ति:** समाजसेवा के प्रति रुचि रखने वाले 1,000 से अधिक लोगों को ₹पर्यावरण प्रहरी₹ के रूप में नामांकित किया गया।



उन्हें अपने खर्चे पर पौधे लगाने और जल संरक्षण की जिम्मेदारी सौंपी गई।

**4. रैलियों और जागरूकता अभियानों का आयोजन:** स्कूलों, गुरुद्वारों और गांवों में रैलियां और सेमिनार आयोजित किए गए। लोगों को जल के अंधाधुंध उपयोग और भूजल स्तर में गिरावट के प्रति जागरूक किया गया।

**5. राशन विक्रेताओं की भागीदारी:** सरकारी राशन विक्रेताओं को ₹पौधारोपण और जल संरक्षण रजिस्टर₹ रखने का निर्देश दिया गया। उन्होंने अपने ग्राहकों को पौधे लगाने और जल संरक्षण की शपथ दिलाई।

**6. वृक्ष सुरक्षा बंधन योजना:** सरकार द्वारा लगाए गए पौधों की देखभाल के लिए ग्रामीणों को 5-5 पौधों की जिम्मेदारी सौंपी गई। ग्रामीणों ने पौधों को रक्षा सूत्र बांधकर उनकी सुरक्षा की शपथ ली।

**7. शिकायत निवारण प्रक्रिया में कागज की बचत:** ग्राम पंचायत स्तर पर शिकायत रजिस्टर रखकर आवेदन पत्रों की आवश्यकता खत्म कर दी गई। समस्याओं के समाधान के लिए डिजिटल माध्यम (व्हाट्सएप) का उपयोग किया गया। इस प्रक्रिया से 26,000 से अधिक कागज बचाए गए, जिससे पेड़ों की कटाई कम हुई।

**परिणामः** इस मॉडल से पर्यावरण संरक्षण को मजबूती मिली और जलवायु परिवर्तन से निपटने में स्थानीय स्तर पर जागरूकता बढ़ी। जनसहयोग से पौधारोपण और जल संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा। यह मॉडल समाज और पर्यावरण के बीच सामंजस्य स्थापित करने का एक अद्भुत उदाहरण है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए एक हरा-भरा और सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करता है।

## उत्तराखंड गुमशुदा 04 वर्षीय बालिका को 02 घंटे के अंदर दून पुलिस ने किया सकुशल बरामद

लोकतंत्र की आवाज़

**रिपोर्ट राजेंद्र चौहान**



प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 22/01/25 को वाजिद पुत्र इकबाल नि० उ-3 ओगल भट्टा, थाना क्लेमेंटाउन, जनपद देहरादून ने थाना क्लेमेंटाउन में आकर सूचना दी कि उनकी 04 वर्षीय पुत्री मुस्कान घर से पास की दुकान से सामान लेने गयी थी, जो सामान लेकर वापस घर नहीं लौटी, जिसको उनके द्वारा काफी तलाश किया गया परन्तु बच्ची के सम्बन्ध में कोई जानकारी नहीं मिल पायी। सूचना पर गुमशुदा बालिका की तलाश हेतु तत्काल कंट्रोल रूम के माध्यम से सभी थानों को सूचना प्रसारित की गयी। नाबालिक बालिका के अचानक गुम होने तथा मामले की संवेदनशीलता को दृष्टिगत एसएसपी देहरादून के निर्देशों पर थानाध्यक्ष क्लेमनटाउन द्वारा गुमशुदा बालिका की सकुशल बरामदगी हेतु तत्काल टीम गठित कर थाना क्षेत्र में रवाना की गई। पुलिस द्वारा की गई त्वरित कार्यवाही तथा अथक प्रयासो से पुलिस टीम द्वारा गुमशुदा बालिका को ग्रफिक एरा यूनिवर्सिटी के पास से सकुशल बरामद करते हुए उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया।

## संक्षिप्त खबरें ।

### प्रशासन ने नयका टोला मोड़ से अतिक्रमण हटाया



लोकतंत्र की आवाज़

जगदीशपुर। जगदीशपुर स्थानीय जगदीशपुर के नयका टोला मोड़ पर गुरुवार को प्रशासन ने अतिक्रमण खाली कराया। मजिस्ट्रेट सह सीओ विश्वजीत नीलांकर ने थानाध्यक्ष बिगाऊ राम व अन्य पुलिस बलों के साथ नयका टोला पहुंच स्थायी और अस्थायी तरीके से अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों व अन्य को फटकार लगाते हुए मुख्य चौराहे और पुल के निचले हिस्से के अतिक्रमण को खाली कराया। साथ ही अतिक्रमण होने पर कड़ी व दंडात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी। प्रशासन के इस कार्रवाई से अतिक्रमण कारियों में अफरा तफरी मची रही। बताया जाता है कि प्रगति यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री के संभावित आगमन को लेकर प्रशासन आवश्यक रूटों पर अतिक्रमण हटाने सहित अन्य कार्यों को लेकर लेकर तत्पर दिख रहा है। हालांकि अतिक्रमण हटाने से पूर्व अनुमंडल प्रशासन की ओर से माइकिंग कर पूर्व में ही प्रचार- प्रसार कर स्वयं ही अतिक्रमण हटाने का अनुरोध किया गया था। बावजूद इसके अतिक्रमण खाली नहीं होने की स्थिति में प्रशासन ने कार्रवाई की।

### सभी पंचायत में खेल क्लब का निर्माण

लोकतन्त्र की आवाज

केदार नाथ पाण्डेय

पीरपैंती। प्रखंड के सभी पंचायत में खेल क्लब का बनाया जा रहा है। जिला खेल पदाधिकारी जयनारायण कुमार प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि हर पंचायत में खेल क्लब के गठन की प्रक्रिया चल रही है। इनमें कुल 11 खेल को शामिल किया गया है। वही प्रतिनियुक्त शिक्षक सर्वोत्तम कुमार शर्मा ने कहा कि खिलाड़ी को खेलने के लिए कल्ब से जुड़ कर बिहार राज्य खेल प्राधिकरण से पंजीकृत होना होगा। खेल से बच्चों का शारीरिक, मानसिक विकाश होगा। खेल के माध्यम से बच्चे को आगे बढ़ने में मदद मिलेगी। खेल के माध्यम से बच्चे अपने भविष्य का भी निर्माण करने में सक्षम होंगे।

### सरथुआं में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की तैयारी

लोकतन्त्र की आवाज

आरा। भोजपुर के उदवंतनगर प्रखंड के सरथुआं गांव के हाई स्कूल मैदान में पांच से 12 फरवरी तक होने वाले श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ और सप्त दिवसीय दिव्य भागवत उपदेश व सत्संग के आयोजन की तैयारी जोर-शोर से की जा रही है। पैक्स अध्यक्ष रजनीश कुमार सिंह ने बताया कि तपोमूर्ति संत श्री सुन्दराज (यतिराज) स्वामी जी महाराज के सानिध्य में हो रहे इस महायज्ञ की शुरुआत पांच फरवरी को शोभायात्रा के साथ शुरू होगी। समस्त ग्रामीणों में यज्ञ को लेकर भक्तिमय माहौल बनता जा रहा है। यज्ञ का समापन 12 फरवरी को भंडारा के साथ होगा।

### दियारा क्षेत्र से बड़े पैमाने पर शराब बरामद

लोकतन्त्र की आवाज

सहार। स्थानीय पुलिस ने थाना क्षेत्र के बरूहीं सोन नदी दियारा क्षेत्र में छापेमारी कर भारी मात्रा में शराब सहित तीन धंधेबाजों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सहार बुधवार को बरूही सोन नदी दियर में अवैध शराब निर्माण के खिलाफ अभियान चलाया । पुलिस की भनक लगते ही तीन धंधेबाज फरार हो गया, जबकि पुलिस ने तीन अन्य धंधेबाज बरूही निवासी सियाराम चौधरी के पुत्र जयराम चौधरी,बालरूप चौधरी के पुत्र राजु कुमार तथा श्रीनाथ चौधरी के पुत्र सरोज चौधरी को 165 लीटर महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया ।

# बेतिया के जिला शिक्षा पदाधिकारी रजनीकांत प्रवीण के कई ठिकानों पर निगरानी टीम ने मारा छापा

## नोट गिनने के लिए मंगवानी पड़ी मशीन, बरामद रुपये का अभी खुलासा नहीं

लोकतंत्र की आबाज



**समस्तीपुर।** बेतिया में तैनात जिला शिक्षा पदाधिकारी रजनीकांत सिंह के ससुराल समस्तीपुर के बहादुरपुर में निगरानी टीम द्वारा छापेमारी की जा रही है। निगरानी टीम को भारी मात्रा में कैश बरामद हुआ है, जिसे गिनने के लिए मशीन लाया गया है। राशि कितना बरामद हुआ है उसका अभी तक खुलासा नहीं हुआ है। यह छापेमारी उनके परिवार के कुछ सदस्य के खिलाफ जांच को लेकर की जा रही है।

रजनीकांत सिंह की सास निर्मला शर्मा जो कि एक रिटायर्ड टीचर हैं और उनकी पत्नी सुषमा शर्मा, जो समस्तीपुर के तिरहुत एकेडमी हाई स्कूल में शिक्षिका के पद पर कार्यरत हैं तथा उनकी साली पूनम शर्मा, जो श्रीकृष्णा हाई स्कूल में पढ़ाती हैं। इन सभी पर कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी का कारण अभी तक पूरी तरह से स्पष्ट नहीं हुआ है, लेकिन यह जानकारी सामने आई है कि पुलिस इन शिक्षिकाओं के खिलाफ जांच कर रही है। बेतिया और समस्तीपुर में पुलिस और प्रशासन की टीमें जांच के लिए मौके पर पहुंची हुई है। संदिग्ध गतिविधियों के बारे में जानकारी इकट्ठा की जा रही हैं। फिलहाल छापेमारी की प्रक्रिया जारी है और मामले की विस्तृत जानकारी का इंतजार किया जा रहा है। बतादें कि अधिकारियों ने डीईओ रजनीकांत प्रवीण के आवास के साथ - साथ उनके दरभंगा, मधुबनी, समस्तीपुर और वाल्मीकिनगर समेत अन्य ठिकानों पर भी छापेमारी चल रही है। 40 सदस्य की टीम ने एक साथ विभिन्न जगहों पर कार्रवाई की। बहरहाल निगरानी टीम द्वारा छापामारी से जिले में हलचल मचा हुआ है।

## कहलगांव में पत्रकार पर जानलेवा हमला




लोकतन्त्र की आवाज

**केदार नाथ पाण्डेय**

**पीरपैंती/कहलगांव।** कहलगांव के एक चैनल के पत्रकार अमिक कुमार के घर पर 12 से 15 अपराधियों ने दिनदहाड़े हमला कर दिया। लोहे के रड एवं लाठी डंडे से मार कर सर फोड़ दिया। घटना 19 जनवरी 2025 के दोपहर लगभग 1:00 बजे की है, जब अमित कुमार अपने घर पर मौजूद थे। तभी गांव के लव कुमार ने आकर उसे घर से बाहर बुलाया और बाहर आते ही वहां मौजूद पहले से जान लेने की मनसा से लोगों ने पत्रकार अमित पर जानलेवा हमला कर दिया।

बेहोशी की अवस्था में चंदन कुमार, कुंदन कुमार एवं उसके साथ आए अन्य लोगों ने आंख में उंगली डालकर आंख फोड़ने की कोशिश की। जान लेने की हर संभव कोशिश की । बता दें कि वह पहले से ही आंख से विकलांग है। उसके इसी कमजोरी का फायदा अपराधियों ने उठाया। बीच बचाव में आए उनकी मां एवं उनकी पत्नी को भी जमकर पीटा।पत्रकार ने एक निजी चैनल को इंटरव्यू देते हुए बताया के सर फटने के बाद जब इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल जा रहा था, तब भी अपराधियों द्वारा उसके गाड़ी को रोककर जान लेने की कोशिश की। अभी फिलहाल उसका मायागंज अस्पताल में इलाज चल रहा है। पत्रकार अमित कुमार ने प्रशाशन से गुहार लगाया है कि अपराधियों को अतिशीघ्र गिरफ्तार किया जाय। जब लोकतन्त्र का चौथा स्तंभ भी अपराधियों के द्वारा हमला किया जाना दुर्भाग्य पूर्ण है। प्रशाशन से अपराधियों के गिरफ्तारी की मांग पत्रकार अमित कुमार और उनके माता पिता ने की। घटना के बाद पत्रकार का पूरा परिवार डरा, सहमा हुआ है।

## समस्तीपुरः जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया



लोकतंत्र की आबाज

**समस्तीपुर।** जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा द्वारा बृहस्पतिवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर समाहरणालय परिसर में उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। मौके पर उपस्थित अपर समाहर्ता समस्तीपुर अजय कुमार तिवारी, विशेष कार्य पदाधिकारी महमूद आलम, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रजनीश कुमार राय, सहायक सामाजिक सुरक्षा आकाश एवं अन्य उपस्थित पदाधिकारी तथा कर्मियों ने भी नेताजी के तैल चित्र पर पुष्पा चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

## उप राष्ट्रपति जगदीप धनकड़ समस्तीपुर आएंगे आज, प्रशासनिक तैयारी मुकम्मल

लोकतंत्र की आबाज



**समस्तीपुर।** भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की 101 वीं जयंती की सभी प्रशासनिक तैयारी पूरी कर ली गई हैं। जयंती समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के अलावा केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान, केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भगवत चौधरी, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश सिंह के अलावा बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, डिप्टी सीएम विजय सिन्हा और डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी शामिल होंगे।

जननायक कर्पूरी ठाकुर के बेटे केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के साथ ही सभी अतिथि करीब 1 घंटे तक यहां रहेंगे। इस दौरान माल्यार्पण के साथ ही कर्पूरी परिचर्चा का भी आयोजन होगा। इधर कमिश्नर ने लिया कार्यक्रम का जायजा। इस बीच दरभंगा कमिश्नरी के आयुक्त डॉक्टर मनीष कुमार, डीआईजी के अलावा डीएम रोशन कुशवाहा, एसपी अशोक मिश्रा समेत वरीय अधिकारियों ने तैयारी का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश भी जारी किया, कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति के आगमन को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के कार्य प्रबंध किए गये हैं। एक दिन पूर्व से ही कर्पूरीग्राम और आसपास के इलाके में मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस वालों की तैनाती कर दी गई है।

उपराष्ट्रपति समेत अन्य अतिथियों के लिए चरण कर्पूरी फुलेश्वरी महाविद्यालय के बगल में चार हेलीपैड बनाए गये हैं। जहां उपराष्ट्रपति के अलावा राज्यपाल, मुख्यमंत्री के लिए अलग से हेलीपैड का निर्माण कराया गया है। डीएम रोशन कुशवाहा ने बताया कि कार्यक्रम की सभी प्रशासनिक तैयारी पूरी कर दी गई हैं। इस कार्यक्रम में देश के उपराष्ट्रपति समेत कई शख्सियत शामिल हो रहे हैं। कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा के तमाम प्रबंध किए गये हैं। सभी के लिए एक प्रोटोकॉल तैयार किया गया है।

## आरा सांसद सुदामा प्रसाद को मुखिया ने पंचायत में विकास कार्य के लिए ज्ञापन सौंपा

लोकतंत्र की आवाज़



**जगदीशपुर/भोजपुर।** गुरूवार को ईसाढी बाजार के समीप आरा लोकसभा के माननीय सांसद सुदामा प्रसाद के जन संवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें मुखिया पति मुकेश पाल ने अपने पंचायत बरनौव में विकास के कार्य के लिए चार जन समस्या को लिखित मे आरा लोकसभा सांसद सुदामा प्रसाद को ज्ञापन दिया।

बरनौंव पंचायत की मुखिया प्रियंका देवी ने ज्ञापन सौंपा जो कार्य इस प्रकार हैं जैसे बरनाँव पंचायत में उपस्वास्थ केन्द्र भवन का निर्माण कार्य हो, ग्राम पंचायत बरनाव अंतर्गत ग्राम केशोपुर में जर्जर विद्युत आपूर्ति तार कॉभर वाला बदलने का कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए। ग्राम बरनाँव में शमशाम घाट का घेराबंदी का कार्य , ग्राम पंचायत बरनाँव के सभी किसानों को यूरियाँ खाद बिना नैनो यूरिया के साथ शिविर लगाकर उपलब्ध कराया जाए।

## कृषि विश्वविद्यालय पूसा के मीडिया सेंटर का उद्घाटन 24 जनवरी को, तैयारी शुरू

लोकतंत्र की आबाज



● मीडिया सेंटर का उद्घाटन कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भारत सरकार भगीरथ चौधरी करेंगे

**रामजी कुमार**

**समस्तीपुर।** डॉ राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा के मीडिया सेंटर का उद्घाटन 24 जनवरी को कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भारत सरकार भगीरथ चौधरी करेंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पी एस पांडेय ने कहा कि इसके अतिरिक्त भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की मूर्ति का अनावरण भी श्री चौधरी के कर कमलों से किया जाएगा। विश्वविद्यालय में हाल ही में किसान छात्रावास और एक पार्क का नामकरण भी कर्पूरी ठाकुर के नाम पर किया गया है।

विश्वविद्यालय का मीडिया सेंटर अत्याधुनिक तरीके से तैयार किया गया है जिसके अंतर्गत किसानों की सुविधा के लिए पूसा कम्युनिटी रेडियो की भी शुरुआत जल्दी ही की जायेगी। मीडिया सेंटर में आडियो वीडियो रिकॉर्डिंग की भी सुविधा है जो कृषि पत्रकारिता के छात्रों के लिए लैब का काम करेगी साथ ही किसानों को वैज्ञानिक जानकारी यू ट्यूब, फेसबुक तथा अन्य सोशल मीडिया माध्यम से उपलब्ध करवायेगी। मीडिया सेंटर का उपयोग भविष्य में डिजिटल एग्रीकल्चर और डिजिटल लर्निंग के लिए भी किया जा सकेगा।

मीडिया सेंटर डिस्टेंस लर्निंग के लिए भी उपयोगी साबित होगा। कम्युनिटी रेडियो के कार्यक्रम स्थानीय लोगों से जुड़े होंगे और उनके फीडबैक के आधार पर तय किये जायेंगे।

## भाजपा नेता मुकेश कुशवाहा ने जेडीयू में हुए शामिल, कार्यकर्ताओं में खुशी

लोकतंत्र की आवाज़



**जगदीशपुर/भोजपुर।** भाजपा कार्यकर्ता मुकेश कुशवाहा को जदयू एमएलसी श्री भगवान सिंह कुशवाहा ने जदयू में शामिल कर कर मुकेश को जगदीशपुर नगर अध्यक्ष का जिम्मेदारी सौंपी।

इस दौरान महावीर मंदिर में एमएलसी ने माथा टेक कर बिहार की खुशहाली और तरक्की की कामना की। इसके बाद मुकेश कुशवाहा को जदयू का पट्टा और माला पहनाकर पार्टी में शामिल कराया। इसके बाद उन्होंने जदयू प्रखंड अध्यक्ष अनूप पटेल की ओर से उन्हें नगर अध्यक्ष बनाया गया। श्री भगवान श्री कुशवाहा ने कहा कि इंडिया मजबूत है और नीतीश कुमार के कार्यों से प्रसन्न होकर मुकेश कुशवाहा जदयू में शामिल हुए। इस मौके पर जदयू प्रखंड अध्यक्ष अनूप पटेल, रामनवमी समिति अध्यक्ष गणेश सोनी, जदयू नेता संजय यादव, मुमताज वारसी, डॉक्टर इम्तियाज़ खान, नीरज कुशवाहा, मिलिंद चौधरी, अनिल चौधरी, पिंटू सोनी, नंदजी उर्फ ननजी बाबा, जनार्दन सिंह व वकील सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

## दहशत फैलाने की मनसा से असामाजिक तत्वों ने किया धमाका

लोकतन्त्र की आवाज



**केदार नाथ पाण्डेय**

**भागलपुर।** दिन प्रतिदिनअसामाजिक तत्व भागलपुर को दहलाने वाली वारदात करते रहते है। इसी कड़ी में भागलपुर के बाइपास थाना क्षेत्र के मानिकपुर में एक बार फिर असामाजिक तत्वों ने दहशत फैलाने की नीयत से दो बार धमाका किया।

इस घटना से इलाके में अफरा तफरी का माहौल हो गया। स्थानीय लोगों ने इस घटना की सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और असामाजिक तत्व के इरादे को नाकाम कर दिया।स्थानीय लोगों ने बताया कि बुधवार की शाम सात से आठ बजे के बीच एक व्यक्ति एक बैग में विस्फोटक पदार्थ लेकर मौके पर पहुंचा था, उसने दो बार किसी विस्फोटक पदार्थ से धमाका किया।

उधर यह घटना सी सी टी वी कैमरे में कैद हो गयी है। जिसमें साफ तौर पर देखा जा सकता है कि किस तरह से एक युवक कंधे पर बैग लेकर सड़क के बीचो-बीच विस्फोटक पदार्थ रखकर उसमें आग लगाता है। जिसके बाद तेज आवाज़ के साथ विस्फोट होता है।जिसके बाद मोहल्ले के लोग घर से बाहर निकलते हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद दो थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गयी है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### हाजीपुर–सुगौली रेल परियोजना कार्य में तेजी लाने को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी ने की बैठक



ब्यूरो रिपोर्ट शशिकांत

पूर्वी चम्पारणः अनुमंडल पदाधिकारी मोतिहारी सदर श्वेता भारती के द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में जिला भू – अर्जन पदाधिकारी पूर्वी चंपारण मोतिहारी, रेलवे के पदाधिकारी एवं अभियंता, अंचलाधिकारी कोटवा के साथ बैठक कर हाजीपुर–सुगौली रेल परियोजना से संबंधित रैयतों के भुगतान के संबंध में अद्यतन जानकारी प्राप्त की गई।अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा निर्देश दिया गया कि जिन किसानों का एलपीसी जारी कर दिया गया है उनका भुगतान शीघ्र कर दिया जाए। अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा बैठक के माध्यम से जानकारी प्राप्त की गई की कितने प्रभावित रैयतों का एलपीसी निर्गत है, उसमें से कितने का भुगतान कर दिया गया है और कितने का भुगतान लंबित हैं। अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा सुगौली एवं कोटवा के अंचल अधिकारी को संबंधित रैयतों का एलपीसी निर्गत करने के लिए कैंप लगाकर कार्य करने का निर्देश दिया गया ताकि इसका समाधान शीघ्र से शीघ्र निकल जा सके। इस बैठक में कोटवा एवं सुगौली के कर्मचारी भी उपस्थित थे।

### पुलिस दबिश के कारण न्यायालय में किया आत्मसमर्पण,भेजा गया जेल

ब्यूरो रिपोर्ट शशिकांत

मोतिहारीः मोतिहारी न्यायालय में आफताब आलम ने आत्मसमर्पण कर दिया है, जिसे न्यायालय द्वारा जेल भेजा गया, जो कई वर्षों से तुरकौलिया थाना काण्ड संख्या– 591/21 में फरार चल रहा था। आफताब आलम के विरुद्ध अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश– 22, मोतिहारी के न्यायालय से लाल वारंट निर्गत था। तुरकौलिया थाना द्वारा कुछ दिन पहले हीं उसके घर की कुर्की किया गया था। आफताब आलम सेमरा बेलवतिया का निवासी है और शेख मोहम्मद शहीद का पुत्र है। तुरकौलिया थाना काण्ड संख्या– 591/21 में शाहिद आलम उर्फ बब्लू के विरुद्ध भी न्यायालय द्वारा लाल वारंट निर्गत किया गया है, जो अभी भी फरार चल रहा है तथा इसी केस में हमीदुन खातून एवं मोहम्मद अशरफ फरार चल रहा है, जिस पर पुलिस दबिश बरकरार है। तुरकौलिया थाना काण्ड संख्या– 591/21 हत्या का प्रयास करने एवं 27– आर्म्स एक्ट के अन्तर्गत प्राथमिकी दर्ज है।

### गौनाहा के धमौरा में बाघ ने किया नीलगाय का शिकार । ग्यारह बजे दिन में नीलगाय पर हमला कर किया है शिकार



गौनाहा / प्रखंड वाल्मीकि टाईगर रिजर्व के धमौरा में दिन के लगभग ग्यारह बजे ही जंगल से निकलकर बाघ ने एक बार फिर आवासीय विद्यालय धमौरा के समीप एक नीलगाय का शिकार किया है। इसकी जानकारी देते हुए फॉरेस्टर रुपा सिंह ने बताया कि सुचना मिलते ही वनकर्मीयों को आवासीय विद्यालय के पास भेज दिया गया है। वही वन कर्मी बाघ के पगमार्क की ट्रैकिंग कर रहे है। वही मृत नीलगाय का अंतिम संस्कार शुक्रवार को वनकर्मीयों के सहयोग से किया जाऐगा। एक बार फिर से बाघ के रिहायशी इलाके मे हमला कर नीलगाय का शिकार करने से स्थानीय लोगों मे दहशत का माहौल बना हुआ है। माले नेता , मनोज बैठा नंदकिशोर महतो आदि ने बताया कि बाघ ने नीलगाय का शिकार उसी स्थान पर किया है। जहां साड़ का शिकार किया था। वही इस घटना को लेकर क्षेत्र में दहशत का माहौल कायम हो गया है।

# भ्रष्टाचारी जिला शिक्षा अधिकारी निकला करोड़पति, करोड़ों नकदी बरामद, निगरानी की एक साथ कई ठिकानों पर छापेमारी

## जिला शिक्षा पदाधिकारी तत्काल प्रभाव से हुए निलंबित

लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा

**बगहा।** भ्रष्टाचार में संलिप्त शिक्षा विभाग के अधिकारी रजनी कांत प्रवीण के पास आए से अधिक संपति अर्जित मामले में बड़ी करवाई की गई है। बिहार विशेष निगरानी इकाई टीम द्वारा एक साथ उनके कई ठिकानों पर छापेमारी की गई है। बिहार विशेष निगरानी इकाई के एडीजी पंकज कुमार दराद के निर्देश पर यह छापेमारी की गई है। बता दें कि जिला शिक्षा अधिकारी रजनीकांत प्रवीण बेतिया में पोस्टेड है। इनके घर दरभंगा,मधुबनी,बेतिया समेत समस्तीपुर के ठिकानों प्रवास कार्यालय विशेष निगरानी इकाई चार टीम छापेमारी कर रही है। प्रारंभिक जांच के दौरान लगभग 02 करोड़ से ज्यादा की आय से अधिक सम्पत्ति का खुलासा हुआ है। जांच दल के अनुसार एक विश्वसनीय स्त्रोत से विश्वसनीय जानकारी प्राप्त हुई है कि रजनी कांत प्रवीण, जो वर्तमान में जिला शिक्षा अधिकारी, बेतिया (पश्चिम चंपारण) के रूप में तैनात हैं, उन्होंने वर्ष 2005 से अब तक की अवधि के दौरान अवैध रूप से आपराधिक साजिश को आगे बढ़ाने के लिए लग भग 1,87,23,625/– रुपये की भारी चल और अचल संपत्ति अर्जित की है, जो उनके आय के वैध स्त्रोत से अधिक है। आरोप है कि रजनी कांत प्रवीण बिहार



राज्य शिक्षा विभाग के 45वें बैच के अधिकारी हैं। वे वर्ष 2005 में सेवा में आए और दरभंगा, समस्तीपुर और बिहार के अन्य जिलों में शिक्षा अधिकारी के रूप में काम किया। उनकी सेवा की कुल अवधि लगभग 19–20 वर्ष है। रजनी कांत प्रवीण की पत्नी शुष्मा कुमारी एक संविदा शिक्षिका थीं, जिन्होंने अपनी नौकरी छोड़ दी और वर्तमान में ओपन माइंड बिरला स्कूल, दरभंगा की निदेशक/वास्तविक मालिक के रूप में कार्य कर रही हैं और रजनी कांत प्रवीण के अवैध रूप से अर्जित धन के वित्तीय समर्थन/निवेश से इस संस्थान को चला रही हैं। विश्वसनीय जानकारी मौजूद है कि रजनी कांत प्रवीण और उनके परिवार के सदस्यों के नाम पर पटना, दरभंगा, मधुबनी और मुजफ्फरपुर में कई जमीन/फ्लैट हैं, जिनकी कीमत लगभग 2,92,92,225/– रुपये है।रजनी कांत प्रवीण और उनकी पत्नी ने अपनी सेवा अवधि के दौरान कानूनी स्त्रोतों से लगभग 2,52,00,000/– रुपये की कमाई की है। यह भी आरोप लगाया गया है कि उक्त अवधि के दौरान उनके द्वारा किया गया व्यय लगभग 1,46,31,400/– रुपये है। आरोप है कि अभियुक्त के पास लगभग 2,92,92,225/– रुपये की चल–अचल सम्पत्ति है, जो या तो उसके स्वयं के नाम पर है या उसके परिवार के सदस्यों के नाम पर है, जो भ्रष्ट और अवैध साधनों से अवैध रूप से अर्जित की गई है।

## प्रखंड विकास पदाधिकारी चकिया एवं दो बीएलओ को किया जाएगा सम्मानित



लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो रिपोर्ट शशिकांत

**मोतिहारी।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जिला के चकिया प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी रोशनी कुमारी जो सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 17– पिपरा भी हैं एवं दो मतदान केंद्र स्तरीय पदाधिकारी 20– चिरैया विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या 63 उत्क्रमित मध्य विद्यालय परजिलवा कन्या पश्चिमी भाग के धीरज कुमार सहायक शिक्षक एवं 17–पिपरा विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या 168 मध्य विद्यालय धरियारीचक तारकेश्वर दुबे सहायक शिक्षक को पटना में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। निर्वाचन विभाग, बिहार द्वारा राज्य स्तरीय निर्वाचन संबंधी पुरस्कारों की घोषणा में इन तीनों के नाम की घोषणा की गई है। उक्त तीनों व्यक्तियों को 25 जनवरी 2025 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर पटना में स्थित अधिवेशन भवन में राज्य स्तरीय समारोह में मुख्य सचिव, बिहार की उपस्थिति में पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।उप निर्वाचन पदाधिकारी पूर्वी चंपारण मोतिहारी के द्वारा बताया गया है कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 में निर्वाचक सूची में बेहतर कार्य के लिए इन तीनों को सम्मानित किया जा रहा है जिसमें प्रशस्ति पत्र सहित नगद पुरस्कार भी दिए जाएंगे।

### गायघाट में तेजस्वी यादव का किया स्वागत आपदा प्रबंधन प्रकोष्ट के प्रदेश महासचिव आदर्श कुमार सिंह उर्फ राजा ने किया भव्य स्वागत



लोकतंत्र की आवाज

दीपक कुमार

**गायघाट।** केवटसा स्थित एक होटल पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव का युवा नेता आदर्श कुमार सिंह उर्फ राजा के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। तेजस्वी यादव गुरुवार को मधुबनी जिले के फुल परास में कर्पूरी जयंती कार्यक्रम में भाग लेने गये हैं। मधुबनी जाने के दौरान उनका स्वागत किया गया। इस मौके पर राजद नेता रामबाबू सिंह यादव, पंसस दिनेश राय, देवन सिंह, चंदन सिंह, धर्मेंद्र यादव, विवेक यादव व राजू कुमार उपस्थित थे।

## भारत का पड़ोसी देश चीन अब नेपाल के रास्ते भारत में कर रहा है घुसपैठ की कोशिश चीन ने रक्सौल बॉर्डर से कुछ दूरी पर अपनी मौजूदगी कराई दर्ज

लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ शशिकांत

**मोतिहारी/रक्सौलः** नेपाल में प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की सरकार के आने का बाद बिहार से सेटे नेपाल सीमा पर चीन ने अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश शुरू कर दी है. रक्सौल बॉर्डर से महज 6 किलोमीटर की दूरी पर पर्सा जिला के पिपरामठ बीरगंज महा नगरपालिका के वार्ड 14 स्थित श्री नर्सिंग सेकेंडरी स्कूल में एक कार्यक्रम के बीच चीन द्वारा एक हजार छात्र छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण कर चीन नेपाल के युवा पीढ़ी में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाने में जुट गया है. बता दें कि ये पहला मौका नहीं है जब चीन ने नेपाल के सहारे भारत से सटे सीमा पर अपनी मौजूदगी दर्ज करना की कोशिश की है. इससे पहले भी कई बार चीन नेपाल को मदद कर चुका है.ध्यान



देने वाली बात ये है कि स्कूल में जो साइकिल बांटी गई है उस पर चीन का राष्ट्रीय ध्वज लगा हुआ है. कार्यक्रम में चीनी राष्ट्रीय गान भी गया गया. चाइना फाउंडेशन के इस आयोजन में चीनी दूतावास के प्रमुख सहित अन्य चीनी अधिकारी भी मौजूद रहे. साथ ही बीरगंज महानगर पालिका के उप मेयर इम्तिया आलम भी मौजूद रहे. उप मेयर की उपस्थिति में कार्यक्रम के दौरान चीनी राष्ट्रगान का गायन भी किया गया. नेपाल मामलों के जानकार सीमा जागरण मंच के प्रदेश अध्यक्ष महेश अग्रवाल ने बताया कि बीरगंज में चीन ने अपनी मौजूदगी दर्ज कर दी है. जो बिहार सहित भारत के लिए बड़ी चिंता का विषय है. जब से नेपाल ने चीन का दौरा किया है. नेपाल में चीन सरकार की गतिविधियां तेज हुई है. चीन ने नेपाल में रोड, एयरपोर्ट , ड्राइपोर्ट, स्कूल, अस्पताल सहित अपने कई प्रोजेक्ट को शुरू किया है. इससे नेपाल में चीनी सरकार का प्रभाव बढ़ेगा. जो भारत के लिए सुरक्षा एवं सामरिक दृष्टिकोण से सही नहीं है।

## सिट्ठी पंचायत मे आधा अधूरा कचरा निष्पादन केंद्र का हुआ उद्घाटन बीडीओ व मुखिया की तानाशाही से वार्ड सदस्य हुए नाराज किया प्रदर्शन

लोकतंत्र की आवाज

**गौनाहा** / प्रखंड के सिट्ठी पंचायत के बखरी गांव में डब्ल्यूपीयू भवन का निर्माण लोहिया बिहार स्वच्छ अभियान के तहत किया गया है। जो अभी आधे अधूरे अवस्था में है जिसका विधिवत उद्घाटन बुधवार को बीडीओ शिवजन्म राम द्वारा फीता काटकर किया गया। जो की डब्लूपीयू पूर्ण रूप से बना भी नहीं है। मुखिया और बीडीओ के मिली भगत से डब्लूपीयू का पूर्णरूप से निर्माण तो नहीं हो सका लेकिन इसका उद्घाटन पहले ही कर दिया गया ' साथ मे ई–रिक्शा चालक का बहाल ग्रामसभा लगाकर नहीं बल्कि मुखिया द्वारा अपने ही मनमानी से बहाल कर दिया गया जिससे वार्ड सदस्य एवं समस्त जनता काफी नाराज हैं। जिससे




स्थानीय जनता व वार्ड सदस्यों में भारी आक्रोश है। वार्ड सदस्यो का कहना है की मुखिया द्वारा सरकार के पैसो को खपत किया जा रहा है और साथ मे बीडीओ साहब भी मुखिया को मनमानी करने में सह दे रहे हैं। वही वार्ड सदस्यों द्वारा दिखाए गए एक वीडियो में स्पष्ट बीडीओ साहब द्वारा कहां जा रहा है कि ई–रिक्शा चालक का बहाल अपने मन से करे इसमें वार्ड सदस्यो का कोई भूमिका नहीं है और क्या कर लेगा वार्ड सदस्य सब ' इस दौरान सिट्ठी पंचायत के उप मुखिया बैदनाथ महतो, वार्ड सदस्य गोपाल महतो, बृजकिशोर ठाकुर, अरुण काज़ी, श्यामनारायण महतो, जयमाती देवी, सुनैना देवी, सीता देवी, वार्ड प्रतिनिधि प्रेमनारायण महतो, प्रमानन्द महतो ग्रामीण निशांत कुमार यादव एवं अन्य ग्रामीण मौजूद थे '

## पोहरा लछनौता में हुआ जन जागरूक अग्नि सुरक्षा मॉक ड्रिल कर किया गया पंपलेट वितरण

लोकतंत्र की आवाज

**गौनाहा /** प्रखंड के लछनौता पंचायत में अग्निशमन दस्ता के अधिकारियों के द्वारा सभी ग्रामीणों को समझाया गया कि कभी भी लकड़ी से खाना बनाते समय या गैस सिलेंडर से खाना बनाते समय सावधानी एवं सतर्कता बरतनी चाहिए। ताकि गैस से खाना बनाते समय कोई भी घटना ना घट सके और किसी भी प्रकार की कोई क्षति न पहुंच सके। आए दिन देखने को मिलता है कि गैस से खाना बनाते समय कितने लोगों का घर जल गया यह बात हमेशा सुनने को मिलता है तो आप लोग हमेशा सावधान रहें और सुरक्षित रहे। आगे अग्निशमन दस्ता के अधिकारियों ने बताया कि अगर यदि ऐसी कोई घटना घटती है तो आप लोग हमेशा याद रखें सरकारी टोल फ्री नंबर 101/112 पर कॉल करके आप लोग जानकारी दे सकते हैं या अपने नजदीकी थाना में फोन कर



के इसकी सूचना दे सकते हैं आप लोगों को तुरंत सहायता प्रदान की जाएगी। अग्निशमन दस्ता के दिपक कुमार ने संवाददाता को जानकारी देते हुए बताया कि गांव काफी लोग उपस्थित थे और सभी लोगों को समझाया गया और जानकारियां भी दी गई। वहीं मौके पर वार्ड सदस्य उमाशंकर प्रसाद , नरेंद्र साह , रामविलास चौधरी, जादोलाल साह , अशोक महतो, गौरी राम, राजेश्वर ठाकुर, लालमन राम , झमन राम , मदन महतो, बागड महतो, धुरी मांझी, प्रदीप यादव, शौकलाल यादव , विनय राम, हरिकिशुन राम, रामा महतों आदि उपस्थित रहे

## शिवशंकर गला व्यवसाय के दुकान से 162 बोरा चावल व दुकान का प्रिंटर पुलिस ने किया बरामद

लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा

**लौरिया** थाना क्षेत्र के लौरिया बेतिया एनएच 727 मुख्य पथ के पुर्णमासी राम के पेट्रोल पंप के समीप शिवशंकर गल्ला व्यवसायी के दुकान से 162 बोरा चावल व दुकान का प्रिंटर चोरो ने 11 जनवरी की रात्री को कर लिया था जिसका बेतिया पुलिस अधीक्षक शौर्य सुमन द्वारा नरकटियागंज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व मे एक एसआईटी टीम का गठन कर चोरी गये 162 चावल मे से 62 बोरी चावल बरामद करते हुये बैरिया थाना क्षेत्र से तपेश्वर चौधरी एक चोर को गिरफ्तार किया गया साथ ही उसके निशानदेही पर चोरी का चावल खरीदने वाले बेतिया के एक गल्ला व्यवसायी राजीव कुमार को



बेतिया से गिरफ्तार कर मामला का खुलासा हुआ। इस संबंध मे आज शाम नरकटियागंज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रंजन कुमार सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया साथ ही उन्होने यह भी बताया की गिरफ्तार चोर तपेश्वर चौधरी ने पूछताछ मे कुमारबाग व बगहा के सेमरा चौक पर भी अपने अन्य चार साथियो के साथ चोरी की घटना मे अपनी संलिप्तता स्वीकार किया है । बाइट––––––रंजन कुमार सिंह ( एसडीपीओ नरकटियागंज)

## भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में भारतीय संविधान के 75 वा गौरवशाली यात्रा पर किया गया गोष्ठी का आयोजन

लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में भारतीय संविधान के 75 वा गौरवशाली यात्रा पर गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री सह महाराजगंज सांसद माननीय जनार्दन सिंह सिग्रीवाल जी द्वारा विस्तृत चर्चा की गई। इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विजय कश्यप जी एवं बगहा विधायक माननीय राम सिंह जी रहे।गोष्ठी में बगहा जिला संगठन के अंतर्गत आने वाले तीन विधानसभा के त्रिस्तरीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे जिसमें मुख्य अतिथि जी ने कहा बाबा साहब के आदेशों के पथ पर मोदी सरकार अनवरत गतिशील है। विशिष्ट अतिथि द्वारा कहा गया देश के बहुजनों के आर्थिक सामाजिक एवं राजनीतिक न्याय की लड़ाई लड़ने वाले अंबेडकर जी के विरासत को मोदी सरकार आगे बढ़ाते हुए सभी सपनों को साकार कर रही है। वही




माननीय बाघा विधायक ने कहा डॉक्टर साहब के जन्म स्थान से लेकर कर्म स्थान की सभी धरोहर को प्रति स्थापित करने के कार्य कर रही है एवं उनके बताए गए आदेशों का अनुसरण करते हुए समाज के पिछड़े वर्गों को आगे लाने का निरंतर प्रयास कर रही है वही बगहा भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि आवास से लेकर मुक्त राशन तक बहुजनों के हित में मोदी सरकार निरंतर योजना का क्रियान्वयन कर रही है वहीं इस कार्यक्रम के संयोजक नंदकिशोर राम जी एवं सहसंयोजक प्रमोद राम जी निवर्तमान जिला अध्यक्ष सीरी भूपेंद्र नाथ तिवारी जी ने संबोधित किया इस कार्यक्रम में भाजपा के रितु जायसवाल ह्रदय आनंद दुबे चंद्रभूषण सिंह सुजीत चौरसिया सोमेश पांडे ओम निधि वत्स केशव चौबे मनोज कुमार सिंह अमरेश श्रीवास्तव चंद्रभूषण सिंह नागेंद्र साहनी विजय साहू राजन गुप्ता अमित पांडे इत्यादि जिला पदाधिकारी एवं अनुसूचित जाति के सम्मानित पंचायत जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही जयप्रकाश गुप्ता बद्री प्रसाद रोशन तिवारी दीपू जयसवाल प्रमोद काजू शैलेश दुबे

## संक्षिप्त खबरें ।

### सिविल लाइन थाना की पुलिस ने महिला प्रताड़ना के मामले में एक आरोपी को किया गिरफ्तार

गया। बिहार के गया में सिविल लाइन थाना की पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज होने के 5 घंटे के अंदर महिला प्रताड़ना के मामले में एक आरोपी गुड्डू कुमार उर्फ सलीम को गिरफ्तार किया है इसकी खुलासा गया के एसएसपी आनंद कुमार ने गुरुवार को शाम 5:00 बजे प्रेस रिलीज जारी कर की है। एसएसपी आनंद कुमार ने बताया कि सिविल लाइन थाना क्षेत्र के तिल धर्मशाला मोहल्ले का रहने वाला गुड्डू कुमार उर्फ सलीम पिता कैलाश प्रसाद को महिला प्रताड़ना के मामले में 5 घंटे के अंदर गिरफ्तार किया गया है।गिरफ्तार आरोपी के पत्नी ने ही लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी को दर्ज कराई थी और उसमें लिखी थी कि मेरे पति के द्वारा हमेशा गाली गलौज और मारपीट की घटना की जाती है। जब इसका हम विरोध करते थे तो जान से मार देने की धमकी भी देता था। लिखित आवेदन देने के बाद प्राथमिकी दर्ज होते ही 5 घंटे के अंदर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। जिससे पूछताछ के बाद आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### ए डिवीजन लीग मैच में लौंद क्रिकेट क्लब विजयी

सुनील कुमार

नवादा : जिला क्रिकेट एसोसिएशन नवादा के द्वारा में आयोजित ए डिविजन लीग के पांचवें मैच में आज लौंद क्रिकेट क्लब का मुकाबला मिर्जापुर स्पोर्टिंग क्लब से हुआ। जिसमें टॉस जीतकर लौंद क्रिकेट क्लब पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 35 ओवर में 279 रन बनाकर ऑल आउट हुई। लौंद के बल्लेबाज सूरज ने 79 लव कुश ने 70 जबकि सोनू ने 54 रनों का योगदान अपनी टीम के लिए दिया। गेंदबाजी करते हुए मिर्जापुर स्पोर्टिंग क्लब के गेंदबाज आकाशदीप ने तीन जबकि अनुराग, प्रभाकर एवं निरंजन ने दो–दो खिलाड़ियों को आउट किया। इसके जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी मिर्जापुर स्पोर्टिंग की टीम पूरे 35 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 218 रन ही बना सकी। मिर्जापुर के बल्लेबाज आनंद ने 55 निरंजन ने 50 जबकि आदित्य राज ने भी 42 रनों का योगदान अपनी टीम के लिए दिया लेकिन अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके।गेंदबाजी करते हुए लौंध क्रिकेट क्लब के गेंदबाज योगेश पटेल एवं मोहम्मद शाहरुख ने तीन–तीन जबकि दीपू ने दो खिलाड़ियों का आउट किया इस तरह से ली के अपने पहले मुकाबले में लौंद क्रिकेट क्लब ने मिर्जापुर स्पोर्टिंग क्लब को 61 रनों के अंतर से हरा दिया। आज के मैच में शानदार गेंदबाजी करने वाले योगेश पटेल को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी दी गई । आज के मैच में अंपायरिंग की भूमिका मेंपंकज कुमार एवं पवन थे जबकि सुरेश यादव मैं मैच रेफरी की भूमिका निभाई।

### केंद्रीय गृह राज्य मंत्री मंत्री नित्यानंद राय का भाजपा जिला उपाध्यक्ष ने किया भव्य स्वागत

दीपक कुमार

मुजफ्फरपुर।केंद्रीय गृह राज्य मंत्री मंत्री नित्यानंद राय ने गुरुवार मुजफ्फरपुर जिले के बैरिया स्थित महेश भगत बनवारी लाल कालेज के परिसर में सभा को संबोधित किया। इससे पहले भाजपा जिला उपाध्यक्ष रानी सिंह ने केन्द्रीय मंत्री नित्यानंद राय का स्वागत किया।इस दौरान उन्होंने संविधान के महत्व और इसके प्रावधानों को लेकर जागरूकता फैलाने पर जोर दिया। मौके पर उन्होंने कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि कांग्रेस की तुष्टीकरण के कारण भारत, पाकिस्तान से एक दिन बाद आजाद हुआ।केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने आज अपनी मुजफ्फरपुर में संविधान गौरव यात्रा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस की तुष्टिकरण नीति के कारण ही भारत, पाकिस्तान से एक दिन बाद आजाद हुआ है कांग्रेस की तुष्टिकरण नीति का विरोध भीमराव अंबेडकर साहब करते थे। 370 धारा कश्मीर में लागू न हो इसके लिए भीमराव अंबेडकर बार–बार प्रयास करते रहे। आज 370 की धारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हटा दिया तो भीम राव अंबेडर जी की आत्म को शांति मिली है।नित्यानंद राय ने कहा ति राजद और कांग्रेस मिलकर शादी के गीतों और अंतिम संस्कार में राम भगवान का नाम लेना बंद करवा देंगे।इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग और भाजपा कार्यकता शामिल हुए।

### अनियंत्रित बाइक पलटने से दो सवार घायल

एकमा (सारण)। एकमा–कलान सड़क पर खानपुर गांव के समीप बाइक के अचानक अनियंत्रित होकर पलट जाने से दो सवार घायल हो गये?। दोनों घायलों को लाकर एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ विकास कुमार विमल ने प्राथमिक उपचार के बाद बताया कि घायलों के हालात में सुधार हो रहा है।

# नवादा : आयोध्या राम मंदिर के प्रथम वर्षगांठ पर देर रात तक भक्ति जागरण में झूमते रहे श्रद्धालु, उद्घाटनकर्ता डॉ. अनुज ने दिया सनातन धर्म का संदेश

## यूपी व पटना के कलाकारों ने प्रस्तुत किया एक से बढ़कर एक भक्ति, लोगों में दिखा गजब का उत्साह

लोक तंत्र की आवाज

सुनील कुमार



**नवादा।** अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ पर नगर के पुरानी बाजार महावीर मंदिर में भव्य भक्ति जागरण का आयोजन हुआ, जिसमें देर रात तक भक्ति गीतों पर राम भक्त झूमते रहे। इसको लेकर सनातन धर्म ही नहीं बल्कि मुस्लिम धर्म के लोगो ने भी बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। महावीर मंदिर परिसर में अयोजित भक्ति जागरण में लोगों का गजब उत्साह देखने को मिला। भक्ति जागरण का विधिवत उद्घाटन षिक्षाविद व समाजसेवी मॉडर्न ग्रुप के चेयरमैन डॉ अनुज ने दीप प्रज्वलित कर महावीर मंदिर में पूजा किये। इस दौरान आयोजन समिति के अध्यक्ष कार्तिक कुमार तथा स्थानीय वार्ड पार्षद कुमकुम गुप्ता व उनके पति पूर्व वार्ड पार्षद रंजीत कुमार ने मुख्य अतिथि डॉ अनुज सिंह और उनके साथ रहे राजेष सिन्हा को शॉल व रामजी का प्रतिक चिन्ह देकर सम्मानित किया। भाक्ति जागरण को सम्बोधित करते हुए षिक्षाविद व समाजसेवी मॉडर्न ग्रुप के चेयरमैन डॉ अनुज ने कहा कि वार्ड नम्बर 23 के पुरानी बाजार स्थित प्रसिद्ध महावीर मंदिर में आयोध्या राम मंदिर के प्रथम वर्षगांठ पर आयोजित यह समारोह सनातन धर्म का सीख देता है। उन्होंने कहा कि आयोध्या राम मंदिर के प्रथम वर्षगांठ पूरे देष–दुनिया में मनाया जा रहा है, ऐसे में नवादा के पुरानी बाजार महावीर मंदिर का यह आयोजन काफी सुंदर है। उन्होंने कहा कि दो दिवसीय वार्षिकोत्सव के साथ रामचरित्र मानस का अखंड पाठ हमें सनातन धर्म के प्रति आस्था का सीख देता है। उन्होंने कहा कि मुझे गर्व है कि ऐसे आयोजन में शामिल होने का मुझे गर्व है। उन्होंने कहा कि बहुत दिनों तक अंग्रेजों ने यहां राज किया, बहुत दिनों तक मुगलों ने राज किया, आज 7–8 सौ वर्षों बाद हमें गुलामी से आजादी मिली है। नरेन्द्र मोदी की सरकार में यह बड़ी सौगात पूरे देष को मिला है। उन्होंने कहा कि हम सभी को अपना रोजी–रोजगार करते हुए बच्चों को षिक्षित करते हुए सनातन धर्म से जुड़े रहें। हमारी विरासत का सनातन धर्म फिर से लौट रहा है। 144 साल बाद महाकुंभ लगा है, जहां दुनिया भर के करोड़ों लोग ने डुबकी लगाया है। उन्होंने कहा ऐसे उत्सव में उपस्थित होने का जो अवसर मिला है उसके लिए आयोजन समिति को साधुवाद देते हैं और अपनी संस्कृति व सभ्यता को हमेषा अपने संस्कारों में खुद को भी उतारें और आने वाली पीढ़ि को भी जागरूक करें। यहां राम लला का डेरा है.......... जैसी भक्ति गीतों पर देर रात तक झूमते रहे श्रद्धालु : पुरानी बाजार स्थित प्राचीन महावीर मंदिर के प्रांगण में अयोध्या राम मंदिर के प्रथम वर्षगांठ पर आयोजित भक्ति जागरण में यूपी वाराणसी व पटना से आये कलाकारों ने देर रात तक श्रद्धालुओं को भक्ति भाव में डुबा दिया। कार्यक्रम की शुरूआत के साथ कलाकारों ने जैसे यहां राम लला का डेरा है..... भक्ति गीत की शुरूआत की वैसे ही वहां मौजूद लोग झूम उठे। वहीं वाराणसी की गायिका रानी ने मेरे झोपड़ी के भाग आज खुल जायेंगे राम आयेंगे...... जब गाना शुरू किया तब लोग हाथ उठाकर झूमने लगे। इसके साथ ही यूपी के गायक रंजीत सरदार और पूजा की भक्ति गीतों ने श्रद्धालुओं को भक्तिरस में पिरो दिया। इस दौरान पटना से आये कलाकारों ने भक्ति जागरण में एक से बढ़कर एक झांकी प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। इस दौरान नगर के अस्पताल रोड स्थित हनुमान मंदिर, सब्जी बाजार महावीर मंदिर, षोभनाथ मंदिर, साहेब कोठी मंदिर, प्रसाद बिगहा दुर्गा मंदिर तथा स्टेषन रोड स्थित देवी मंदिर सहित जिले के विभिन्न देवी–देवताओं की मंदिर में सनातन घर्मावंल्बियों के द्वारा पूजा–पाठ किया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में समिति से जुड़े वार्ड 23 के पूर्व वार्ड पार्षद रंजीत कुमार, समिति के अध्यक्ष कार्तिक कुमार, मंदिर के पुजारी चंदन पांडेय, पत्रकार सूरज कुमार, चंदन कुमार, जीतू कुमार, मिथुन कुमार, विनोद कुमार उर्फ बब्लू, गोलू कुमार, पंकज कुमार उर्फ टुनटुन, विष्णु कुमार, शाष्वत राज चौरसिया, छोटू कुमार गुप्ता तथा अशोक प्रसाद गुप्ता आदि जुटे रहे। वहीं साज–सजावट का कार्य विष्णु लाईट के मंटू तथा प्रसाद वितरण का आयोजन मो रेयाज उर्फ गुड्डू सोनी टेंट की ओर से किया गया था। सब्जी बाजार महावीर मंदिर में देर रात तक हजारों श्रद्धालुओं ने किया भंडारा का प्रसाद ग्रहण : आयोध्या राम मंदिर के प्रथम वर्षगांठ पर नगर के सब्जी मंडी स्थित महावीर मंदिर में सब्जी व्यवसायी संघ के द्वारा भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें दोपहर बाद शुरू हुई भंडारा रात्रि करीब 11 बजे तक लोगों की भीड़ भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने जुटे रहे। हजारों की संख्या में लोगों भंडारे में पूरी, सब्जी व खीर को प्रसाद के रूप में ग्रहण किया। इसके लिए दूर–दूर से श्रद्धालु भंडारा का प्रसाद लेने पहुंच रहे थे। इसके सफल आयोजन में सब्जी मंडी व्यवसायी संघ के राजन कुमार, राहुल कुमार, संजीत कुमार, बिट्टू कुमार, मनीष कुमार, बंटी कुमार तथा सन्नी कुमार सहित दर्जनों की संख्या में सब्जी कारोबारी जुटे रहे। राम उत्सव में मुस्लिम युवक ने पेष किया आस्था का मिसाल, लोगों में बांटा शुद्ध घी के बुंदिया आयोध्या राम मंदिर के प्रथम वर्षगांठ पर हर समुदाय के लोग जुटे रहे। नवादा शहर के पुरानी बाजार स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर परिसर के समीप श्रद्धालुओं में मुस्लिम युवक मो गुड्डू ने अपने खर्च पर शुद्ध घी के बुंदिया बतौर प्रसाद के रूप में मंदिर समिति के माध्यम से वितरण कराने का काम किया। मुस्लिम रोड निवासी सोनी टेंट संचालक मो गुड्डू ने मंदिर समिति को दो क्विंटल शुद्ध घी का बुंदिया वितरण कराने का पूरा खर्च देकर आस्था और सद्भाव का मिसाल दिया। उन्होंने बताया कि हमारा देष सभी धर्मो का देष है, हम भाईचारे के साथ हर त्योहारों को मनाते हैं, ऐसे में भगवान श्री राम का आयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ को भव्य उत्सव के रूप में बनाये जाने की बात आई तो मैं भी अपने आप को रोक नहीं सका और आस्था के साथ इस महा उत्सव में प्रसाद वितरण का पूरा खर्च वहन करने का जिम्मा ले लिया। इसके लिए उन्होंने मंदिर समिति को धन्यवाद दिया और कहा कि आगे भी हम मिल–जुलकर सभी पर्व को मनायेंगे। मो गुड्डू की आस्था और सौहार्द चर्चा का विषय बन गया।

### रामाधार सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में नेताजी सुभाष चंद्र बोस व कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनी




लोकतंत्र की आवाज

**एकमा (सारण)।** रामाधार सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, आमडाढ़ी, एकमा स्थित डॉ राजेंद्र प्रसाद सभागार में नेताजी सुभाष चंद्र बोस व कर्पूरी ठाकुर की जयंती के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना से समारोह का शुभारंभ हुआ।अपने संबोधन में संस्थान के सचिव ई जयप्रकाश सिंह ने युवाओं को नेताजी के विचारों व संघर्षों से प्रेरणा लेने की बात कही। उन्होंने बताया कि सुभाष चंद्र बोस का जीवन सादगी व समर्पण का अद्वितीय उदाहरण है, जिससे युवाओं को अपने लक्ष्यों को पाने के लिए मार्गदर्शन लेने की आवश्यकता है।कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य डॉ. सत्यप्रकाश दास ने नेताजी व कर्पूरी ठाकुर के व्यक्तित्व व शैक्षणिक उद्देश्यों की चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों से उनके आदर्शों को आत्मसात करने का आग्रह किया। इस अवसर पर सभी शैक्षिक एवं गैर–शैक्षिक कर्मचारी शामिल ।मंच का संचालन बीएड द्वितीय वर्ष की छात्राध्यापिका ने किया।कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

### नेशनल एथलीट विकास सिंह राठौर ने क्विज प्रतियोगिता के विजेताओं को किया सम्मानित – जीएसएम सेंट्रल स्कूल की 7वीं वर्षगांठ पर क्विज प्रतियोगिता आयोजित

लोकतंत्र की आवाज



**एकमा (सारण)।** एकमा प्रखंड के छोटकी घुरापाली में संचालित जीएसएम सेंट्रल स्कूल ने अपनी 7वीं वर्षगांठ को खास बनाने के लिए एक प्रेरणादायक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया। बुधवार की शाम आयोजित इस सम्मान कार्यक्रम में लगभग 200 से अधिक छात्र–छात्राओं ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र–छात्राओं क्रमशः सिद्धार्थ सिंह, रूही सिंह, परिधि सिंह, रौनक राज, अमृतांशु रंजन, सौरभ चौबे आदि को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेशनल एथलीट विकास सिंह राठौर ने विशेष रूप से पुरस्कृत व सम्मानित किया। इस दौरान प्रतियोगिता के अव्वल तीन विजेताओं के पूरे एक साल की एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की एक बच्ची की आजीवन स्कूल फीस अपनी तरफ से जमा कराने की घोषणा कर छात्र–छात्राओं का हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय एथलीट श्री राठौर ने न केवल छात्रों को सम्मानित किया, बल्कि उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित भी किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रिंसिपल सुमेल सिंह ने कहा कि नेशनल एथलीट विकास सिंह राठौर एवं उनकी धर्मपत्नी सारण जिला सेपटाकरा एसोसिएशन की जिलाध्यक्ष तनुजा सिंह के द्वारा अब तक निःस्वार्थ भाव व गैर राजनैतिक रुप से क्षेत्र में समाजसेवा कार्य करते हुए अबतक विभिन्न निजी विद्यालयों में पढ़ने वाले आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लगभग 50 छात्र–छात्राओं के मासिक फीस जमा कराने के लिए मदद का हाथ बढ़ाने की पहल करने की मुक्त कंठ से प्रशंसा किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य सुमेल सिंह, शिक्षकगण रौनक सर, आशीष सर, टप्पू सर, मौसम मिस, अलका मिस, तान्या मिस, प्राची मिस, सिमरन मिस, डिंपल मैम, आरती मैम, बेबी मिस, प्रियांशु मिस, खुशी मिस आदि के अलावा अभिभावक व क्षेत्रीय कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### 13 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ उत्पाद विभाग ने एक धंधेबाज को किया गिरफ्तार

लोक तंत्र की आवाज



**रजौली (नवादा)** थाना क्षेत्र के गुरुवार को उत्पाद विभाग की टीम ने अंधरवारी गांव में छापेमारी अभियान चला कर 13 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया है।उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि गुप्त सूचना की मिला कि अंधवारी गांव में खलिहान में शराब रखा हुआ है।सूचना के आलोक में एक टीम का गठन किया गया है।अंधरवारी गांव में महेंद्र यादव के पुत्र करण कुमार ने अपने खेत में पुआल में विदेशी शराब छुपा कर मन्नू कुमार के द्वारा चोरी छिपे बिक्री की जा रही है।इस सूचना के आलोक में छापेमारी की गई।एक व्यक्ति खलिहान में भाग रहा है।जिसे पीछा कर पकड़ कर खलिहान से तलाशी लेने पर रॉयल स्टैग डीलक्स व्हिस्की 750 एमएल का चार बोतल, मैजिक मोमेंट रीमिक्स ऑरेंज फ्लेवर्ड वोडका 375 एमएल का 9 बोतल शराब को बरामद किया गया है।सभी शराब पर झारखंड ओन्ली अंकित पाया गया है।गिरफ्तार व्यक्ति जो भाग रहा था।वह अजीत प्रसाद का पुत्र मन्नू कुमार है।पूछ–ताछ के क्रम में बताया कि बरामद शराब की आपूर्ति गिरफ्तारी की कुछ देर पहले ही सपही निवासी संदीप ठाकुर के पुत्र विकास उर्फ मनीष कुमार के द्वारा उसे पहुंचा कर बिक्री के लिए दिया गया है।गिरफ्तार शराब धंधेबाज के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।छापेमारी के क्रम में अवर निरीक्षक प्रवीण कुमार, निरीक्षक मद्य निषेध अजय कुमार सहायक अवर निरीक्षक, सुबोध कुमार सहायक अवर निरीक्षक एवं मद्य निषेध सिपाही बीणा कुमारी एवं आकृति सिंहा उपस्थित थे।

### निगरानी की टीम ने दरभंगा जिला शिक्षा पदाधिकारी के स्कूल पर की छापेमारी

लोकतंत्र कि आवाज

मुरारी झा




**दरभंगा।** जीवछ घाट स्थित बिरला ओपन माइंड इनटरनेशनल स्कूल की संचिकाओं को निगरानी की टीम गुरूवार की सुबह 8 बजे से देर शाम खबर लिखे जाने तक खंगालती रही।फिलहाल टीम की ओर से की जा रही कार्रवाई की स्पष्ट जानकारी निकलकर सामने नहीं आई है। अब तक मिली जानकारी के अनुसार बेतिया के वर्तमान जिला शिक्षा पदाधिकारी रजनीकांत प्रवीण की पत्नी सुष्मा कुमारी दरभंगा समस्तीपुर और बगहा में प्राइवेट स्कूल का संचालन करती है। दरभंगा के गौशाघाट स्थित बिरला ओपन माइंड इनटरनेशनल स्कूल के परिसर में निगरानी की टीम पहुंच कर संचिकाओं को खन्हाल रही है। मामले में अब तक कोई भी आधिकारिक बयान निकलकर सामने नहीं आया है। विद्यालय परिसर को पूरी तरह सील रखा गया है। अंदर किसी को प्रवेश नहीं दिया जा रहा है।बताया जाता है कि निगरानी की टीम यहां से कुछ नगदी समेत लाखों के अन्य दस्तावेज जब्त कर चुकी हैं। इस मामले में निगरानी शिक्षकों और कर्मचारियों से भी पूछताछ कर रही है। दरअशल, बिरला ओपेन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल की फ्रेंचाइजी डीईओ रजनी कान्त प्रवीण ने अपनी पत्नी सुषमा कुमारी के नाम से ली है। सुषमा कुमारी बतौर निदेशक इस स्कूल का संचालन कर रही हैं। यह भी बताया जाता है कि डीईओ रजनीकांत प्रवीण ने अवैध तरीके से संपत्ति अर्जित कर संविदा पर शिक्षक पद पर बहाल अपनी पत्नी सुषमा कुमारी को बिरला ओपेन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल की फ्रेंचाईजी लेकर उसका निदेशक बना दिया।बता दें कि बेतिया के जिला शिक्षा पदाधिकारी रजनीकांत प्रवीण वर्ष 2015 से 2017 तक दरभंगा में डीपीओ स्थापना व समग्र शिक्षा के पद पर थे। सूत्रों के अनुसार उन्होंने यहां डीपीओ रहते हुए सदर प्रखंड क्षेत्र में स्कूल के लिए जमीन खरीदी थी। निगरानी विभाग की छापेमारी की सूचना से जिले के शिक्षा विभाग में अफरा तफरी का माहौल है।

### भेल्दी में मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन, अभियुक्त गिरफ्तार पुलिस ने किया हथियार व उपकरण बरामद

लोकतंत्र की आवाज



**छपरा (सारण)।** सारण पुलिस ने भेल्दी थाना अंतर्गत मुरली सिरसिया गांव में छापेमारी कर मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। छापेमारी में विभिन्न प्रकार के अर्द्ध निर्मित हथियार और हथियार बनाने वाले उपकरण बरामद किए गए।मुख्य आरोपी सुमन ठाकुर, जो पहले माओवादियों को हथियारों की आपूर्ति करता था, को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार, सुमन ठाकुर पर पहले से तीन प्राथमिकी दर्ज हैं। डीएसपी मढ़ौरा नरेश पासवान ने जानकारी दी कि अभियुक्त पर भेल्दी थाना में कांड संख्या 32/2001, कांड संख्या 143/21 और कांड संख्या 207/21 पहले से दर्ज हैं। मामले का खुलासा मुफस्सिल थाना पुलिस की जांच के दौरान हुआ, जिसमें गिरफ्तार एक अभियुक्त ने बताया कि उसने हथियार भेल्दी थाना क्षेत्र के मुरली सिरसिया गांव स्थित सुमन ठाकुर के घर से खरीदे थे। इस सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए भेल्दी थाना और मुफस्सिल थाना की पुलिस टीम ने संयुक्त छापेमारी की।पुलिस ने बताया कि आरोपी के घर से हथियार बनाने की कई सामग्री और अर्द्ध निर्मित हथियार जब्त किए गए हैं। इस कार्रवाई को माओवादियों और अपराधियों के खिलाफ पुलिस के प्रयासों में एक बड़ी सफलता माना जा रहा है। मामले में आगे की जांच जारी है।

### विधानसभा चुनाव को मुख्यमंत्री के नेतृत्व में ही लड़ा जाएगा– कार्यक्रम संयोजक

लोकतंत्र की आवाज़



**गया।** बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने अपनी रणनीति पर 15 जनवरी से एनडीए की संयुक्त बैठक की शुरुआत हुई ,जो 25 फरवरी तक चलेगी, इस रणनीति के दौरान आज दिनांक 23–01–2025 को बोधगया स्थित बोधी पैलेस रिजॉर्ट में एनडीए राज्य कार्यक्रम संयोजक चंदन सिंह के नेतृत्व में एणडीए के पांच घटक दल–बीजेपी जिला अध्यक्ष गया प्रेम प्रकाश उर्फ चिंटू सिंह, जनता दल (यूनाइटेड), गया ग्रामीण जिलाध्यक्ष द्वारका प्रसाद, जदयू जिलाध्यक्ष महानगर गया राजकुमार प्रसाद उर्फ राजू बरनवाल , लोजपा (रामविलास) गया जिलाध्यक्ष दिलीप सिंह हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा गया के जिलाध्यक्ष नारायण मांझी व जिलाध्यक्ष महानगर गया मुकेश चौधरी और राष्ट्रीय लोक मोर्चा गया के जिलाध्यक्ष बंटी कुशवाह ने एकजुट होकर एनडीए राज्य कार्यक्रम संयोजक की बैठक का मंच साझा किए है।इस बैठक को जदयू प्रदेश महासचिव चंदन कुमार ने एनडीए समर्थित पदाधिकारी गणों को संबोधित कर कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी विधानसभा चुनाव में एणडीए को 225 सीटों पर जीत दिलाने के लिए रणनीति तैयार करना है. इसके लिए एणडीए के सभी दलों के प्रदेश अध्यक्ष, जिला स्तर के नेता, प्रखंड स्तर के नेता और पंचायत स्तर के नेता आगामी 1 फरवरी 2025 को बैठक में भाग लेंगे। एनडीए समर्थित गया जिलाध्यक्षयों ने एनडीए के पदाधिकारी गणों को एकजुट कर स्पष्ट रूप से कहा कि इस साल हो रहे विधानसभा चुनाव को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही लड़ा जाएगा, डबल इंजन सरकार की उपलब्धियों को जन–जन तक पहुंचाने और कार्यकर्ताओं को एकजुट करने के लिए इस बैठक का आयोजन किया गया है । इसके साथ ही गठबंधन के भीतर तालमेल मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम है। बरनवाल कहा कि डबल इंजन सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने और गठबंधन की एकजुटता दिखाने के इस प्रयास ने बिहार के राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी है. एनडीए का मिशन 2025 केवल सीटों का आंकड़ा भर नहीं है, बल्कि यह विपक्षी दलों को कड़ी चुनौती देने और नीतीश कुमार के नेतृत्व में फिर से सत्ता में लौटने का सुनियोजित प्रयास है, हमलोगों ने 2025 में 225 का लक्ष्य तय किया है. उसे प्राप्त करने में सफल होंगे।इस बैठक में बेलागंज विधायिका मनोरमा देवी, वजीरगंज विधायक वीरेंद्र सिंह, बाराचट्टी विधायिका ज्योति मांझी, पूर्व सांसद राम मांझी, पूर्व विधायक मंत्री विनोद यादव, पूर्व विधायक कृष्णानंद यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा धनराज शर्मा , डा मनिष पंकज मिश्रा, सन्तोष सिंह,पूर्व विधान पार्षद संजीव श्याम सिंह, अरविंद सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष शौकत अली, रोमित जी, देवरानी देवी, संतोष सिंह सहित सैकड़ों एनडीए समर्थित पदाधिकारी गणों की मौजूदगी रही है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### दुर्गापुर गांव में अखंड राम धुनी का हुआ आयोजन, जय श्री राम के नारे से गुंजायमान हुआ माहौल



लोकतंत्र की आवाज
गजेन्द्र कुमार
सहरसा सोनवर्षा राज।- प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों सहित मंगवार पंचायत के दुर्गापुर गांव स्थित राम जानकी ठाकुरबाड़ी में दो दिवसीय अखंड रामधुनी का आयोजन किया गया। जिसमें गांव का भ्रमण करते हुये जय श्री राम के नारे से गुंजायमान हुआ माहौल। यह आयोजन भगवान राम के अयोध्या मंदिर में विराजमान होने का 1 वर्ष पूरा होने पर वार्षिक उत्सव के अवसर पर किया गया है। आयोजन में समस्त ग्रामीणों के सहयोग से किया गया है। वहीं पंचायत स्थित मां भगवती स्थान डीह टोल एवं मां जीवछ मंदिर के प्रांगण में भी 48 घंटे तक का अखंड राम धुनी रमाए गई है। इस दौरान राम-जानकी ठाकुरवाडी.दुर्गापुर के कमिटी द्वारा पुरे गांव में जगह जगह जय श्री राम का झंडा लगाते हुए भ्रमण किया। कार्यक्रम के संध्या 751 दिये जला कर दिपोउतसव मनाया। वहीं राम नाम संकीर्तन के दौरान विभिन्न मंडलीयों द्वारा रामलीला भी दिखाया गया। जिस दौरान राम लीला देखने वाले दशकों की भीड़ उमड़ पड़ी। मौके पर ठाकुरवाड़ी के महन्त श्री गोपाल दास, उपेन्द्र दास ,प्रकाश पंडित, शंभू साह , पंकज पंडित, रिनटु साह, अमर कुमार, विकास, गजेन्द्र मंडल, राजेश मंडल, बबलू मंडल, सुबोध साह, सुनिल कुमार, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

### कुहासे से गेहूं को फायदा, सड़क मार्ग पर वाहन चालकों को परेशानी



लोकतंत्र की आवाज
चन्दन कुमार पासवान
सिमरी बख्तियारपुर/ सहरसा। सिमरी बख्तियारपुर नगर परिषद क्षेत्र के रंगीनियां पेट्रोल पंप के समीप रानी बाग से सोनवर्षा राज जानें वाली मुख्य सड़क जियालाल मंडल मुख्य द्वार से गुजरने वाली वाहनों को होती है कोहरे से परेशानी। भीषण ठंड का प्रकोप से जन जीवन अस्त-व्यस्त सड़कों पर कोहरा छाया रहा। कोहरे से सड़कों पर भाड़ी वाहनों को आवाजाही करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।यातायात में भाड़ी वाहनों को सड़क मार्ग पर होती है कठिनाई। सिमरी बख्तियारपुर एन एच 107 नगर परिषद क्षेत्र के रंगीनियां पेट्रोल पंप के समीप जियालाल मंडल मुख्य द्वार के मुख्य मार्ग सोनवर्षा राज सिमरी बख्तियारपुर के सड़क पर कोहरे का नज़ारा देख लोगों को घर से बाहर निकल पाना मुश्किल हो रहा है। हालांकि इस कुहासे से गेहूं को फायदा तो हो सकता है जिससे अच्छी फसल किसानों को मिल सकती है।

### बड़गांव निवासी अविनाश खां बने जदयू के प्रदेश महासचिव, कार्यकर्ताओं ने जताया हर्ष

लोकतंत्र की आवाज
सोनवर्षा राज सहरसा संवादाता। प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत बड़गांव निवासी सह मुखिया प्रतिनिधि अविनाश कुमार खां उर्फ बौआ खां को प्रदेश नेतृत्व द्वारा जदयू शिक्षा प्रकोष्ठ बिहार के प्रदेश महासचिव के पद पर मनोनित किया है। जिसको लेकर नव मनोनित प्रदेश महासचिव श्री खां ने प्रदेश नेतृत्व के प्रति सहृदय आभार प्रकट करते हुए कहा कि मैं पूरी निष्ठा से पार्टी के मजबूती के लिए काम करूंगा। मुझ पर विश्वास बनाए रखने के लिए विशेष तौर पर मैं अपने प्रदेश अध्यक्ष का शुक्र गुजार हूं कि उन्होंने मुझ पर अपना भरोसा जताते। साथ ही मैं बिहार के यशस्वी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, हमारे राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा एवं जदयू के सभी सम्मानित पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करता हूं की इन्होंने जो मुझ पर भरोसा जताया। शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव बनाए जाने पर जदयू के कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है। हर्ष व्यक्त करने वाले में मधेपुरा के सांसद दिनेश चन्द्र यादव, बिहार सरकार के मद्य निषेध उत्पाद एवं निबंधन विभाग के मंत्री रत्नेश सादा, जदयू जिलाध्यक्ष चन्द्रदेव मुखिया, जदयू के प्रखंड अध्यक्ष जय कुमार सिंह, जदयू के जिला उपाध्यक्ष संजय विश्वास, सोनवर्षा प्रखंड युवा जदयू के अध्यक्ष धीरज कुमार पंकज, जदयू प्रवक्ता हरदेव मुखिया, घनश्याम सिंह, धिरेन्द्र कुमार सिंह सहित अन्य ने हर्ष जताया है।

### अररिया में मेडिकल कॉलेज की घोषणा पर सांसद प्रदीप सिंह को क्षेत्रवासियों ने मिठाई खिलाकर किया आभार व्यक्त



लोक तंत्र की आवाज
अररिया ।अररिया में मेडिकल कॉलेज के निर्माण की घोषणा के बाद, सांसद प्रदीप कुमार सिंह के आवास पर क्षेत्रवासियों ने खुशी का इज़हार करते हुए उन्हें आभार व्यक्त किया। इस मौके पर लोगों ने सांसद को मिठाई खिलाकर उनके प्रयासों की सराहना की और धन्यवाद दिया। स्थानीय निवासियों ने कहा कि यह मेडिकल कॉलेज की मांग सांसद प्रदीप कुमार सिंह का सपना था, इसकी मांग को लेकर जिसे उन्होंने जोर-शोर से अपनी आवाजे बुलंद की थी आज उनका यह सपना साकार हुआ है, जिसके लिए वे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का भी आभार व्यक्त करते हैं। सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने इस अवसर पर कहा कि यह उपलब्धि उनके नहीं, बल्कि अररिया लोकसभा के सभी लोगों की है। उन्होंने कहा कि इस मेडिकल कॉलेज के निर्माण से न केवल स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होगा, बल्कि इससे क्षेत्रीय विकास को भी गति मिलेगी। साथ ही, उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और राज्य सरकार को इस ऐतिहासिक पहल के लिए धन्यवाद दिया।

# सहरसा: उत्सव समिति के 51 सदस्यीय टीम अमृत महोत्सव में भाग लेकर वापस सहरसा पहुंचा

लोकतंत्र की आवाज

**सहरसा संवादाता।** अमृत महोत्सव में भाग लेने के बाद अयोध्या धाम उत्तर प्रदेश से महोत्सव समिति की 51 सदस्यीय टीम सोमवार को ट्रेन से सहरसा पहुंची। श्री शिव शक्ति योगपीठ नवगछिया के पीठाधीश्वर श्री रामचन्द्राचार्य स्वामी अगमानंद जी महाराज का अमृत महोत्सव गुरुवर श्री वेंकटेश कांकर्यनिष्ठ श्रीमज्जगद्गुरु रामानुजाचार्य अनंत श्रीसामलंकृतोत्तरोत्तरोताद्रि पीठाधीश्वर स्वामी अनंताचार्य जी महाराज की जयंती के अवसर पर 12 से 18 जनवरी तक अयोध्या धाम में स्वामी अगम नंद जी महाराज के रूप में धूमधाम से समन्वय स्थापित किया गया।



महोत्सव समिति के सदस्य ज्योति कुमार सिंह ने बताया कि अमृत महोत्सव का उद्घाटन श्रीमज्जगगुरु रामानुजाचार्य अनंतश्री विभूषित पूज्यपाद स्वामी श्री वासुदेवाचार्य जी महाराज श्री विद्याभास्कर जी महाराज ने किया. स्वामी अगम नंद जी महाराज के अनुयायियों को श्रीमद् भागवत सप्ताह कथा महाज्ञान यज्ञ के प्रत्येक दिन अलग-अलग पीठों के अधिश्वर श्रीमद जगद गुरु रामानुजाचार्य अनंत श्रीविभूषित पूज्यपाद से मिलने और सुनने का सौभाग्य मिला जो अद्भुत था। दूसरे दिन श्री बैकुंठधाम के पीठाधीश्वर स्वामी श्री श्याम नारायणाचार्य जी महाराज, तीसरे दिन स्वामी श्री बालकृष्णाचार्य जी महाराज, चौथे दिन स्वामी श्री श्रीधराचार्य जी महाराज, पांचवें दिन स्वामी श्री रघुनाथ देशिक जी महाराज कार्यक्रम में महाराज का पदार्पण हुआ। भागवत सत्व कथा ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन सुबह भगवान श्रीकृष्ण के प्राकट्य दिवस पर स्वामी अनंताचार्य जी महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई गई। श्रीमज्जगादुरू रामानुजाचार्य ने श्री शिव शक्ति योगपीठ नवगछिया के पीठाधीश्वर को उत्तरतोताद्रि मठ विभीषणकुंड का युवराज घोषित करते हुए भगवान श्रीकृष्ण के प्राकट्योत्सव पर माला एवं चादर से सम्मानित किया अनन्तश्री विभूषित स्वामी श्रीवासुदेवाचार्य जी महाराज श्रीविद्याभास्कर जी महाराज ने स्वामी आगमानंद जी महाराज को गले लगाया। युवराज बनाए जाने पर स्वामी आगमानंद परिवार के अनुयायियों ही नहीं प्रशाल में बैठे अन्य प्रांतों से आए हुए सभी श्रद्धालुओं ने खड़े होकर तालियां बजाकर अपनी-अपनी खुशी जाहिर किया। भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का मुख्य यजमान सहरसा रौता निवासी शेम्पू कुमार सिंह और रिंकी सिंह थे। उत्सव समिति सहरसा के सभी सदस्य एक साथ हनुमान गढ़ी, राम लला मंदिर, भरत कुंड के साथ, सरयू नदी, प्रयागराज कुंभ स्नान किया।

श्रीसिंह ने आगे कहा कि स्वामी आगमानंद जी महाराज के युवराज बनने के बाद उनका पहला प्राकट्योत्सव जिले के रौता गांव में मनाया उनके अनुयायियों के द्वारा मनाया जाएगा। इस अवसर को भव्य और विराट रूप देने के लिए बिहार के भक्तों में उत्साह और उमंग है। इस बार के प्राकट्योत्सव में देश विदेश के काफी संख्या में अनुयायियों के भाग लेने की प्रबल संभावना है। कार्यक्रम की तैयारी जोरों पर हैं। कार्यक्रम में धर्म सभा, भक्ति संगीत, प्रवचन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। अमृत महोत्सव से भाग लेकर वापस आने वाले में राम कुमार सिंह, विप्लव रंजन, सोनु कुमार, सुभाष कुमार सिंह, पिंटू तिवारी, गुंजेश कुमार सिंह, सुरेश कुमार सिंह, विकास कुमार पिंकू, विनय शंकर सिंह, अजय कुमार सिंह, राहुल कुमार, रुमन सिंह, चुन्ना सिंह, संह, कामिनी सिंह, रानी कुमारी, रंजू देवी, अनुराधा सिंह, पल्लवी कुमारी, शबनम देवी, सोनी कुमारी, डॉ अंजनी कुमारी, मनीषा कुमारी, डॉली कुमारी, वंदना कुमारी,स्नेह लता कुमारी, प्रभा कुमारी एवं अन्य शामिल थे।

## वेतनमान की मांग को लेकर सीएम को दिया आवेदन, फेक्टनेब के नेताओं ने सीएम और डिप्टी सीएम की वार्ता



लोक तंत्र कीआवाज

**मधेपुरा।** अनुदानित सम्बद्ध डिग्री महाविद्यालयों के शिक्षक और कर्मचारियों को नियमित मासिक वेतन देने की मांग को लेकर फेक्टनेब (संबद्ध डिग्री महाविद्यालय शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी महासंघ) के बीएनएमयू इकाई के नेताओं ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मुलाकात की। यह बैठक गुरुवार को मधेपुरा में हुई, जिसमें नेताओं ने मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री को एक मांग पत्र सौंपा।

मांग पत्र में शिक्षकों ने बताया कि 30-35 वर्षों से बिना नियमित वेतन के काम कर रहे इन महाविद्यालयों के शिक्षक और कर्मियों की आर्थिक स्थिति बेहद खराब हो चुकी है। शिक्षकों ने यह भी बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा परीक्षाफल आधारित अनुदान देने की घोषणा की गई थी, लेकिन यह राशि इतनी कम है कि इससे उनका परिवार चलाना भी कठिन हो गया है। महासंघ के नेताओं, डॉ. तंद्रा शरण, प्रो. पुष्पलता सिंह और डॉ. त्रिभुवन प्रसाद मंडल ने मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि जैसा बिहार सरकार ने राज्य के अन्य शिक्षकों के लिए चयन समिति के माध्यम से सेवा सामंजन करवाया है, उसी तरह अनुदानित सम्बद्ध डिग्री महाविद्यालयों के शिक्षकों और कर्मियों को भी नियमित मासिक वेतन दिया जाए। इस कदम से इन शिक्षकों और कर्मियों को जीने के लिए एक सहारा मिलेगा और वित्त रहित कलंक से मुक्ति मिलेगी।

मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री ने शिष्टमंडल को आश्वासन दिया कि इस मांग पर सकारात्मक विचार किया जाएगा और जल्द ही एक समाधान निकाला जाएगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय अध्यक्ष प्रो. अरविंद कुमार यादव, प्रदेश महासचिव प्रो. दिनेश कुमार, मीडिया प्रभारी डॉ. संजय कुमार, महासचिव डॉ. बैद्यनाथ यादव, सचिव डॉ. अभय कुमार, डॉ. विनय कुमार झा, डॉ. सतीश कुमार, डॉ. अमित कुमार और अन्य नेता भी उपस्थित थे।

## दुर्गापुर गांव में अखंड राम धुनी का हुआ आयोजन, जय श्री राम के नारे से गुंजायमान हुआ क्षेत्र

लोकतंत्र की आवाज

गजेन्द्र कुमार
**सोनवर्षा राज सहरसा संवादाता।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों सहित मंगवार पंचायत के दुर्गापुर गांव स्थित राम जानकी ठाकुरबाड़ी में दो दिवसीय अखंड रामधुनी का आयोजन किया गया। जिसमें गांव का भ्रमण करते हुये जय श्री राम के नारे से गुंजायमान हुआ माहौल।

यह आयोजन भगवान राम के अयोध्या मंदिर में विराजमान होने का 1 वर्ष पूरा होने पर वार्षिक उत्सव के अवसर पर किया गया है। आयोजन में समस्त ग्रामीणों के सहयोग से किया गया है। वहीं पंचायत स्थित मां भगवती स्थान डीह टोल एवं मां जीवछ मंदिर के प्रांगण में भी 48 घंटे तक का अखंड राम धुनी रमाए गई है। इस दौरान राम-जानकी ठाकुरवाड़ी दुर्गापुर के कमिटी द्वारा पुरे गांव में जगह जगह जय श्री राम का झंडा लगाते हुए भ्रमण किया। कार्यक्रम के संध्या 751 दिये जला कर दिपोउतसव मनाया।

वहीं राम नाम संकीर्तन के दौरान विभिन्न मंडलीयों द्वारा रामलीला भी दिखाया गया। जिस दौरान राम लीला देखने वाले दशकों की भीड़ उमड़ पड़ी। मौके पर ठाकुरवाड़ी के महन्त श्री गोपाल दास, उपेन्द्र दास, प्रकाश पंडित, शंभू साह, पंकज पंडित, रिनटु साह, अमर कुमार, विकास, गजेन्द्र मंडल, राजेश मंडल, बबलू मंडल, सुबोध साह, सुनिल कुमार, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

## हमारे लिए राजनीति का मतलब सिर्फ सत्ता नहीं, बल्कि लोगों के दुख-सुख में सहभागी बनना है: संजीव मिश्रा

लोक तंत्र कीआवाज



- कर रहे हैं क्षेत्र भ्रमण दिखाया सामाजिक और राजनीतिक जुड़ाव, आगामी चुनावों में मजबूत समर्थन की संभावना

**छातापुर।** विकासशील इंसान पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और छातापुर विधानसभा के समाजसेवी संजीव मिश्रा ने हाल ही में क्षेत्र के कई शोकाकुल परिवारों से मिलकर उन्हें अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। यह कदम न केवल उनके राजनीतिक दृष्टिकोण को दर्शाता है, बल्कि उनके क्षेत्रीय विकास और समाज सेवा के प्रति प्रतिबद्धता को भी उजागर करता है।

संजीव मिश्रा ने मोहनपुर कटहरा पंचायत के पूर्व मुखिया प्रतिनिधि सुरेश कुशियेत के भाई के असामायिक निधन पर शोक व्यक्त किया और उनके परिवार को सांत्वना दी। इस मौके पर उन्होंने कहा, ₹हमारे लिए राजनीति का मतलब सिर्फ सत्ता नहीं, बल्कि लोगों के दुख-सुख में सहभागी बनना है।₹ उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि इस कठिन समय में परिवार के साथ खड़ा रहकर उन्हें सहयोग मिलेगा।

इसके अलावा, संजीव मिश्रा ने राजद प्रखंड अध्यक्ष चरणे निवासी राजेश यादव की बेटी के निधन पर भी संवेदना व्यक्त की और कहा, ₹इस दुख की घड़ी में हम सब एक साथ हैं। समाज की सेवा ही हमारी प्राथमिकता है।₹ इसी तरह, उन्होंने छातापुर के राजेश्वरी पश्चिम पंचायत के जगदीश मेहता के पिताजी के श्राद्धकर्म में भी शामिल होकर उनके परिवार को सहारा दिया।

संजीव मिश्रा का यह कदम उनके राजनीतिक रुझान को दिखाता है कि वे केवल चुनावी फायदे के लिए नहीं, बल्कि समाज के हर पहलू में शामिल होकर क्षेत्र के विकास में निरंतर योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ग्वालपाड़ा पंचायत के लुटाय मंडल और चरणे निवासी चंदन यादव के निधन पर भी संजीव मिश्रा ने शोक संवेदना व्यक्त की और परिवार के साथ पूरी संवेदनशीलता से जुड़े रहे।

संजय मिश्रा के इन कदमों ने यह साबित कर दिया है कि वे राजनीति में अपनी भूमिका केवल सत्ता के लिए नहीं, बल्कि समाज की भलाई के लिए निभाते हैं। उनकी कार्यशैली और क्षेत्रीय मुद्दों पर गहरी पकड़, आगामी चुनावों में विकासशील इंसान पार्टी के प्रति जनता का समर्थन और बढ़ा सकती है। उनके नेतृत्व में पार्टी के लिए नए अवसर खुलते दिख रहे हैं, जिससे आने वाले समय में क्षेत्रीय विकास को एक नई दिशा मिल सकती है।

## गणतंत्र दिवस 2025 की तैयारियों को लेकर अररिया में डीएम ने किया समीक्षा बैठक

लोक तंत्र की आवाज

**अररिया।** जिला पदाधिकारी अनिल कुमार की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस 2025 के कार्यक्रम की पूर्व तैयारी को लेकर अररिया स्थित समाहरणालय के आत्मन सभागार में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार भी उपस्थित थे। बैठक में मुख्य रूप से जिले में होने वाले गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह और अन्य झंडोत्तोलन कार्यक्रमों की योजना पर चर्चा की गई।



- झंडोत्तोलन और झांकी प्रदर्शन की योजनाओं पर अधिकारियों को दिए गए निर्देश

मुख्य समारोह नेताजी सुभाष स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा, जहां सुबह 9 बजे झंडोत्तोलन किया जाएगा। इसके बाद समाहरणालय परिसर, डीआरडीए परिसर, अनुमंडल कार्यालय परिसर, जिला परिषद और पुलिस केंद्र में क्रमवार झंडोत्तोलन कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ बिहार सैन्य पुलिस, जिला सशस्त्र पुलिस बल और एनसीसी कैडेट्स द्वारा सलामी दी जाएगी और मार्चपास्ट होगा।

झांकी प्रदर्शन में विभिन्न सरकारी विभागों जैसे स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, जल जीवन हरियाली, पर्यावरण आदि की झांकियां शामिल होंगी। इस अवसर पर अधिकारियों को आकर्षक थीम के तहत झांकियां तैयार करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में उपस्थित अधिकारियों को कार्यक्रम स्थल पर सफाई, रंग-रोगन और अन्य व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी समेत अन्य प्रमुख अधिकारी भी उपस्थित थे।

## कवच परियोजना के तहत तटवासी समाज न्यास द्वारा बाल संरक्षण पर आजमनगर में कार्यशाला आयोजित

लोक तंत्र की आवाज

**आजमनगर।** गुरुवार 23 जनवरी 2025 को आजमनगर प्रखंड स्थित रघुनंदन केसरी उच्च विद्यालय में बाल संरक्षण से संबंधित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम तटवासी समाज न्यास द्वारा आयोजित किया गया था और प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सुधीर कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। इस कार्यशाला में प्रखंड के सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, प्रभारी प्रधानाध्यापक, शिक्षक-शिक्षिकाएं, और प्रखंड संसाधन केंद्र के अधिकारी उपस्थित रहे।



- बाल सुरक्षा, शिक्षा और बच्चों के अधिकारों के लिए प्रखंड स्तर पर जागरूकता बढ़ाने हेतु महत्वपूर्ण कार्यशाला का हुआ आयोजन

कार्यशाला की शुरुआत तटवासी समाज न्यास के प्रबंधक मोहम्मद फारूक आलम ने की, जिन्होंने संस्था के कार्यों और उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तटवासी समाज न्यास पिछले 20 वर्षों से बाल संरक्षण के क्षेत्र में कार्य कर रही है और वर्तमान में कवच परियोजना के तहत बिहार के विभिन्न जिलों में बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने यह भी बताया कि आजमनगर प्रखंड में पांच पंचायतों में बाल संरक्षण समितियों का गठन किया गया है और किशोरी समूह, बाल समूह, और युवा समूह का गठन कर सामुदायिक स्तर पर बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा को सशक्त किया जा रहा है।

कवच परियोजना के तकनीकी सहायक अमरेश कुमार सिंह ने जानकारी दी कि संस्था द्वारा प्रखंड में 10 नियमित ब्रिज कोर्स सेंटर चलाए जा रहे हैं, जिनमें बच्चों को निःशुल्क शिक्षण सामग्री प्रदान की जाती है। इन सेंटरों का उद्देश्य शिक्षा से वंचित बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा में लाकर उन्हें नजदीकी विद्यालयों में नामांकन कराना है। इसके साथ ही, ड्रॉपआउट बच्चों की पहचान कर उन्हें पुनः विद्यालय में लाने का कार्य भी किया जा रहा है।

कार्यशाला में एम आई एस अधिकारी प्रवीण कुमार ने बताया कि संस्था द्वारा प्रखंड के 20 विद्यालयों में विद्यालय प्रबंधन समितियों की बैठकें आयोजित की जा रही हैं, और इन समितियों को सशक्त बनाने के लिए शिक्षा विभाग के साथ रणनीति पर काम किया जा रहा है। साथ ही, मीना मंच और बाल संसद के माध्यम से बच्चों को 'गुड टच' और 'बेड टच' के बारे में जागरूक करने के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रखंड समन्वयक रोशन कुमार ने बच्चों के अधिकारों की रक्षा के लिए दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों के लिए सुरक्षित स्थान और सुरक्षित शिकायत प्रणाली की स्थापना की महत्ता पर जोर दिया। इसके साथ ही, उन्होंने आपातकालीन नंबर 1098 और 112 के बारे में भी जानकारी दी, ताकि संकट की स्थिति में तुरंत सहायता प्राप्त की जा सके।

कार्यशाला में समाज कल्याण विभाग बिहार सरकार द्वारा संचालित परवरिश योजना और स्पॉन्सरशिप योजना के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। तटवासी समाज न्यास के सहयोगी संस्थान समग्र विकास एवं शिक्षण संस्थान के साकेत कुमार श्रीवास्तव ने बाल श्रम और बाल विवाह की रोकथाम के लिए आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को आजीविका से जोड़ने की आवश्यकता पर जोर दिया, ताकि परिवार की स्थिति सुधार सके और बाल श्रम और बाल विवाह जैसी कुरीतियों में कमी लाई जा सके।

कार्यशाला के अंत में तटवासी समाज न्यास के तकनीकी शिक्षा विशेषज्ञ ममता कुमारी, प्रखंड समन्वयक बमबम कुमार, आउटरीच वर्कर सोमनाथ अधिकारी और साजिद आलम ने सभी प्रतिभागियों को बाल विवाह, बाल शोषण और अन्य कुरीतियों के खिलाफ शपथ दिलाई, ताकि समाज में जागरूकता फैल सके। बिहार शिक्षा परियोजना के विप्लव कुमार ने तटवासी समाज न्यास के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि बाल संरक्षण के क्षेत्र में तटवासी समाज न्यास का योगदान महत्वपूर्ण है, और सभी से आग्रह किया कि वे इस दिशा में और बेहतर काम करें।

कार्यशाला के समापन के बाद धन्यवाद ज्ञापन किया गया और इस आयोजन को बाल संरक्षण के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा गया। यह कार्यशाला न केवल बच्चों के अधिकारों की रक्षा और शिक्षा के लिए जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक अहम प्रयास था, बल्कि समाज में बाल शोषण, बाल विवाह और बाल श्रम जैसी कुरीतियों को खत्म करने के लिए एक सशक्त कदम भी साबित हुआ।

# मधेपुरा : ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर पराक्रम दिवस समारोह आयोजित

लोक तंत्र कीआवाज

**मधेपुरा।** ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा में गुरुवार को राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी), राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) और सेहत केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर पराक्रम दिवस समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य प्रो. कैलाश प्रसाद यादव ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के योगदान को अविस्मरणीय बताते हुए कहा कि उनका 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आज़ादी दूंगा' का नारा भारतीयों में देशभक्ति का संचार करने में सफल रहा।




- नेताजी के योगदान को याद करते हुए छात्रों को स्वतंत्रता संग्राम की प्रेरणा दी गई

कार्यक्रम के संचालनकर्ता, दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. सुधांशु शेखर ने नेताजी को एक वीर योद्धा और महान जननायक बताया। उन्होंने बताया कि सुभाष चंद्र बोस ने आजाद हिंद फौज की स्थापना की थी और स्वतंत्र भारत की अस्थाई सरकार बनाई थी। उन्होंने गांधीजी के साथ उनके मतभेदों के बावजूद उनके सम्मान की बात भी की। एनसीसी पदाधिकारी लेफ्टिनेंट गुड्डू कुमार ने सुभाष चंद्र बोस के योगदान को भारतीय सेना और आजाद हिंद फौज की छाप से जोड़ा।

समारोह के अंत में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर कई शोधार्थी और विद्यार्थी उपस्थित थे, जिनमें सौरभ कुमार चौहान, अभिषेक राय, आदित्य रमण, वाणी कुमारी, आलोक कुमार, खुशी कुमारी, मुनचुन कुमारी, नीतीश कुमार समेत अन्य छात्र शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### विभागीय लापरवाही के कारण दस्त झेल रहे है मिर्जापुर कृषि लैम्पस गोदाम



लोकतंत्र की आवाज
मामलोत सेख

बरहरवा। प्रखंड क्षेत्र के मिर्जापुर पंचायत भवन के पास स्थित झारखंड सहकारिता विभाग की ओर से बनाए गए कृषि लैंमप्स गोदाम लगभग 12 सालों से निरंतरण बन पड़े हैं सूत्रों के माने तो ना ही यहां पर कोई सरकारी कर्मचारी आते हैं ना यहां गोदाम का ताला खोला जाता है बताते चले की यहां पर सरकारी कोई बीज एवं कृषि संबंधित सरकार की लाभकारी योजनाओं का किसानों तक नहीं पहुंचाया जाता है ना ही कोई प्रशिक्षण दिया जाता है सरकार की इस लाभकारी योजना का चिन्ह बिन तरीके से रख दिया गया है और राज्य की प्रॉपर्टी को नुकसान पहुंचा रहा है झारखंड सहकारिता विभाग की ओर से इतनी बड़ी लापरवाही को अंजाम दिया जा रहा है गोदाम पर कोई सरकारी कृषि संबंधित बीज वितरण एवं खाद सहित सभी सरकारी लाबो को किसानो से वंचित रखा गया है सरकार का अनुदान का महज एक हिस्सा बनकर रह गया है। लगभग 12 सालों से यहां पर कृषि गोदाम बन पड़े हैं एवं ना सालों में गोदाम का रंग रंगा एवं चुनाव प्लास्टर कुछ भी नहीं किया जाता है जिससे गोदाम का हालात जरर्जर होने के कगार पर है फिर भी यहां पर कोई सरकारी कृषि संबंधित सहायता नहीं मिल पाई है जब इसकी जानकारी विभागों अधिकारियों से लिए गए तो संपर्क नहीं हो पाई।

### मानव सेवा परमो धर्म:प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक दास



लोकतंत्र की आवाज
मामलोत सेख

बरहरवा प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक दास जी द्वारा कड़कड़ाती ठंड में लाचार, असहाय व गरीबों को बचाने के लिए एवं बढ़ते ठंड के प्रकोप को देखते हुए सिरासीन, साहेबडंगा, मिर्जापुर एवं गणेशपुर में वृद्धों एवं विकलांगों के बीच कंबल वितरण किया गया।। मौके पर अशोक कुमार दास ने बताया की गरीबों की सेवा करने से आत्मिक सुख और मन को शांति मिलता है।

# साहेबगंज के तेतरिया मैदान में सड़क सुरक्षा फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन





लोकतंत्र की आवाज

मामलोत सेख

साहेबगंज। सुरक्षा माहझ 2025 के उपलक्ष में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के तहत आज सड़क सुरक्षा फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खेल प्रतियोगिता तो बहाना हैझ असल में सड़क सुरक्षा का पाठ पढ़ना है। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के कार्यक्रम के तहत आज साहिबगंज जिले के तेतरिया मैदान में सड़क सुरक्षा फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सड़क सुरक्षाआयोजन किया गया।

जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार चौधरी द्वारा बताया गया कि सड़क सुरक्षा माह 2025 का खेल प्रतियोगिता तो बहाना है असल में सभी को सड़क सुरक्षा का पाठ पढ़ना है। इसी संदेश के तहत साहिबगंज जिले भर में सड़क सुरक्षा पर आधारित विभिन्न विभिन्न कार्यक्रम किया जा रहे हैं जिसे आम जनमानस को जागरूक किया जा सके एवं यातायात करते वक्त नियमों का पालन करेंगे जिससे सड़क पर हो रही दुर्घटनाओं में कमी लाया जा सकेगा। जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक नीरज कुमार साह के द्वारा नेक नागरिक बनकर सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद बिना किसी संकोच या बिना किसी भय के करने को कहा गया क्योंकि नेक नागरिक गुड सेमीरिटर्न पॉलिसी के अंतर्गत सरकार द्वारा घायल व्यक्ति को मदद पहुंचाने पर ?2000 के पुरस्कृत राशि एवं प्रशस्ति पत्र का प्रावधान है जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के द्वारा पुरस्कृत राशि दिया जाएगा। साथ ही साहिबगंज के विभिन्न क्षेत्रों पर हैंडबिल, पंपलेट, बुकलेट आदि वितरण किया जा रहा है एवं सभी आम जनमानस को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा। सड़क सुरक्षा माह 2025 का कार्यक्रम सिर्फ आंकड़ों को कम करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह लोगों को जीवन के प्रति अधिक जिम्मेदार बनने का संदेश देता है।

इस मौके पर जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक नीरज कुमार साह, रोडइंजीनियर एनालिस्ट अनुज पराशर, आईटी सहायक राजहंस, दुर्गाटोला पंचायत मुख्या गंगू पहाड़ियां, तेतरिया संथाली ग्राम प्रधान समाय टुडू, पंचायत सचिव जीतन टुडू एवं अन्य कर्मी मौजूद थे।

## गिरिडीह सदर अस्पताल में आयोजित दो दिन की मॉडल ट्रेनिंग अधुरी



लोकतंत्र की आवाज
विक्रम कुमार मिश्रा (ब्यूरो चीफ)

गिरिडीह ,झारखंड। दो दिनों की मॉडल ट्रेनिंग में एएनएम की उपस्थिति 22.1.–2025 तथा 23. 1 .2025 को होनी थी सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार 23/1/2025 की ट्रेनिंग टाय–टाय फीस हो गई। चित्र में दिख रहे मीटिंग हॉल के मुख्य कुर्सी पर बैठे श्रीमान है डॉक्टर पी के साहू जी अनुसार यह प्रशिक्षण दो दिनों का है तो फिर दूसरा दिन यानी की 23.–1.2025 की ट्रेनिंग कहां गई?

## सच्चाई की हुई जीत,भाकपा माले नेता हुए मुकदमें से बरी, गिरिडीह सीजीएम कोर्ट का आया फैसला

लोकतंत्र की आवाज

**घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**
**हजारीबाग (झारखंड)।** बगोदर ब्लॉक के तात्कालीन बीडीओ प्रीति किस्कू द्वारा केस संख्या 181/2016 में दर्ज किए गए मुकदमें में भाकपा माले नेतागण बरी हो गए हैं. बुधवार को गिरिडीह सीजीएम कोर्ट में दिए गए फैसले से तत्कालीन बगोदर पश्चिमी जिला परिषद सदस्य पूनम महतो,माले राज्य कमिटी सदस्य पवन महतो,तात्कालीन बगोदर मध्य जिला परिषद सदस्य सरिता महतो,पंस सरिता साव और जैनुल अंसारी को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया गया है.



इस संबंध में पवन महतो ने बताया कि 2016 के 1 मई को अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर भाकपा माले के बैनर तले बगोदर प्रखंड मुख्यालय का शांतिपूर्ण तरीके से घेराव किया गया था.ब्लॉक अंचल में व्याप्त भ्रष्टाचार,राशन –किरासन व आवास के लाभ से वंचित लोगों की परेशानियों तथा केंद्र और राज्य सरकारों के मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ उक्त घेराव प्रदर्शन में सैकड़ों लोगों ने भाग लिया था और अपने मांगों के समर्थन में शांतिपूर्ण व लोकतांत्रिक रूप से कार्यक्रम सम्पन्न हुआ था लेकिन तात्कालीन भाजपा विधायक नागेन्द्र महतो के इशारे में राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से माले के अगुवा नेताओं पर तात्कालीन बीडीओ प्रीति किस्कू द्वारा सरकारी कार्य में बाधा डालने,बेवजह मजमा लगाने,तोड़ फोड़ करने समेत अन्य झूठे केस किए गए थे.

उन्होंने कहा कि लोगों के हक अधिकार की लड़ाई में भाकपा माले और उसके लोग झूठे मुकदमें और जेल जाने से विचलित नहीं होते हैं.आज आठ साल बाद दर्जनाधिक कोर्ट हाजरी के बाद लोगों को बरी किया गया है.उन्हें न्यायलय पर पूरा भरोसा था.सरकारी तंत्र के बेजा इस्तेमाल और अपनी सत्ता के दुरुपयोग करने में विरोधी एक बार फिर बेपर्द हुए हैं.जनता के हक अधिकार के लिए लड़ाई जारी है और जारी रहेगी.उन्होंने कहा कि जिला परिषद सदस्य पूनम महतो 1 मई 2016 को गिरिडीह में आयोजित जिला परिषद की आहूत बैठक में हिस्सा ले रही थी बावजूद इसके उन्हें फसाया गया था.

इससे उनकी मानसिकता का अंदाजा लगाया जा सकता था.ज्ञात हो कि उसी दौर में बगोदर बस स्टैंड में निर्माणाधीन सार्वजनिक शौचालय की खराब क्वालिटी के खिलाफ निर्वाचित जन प्रतिनिधियों ने विरोध जताया था तो उनपर भी झूठे मुकदमें किए गए थे जिसमें तात्कालीन पंस सरिता साव को जेल जाना पड़ गया था.

## एसपी से गुहार लगाने वाली बच्ची को मिले किताब और ड्रेस, पढ़ाई में मदद करेंगी रीष्मा रमेशन

लोकतंत्र की आवाज़

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**पलामू(झारखंड)।** पढ़ाई के लिए गुहार लगाने वाली बच्ची को पलामू एसपी रीष्मा रमेशन के तरफ से किताबें और स्कूल ड्रेस दी गयी है. पलामू एसपी रीष्मा रमेशन बच्ची की पढ़ाई में मदद कर रही हैं.

पलामू एसपी ने छात्रा को दी किताबें व स्कूली ड्रेस




कुछ दिनों पहले पलामू एसपी रीष्मा रमेशन को एक अंजान नंबर से कॉल आया था और पढ़ाई के लिए गुहार लगाई गई थी. बच्ची के परिजन शादी करने वाले थे लेकिन वह पढ़ाई करके जज बनना चाहती थी. कॉल करने वाली बच्ची पलामू के अति नक्सल प्रभावी इलाके मनातू थाना क्षेत्र के रंगेया की रहने वाली है. कॉल के बाद पलामू एसपी के निर्देश पर महिला थाना प्रभारी बच्ची के घर में गई और परिजनों के साथ बातचीत की. पुलिस के समझाने के बाद परिजन बच्ची को पढ़ाने के लिए राजी हो गए.

पलामू एसपी रीष्मा रमेशन की पहल पर मनातू के थाना प्रभारी निर्मल उरांव के नेतृत्व में पुलिस की टीम गुरुवार को बच्ची के घर गई. पलामू एसपी की तरफ से बच्ची को किताब और स्कूल ड्रेस दिया गया. बच्ची के पिता शिक्षक हैं और आर्थिक कारणों से आगे की पढ़ाई नहीं करवा पा रहे थे.

पलामू एसपी रीष्मा रमेशन का कहना है कि बच्ची ने पढ़ाई की इच्छा जाहिर की थी जिसके बाद उसकी मदद की जा रहा है. परिजनों से भी बातचीत की गई है. उन्होंने बताया कि बच्ची बहादुर है और उसने कॉल पर मदद की गुहार लगाई थी।

**नक्सल प्रभावती इलाके की है बच्ची :** बच्ची मनातू थाना क्षेत्र के रंगेया की रहने वाली है. यह इलाका पलामू पर प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर से करीब 85 किलोमीटर दूर है. जिस इलाके में बच्ची पढ़ाई करती है वह इलाका पूरे झारखंड में पोस्ता की खेती के लिए चर्चित रहा है. बच्ची मनातू के चक हाई स्कूल में 11वीं क्लास की छात्रा है. बच्ची आर्ट्स के विषय में 11वीं की पढ़ाई कर रही है .चक हाई स्कूल को माओवादी 2006–07 और 2008–09 में विस्फोट कर उड़ा चुके हैं।

## गिरिडीह के सरस्वती विद्या मंदिर बरगंडा में सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर पराक्रम दिवस मनाया गया

लोकतंत्र की आवाज

**विक्रम कुमार मिश्रा ( ब्यूरो– चीफ)**
**गिरिडीह, झारखंड।** आप वर्तमान की भारतीय राजनीति पर नजर डालें तथा 15 अगस्त 1947 से लेकर 1957 तक की भारतीय राजनीति पर ध्यान एकीकृत करें हो सकता हैबहुत सारे विषय वस्तु आपके सामने स्पष्ट हो जाएंगे ऐसी संभावना है । भारतीय राष्ट्रीय सेना की स्थापना और नेतृत्व करने से लेकर द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अंग्रेजों के खिलाफ गठबंधन बनाने तक नेताजी सुभाष चंद्र बोस आधुनिक भारतीय राज्य की नींव रखने वाले भारतीय राज्य नेताओं में प्रथम है। हालांकि गांधी जी एवं सुभाष चंद्र बोस की विचारधाराए भिन्न–भिन्न थी फिर भी दोनों एक दूसरे का सम्मान करते थे।



प्रत्येक वर्ष 23 जनवरी को यह सुअवसर प्राप्त होता है कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस को पराक्रम दिवस के रूप में याद किया जाए, इसी शुभ अवसर को लेकर पराक्रम दिवस पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर,बरगंडा में गुरुवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई। प्रधानाचार्य आनंद कमल, अजीत मिश्रा एवं बच्चों ने उनकी छायाचित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।मौके पर विद्यालय से पथ संचलन निकाला गया। मार्ग में घोषवादन के साथ बच्चे नेताजी सुभाष चंद्र बोस अमर रहे, वंदे मातरम, भारत माता की जय,तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा आदि नारों से नगर गुंजायमान था।नगर भ्रमण के पश्चात विद्यालय में उनकी जयंती मनाई गई।बहन रक्षिता, भैया भव्य एवं टिंकू राय ने उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला वहीं अनमोल मिश्रा ने काव्य पाठ किया।

- नेताजी की छायाचित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित की गई

प्रधानाचार्य आनंद कमल ने कहा स्वतंत्रता संग्राम के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस अदम्य साहस, दृढ़ संकल्प और निर्भीकता के प्रतिबिंब थे। उनका जीवन देशभक्ति, बलिदान और प्रेरणा का अमित प्रतीक बनकर सदैव स्मरणीय रहेगा।आज उनकी जयंती पर विद्यालय परिवार नमन करता है।कार्यक्रम में समस्त आचार्य– दीदी एवं बच्चे उपस्थित थे।

## डुमरी प्रखंड के खुदीसार पंचायत अंतर्गत गुलीदाड़ी गांव में फाइलेरिया उन्मूलन हेतु रात्रि चौपाल आयोजित

लोकतंत्र की आवाज

**विक्रम कुमार मिश्रा (ब्यूरो चीफ)**
**गिरिडीह ,झारखंड।** यह आवश्यक है कि भौगोलिक क्षेत्र में जरूरतमंद लोगों को उपचार मुहैया कराया जाए स्वास्थ्य सेवा कार्यकर्ता की भूमिका इसमें पूरी जिम्मेवारी भरी होती है तथा स्वास्थ्य के क्षेत्र में सहिया की भूमिका को भी नजर अंदाज नहीं किया जा सकता है। तथा सबों के सम्मिलित सहयोग से ही स्वास्थ्य सेवाएं अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकती है।



दिनांक 23 जनवरी 2024 को डुमरी प्रखंड के खुदीसार पंचायत के गुलीदाड़ी गांव में टऊअ राउंड को सफल बनाने के लिए रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। इसमें टढह योगेंद्र, सहिया ममता और मीना के साथ पिरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में फाइलेरिया बीमारी, उसके बचाव और दवा सेवन के महत्व पर चर्चा की गई। ग्रामीणों को जागरूक कर टऊअ अभियान में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया। आयोजन से फाइलेरिया उन्मूलन प्रयासों को समुदाय का सकारात्मक समर्थन मिला।

## नेताजी ने भारतीयों को देश के लिए जीने का जज्बा सिखाया : निताय सरकार





लोकतंत्र की आवाज

**मामलोत सेख**
**बरहरवा।** जिला अध्यक्ष बरकत खान के निर्देशानुसार बरहरवा नगर पंचायत के वार्ड नम्बर 03 के बसीर गैरेज स्थित बरकत खान के निजी कार्यालय प्रांगण में प्रखण्ड महासचिव निताय सरकार की अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नेता जी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती मनायी। साथ ही मुख्यातिथि के तौर पर जिला महासचिव मिठुन कुमार मंडल उपस्थित रहे।

सर्व प्रथम निताय सरकार ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया साथ ही दीप प्रज्वलित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उपस्थित कांग्रेस प्रेमियों को संबोधित करते हुए प्रखण्ड महासचिव निताय सरकार ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस वह शख्सियत थे, जिन्होंने विदेशों में जाकर भारतीयों की चेतना को झकझोर कर जगाया। विदेशों में मौजूद भारतीय सैनिकों को संगठित किया। नेताजी ने भारतीयों को देश के लिए जीने का जज्बा सिखाया और देश के लिए मरने का मकसद दिया।

मौके पर प्रदेश समन्वयक अश्विनी आनन्द, प्रखण्ड उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी अनंतलाल भगत, नगर उपाध्यक्ष छोटेलाल रमानी, संतोष राम, थोमस रॉबर्ट, अर्जुन रविदास, राजू देश के लिए, राकेश सेख, विक्की कर्मकार, जयंतो साह सहित दर्जनों कार्यकर्तागण एवं कांग्रेस प्रेमीगण उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### चोरी के ट्रैक्टर सहित दो बदमाशों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज

कालपी( जालौन। कालपी क्षेत्र के निकटवर्ती ग्राम चौरा बाजार में दुकान के बाहर खड़े ट्रैक्टर को देर रात बदमाशों के द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। वही कालपी पुलिस की सक्रियता से चोरी के ट्रैक्टर सहित दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक जनपद कानपुर देहात के अमरोहा कस्बा निवासी इमरान खान की चौरा मवेशी बाजार के पास बिल्डिंग मटेरियल की दुकान है, दुकान के बाहर इमरान का ट्रैक्टर खड़ा हुआ था। तभी रात में मौका पाकर बदमाशों ने चोरी करके ट्रैक्टर को लेकर भागने लगे। तभी ट्रैक्टर मालिक को चोरी की भनक लग गई कि कोई ट्रैक्टर ले जा रहा जिस सूचना कालपी पुलिस को दी सूचना पाकर कालपी कोतवाली के टरननगंज चौकी इंचार्ज रणधीर सिंह तथा कांस्टेबल अभिषेक सिंह ने रात्रि गश्त के दौरान देर रात लगभग चार बजे चोरी के ट्रैक्टर को काशीराम कॉलोनी के पास पकड़ लिया। उपनिरीक्षक ने जब ट्रैक्टर के कागजात मांगे तो बदमाश कागजात प्रस्तुत नहीं कर सके, पुलिस ने ट्रैक्टर चोरी करने वाले बदमाशों को पकड़ लिया पकड़े गए चोर अनुज पुत्र मौजीलाल निषाद निवासी मोहल्ला निकासा कस्बा कालपी तथा सर्वेश कुमार निवासी डिलौलिया थाना भोगनीपुर कानपुर देहात को दबोच लिया। पकड़े गए बदमाशों ने ट्रैक्टर चोरी की घटना करने का मामला कबूल किया। उक्त प्रकरण की सूचना कालपी पुलिस ने कोतवाली भोगनीपुर कानपुर देहात पुलिस को दीं। गुरुवार को थाना भोगनीपुर पुलिस की टीम ने बदमाशों तथा ट्रैक्टर को लिखा पड़ी के लिए अपने साथ ले गए तथा आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। समझा जाता है कि बदमाशों से ट्रैक्टर चोरी के अन्य मामले भी उजागर हो सकते हैं।

### विभागीय लापरवाही के कारण दस्त झेल रहे हैं मिर्जापुर कृषि लैंमप्स गोदाम

लोकतंत्र की आवाज
मामलोत सेख

बरहरवा। प्रखंड क्षेत्र के मिर्जापुर पंचायत भवन के पास स्थित झारखंड सहकारिता विभाग की ओर से बनाए गए कृषि लैंमप्स गोदाम लगभग 12 सालों से निरंतरण बन पड़े हैं सूत्रों के माने तो ना ही यहां पर कोई सरकारी कर्मचारी आते हैं ना यहां गोदाम का ताला खोला जाता है । बताते चले की यहां पर सरकारी कोई बीज एवं कृषि संबंधित सरकार की लाभकारी योजनाओं का किसानों तक नहीं पहुंचाया जाता है ना ही कोई प्रशिक्षण दिया जाता है सरकार की इस लाभकारी योजना का छिन -बिन तरीके से रख दिया गया है और राज्य की प्रॉपर्टी को नुकसान पहुंचा रहा है झारखंड सहकारिता विभाग की ओर से इतनी बड़ी लापरवाही को अंजाम दिया जा रहा है गोदाम पर कोई सरकारी कृषि संबंधित बीज वितरण एवं खाद सहित सभी सरकारी लाबो को किसानो से वंचित रखा गया है सरकार का अनुदान का महज एक हिस्सा बनकर रह गया है लगभग 12 सालों से यहां पर कृषि गोदाम बन पड़े हैं एवं ना सालों में गोदाम का रंग रंगा एवं चुनाव प्लास्टर कुछ भी नहीं किया जाता है जिससे गोदाम का हालात जरर्जर होने के कगार पर है फिर भी यहां पर कोई सरकारी कृषि संबंधित सहायता नहीं मिल पाई है जब इसकी जानकारी विभागों अधिकारियों से लिए गए तो संपर्क नहीं हो पाई। इसीलिए अधिकारी का पक्ष नहीं रखा गया।

### सड़क किनारे बालू से दुर्घटना की आशंका

लोकतत्र की आवाज

बारुण, औरंगाबाद। बारुण गेमन पुल के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग व लिंक रोड किनारे बड़ी मात्रा में बालू बिखरा है। इसकी चपेट में आकर वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। पूर्व में कई बार दुर्घटना घट चुकी है और लोग अपनी जान गवां चुके हैं। विदित हो कि समीप में ही केशव बालू घाट का संचालन होता है। घाट से बालू लेकर वाहन निकलते हैं। अत्यधिक बालू लदा होने के चलते बालू सड़क पर गिरता रहता है है। सड़क के किनारे बिखरे बालू को हटवाने की जिम्मेवारी एनएचआई, प्रशासन व घाट संचालक की है, पर इस दिशा में कोई पहल नहीं कर रहा है। सड़क पर बालू बिखरे होने की वजह से बड़े वाहनों के टायर से बालू उड़ता रहता है और पीछे से आ रहे छोटे वाहन और बाइक सवार की आंखों में बालू पड़ता है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इससे बचाव के लिए पानी के छिड़काव की व्यवस्था की गई है, लेकिन ऐसा नहीं होता है है। ठंड के दिनों में परेशानी कम होती है।

# कटिहार न्याय सदन में बाल विवाह पर रोक विषय पर संगोष्ठी का किया गया आयोजन





लोक तंत्र कीआवाज

**कटिहार।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार कटिहार सहयोग, राहत संस्था एवं जस्ट राइट कटिहार के तत्वावधान में व्यवहार न्यायालय परिसर स्थित न्याय सदन में बाल विवाह पर रोक विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में व्यवहार न्यायालय कटिहार के वरीय अधिवक्ता, पैनल अधिवक्ता एवं पीएलभी ने भाग लिया। संगोष्ठी की अध्यक्षता संस्था के सचिव डॉक्टर फरजाना ने किया। संचालन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रधान लिपिक आशीष झा ने किया। मुख्य अतिथि जिला सत्र न्यायाधीश हेमंत कुमार त्रिपाठी, अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार निशा कुमारी, किशोर न्याय बोर्ड के प्रधान न्यायाधीश राम मनोहर चौधरी, किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य अरुणा मजूमदार, कैलाश सत्यार्थी फाउंडेशन नई दिल्ली के पदाधिकारी मोहम्मद फरहान रहे। संगोष्ठी में जिला अध्यक्ष जिला सत्र न्यायाधीश हेमंत कुमार त्रिपाठी, अवर न्यायाधीश और सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार के निशा कुमारी को संस्था के सचिव डॉक्टर फरजाना ने बुके, डायरी एवं शाल देकर सम्मानित किया। संस्था के विधिक सलाहकार प्रवीण कुमार झा ने किशोर न्याय बोर्ड के प्रधान न्यायाधीश राम मनोहर चौधरी, सदस्य अरुणा मजूमदार को बुके, डायरी एवं शाल देकर सम्मानित किया। संस्था के परियोजना निदेशक नेहाल अख्तर ने विजय कुमार श्रीवास्तव, देव कुमार झा सहित अन्य अतिथियों को डायरी, बुके एवं साल देखकर सम्मानित किया।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए राहत संस्था के सचिव डॉक्टर फरजाना ने राहत संस्था एवं जस्ट राइट कार्य पर विस्तार रूप से चर्चा किया। डॉक्टर फरजाना ने बाल विवाह, बाल श्रम, बाल तस्करी पर उपस्थित विद्वान पैनल अधिवक्ताओं को जागरुक करते हुए बच्चों के सर्वोत्तम ही में विस्तार पूर्वक चर्चा किया। साथ ही सहयोग करने की अपील की।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए जिला सत्र न्यायाधीश हेमंत कुमार त्रिपाठी ने कहा कि राहत संस्था के द्वारा बाल विवाह पर रोक विषय पर संगोष्ठी के आयोजन से पैनल अधिवक्ता सहित बुद्धिजीवी वर्ग कई तकनीकी बिंदु का ज्ञान वर्धन हुआ है। इस तरह का आयोजन करने के लिए राहत एवं जस्ट राइट संस्था के पदाधिकारी की सराहना किया। इस तरह का जन जागरण अभियान चलने के लिए कहा गया। जिला सत्र न्यायाधीश श्री त्रिपाठी ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा भी बच्चों के सर्वोत्तम हित में कार्य कर रही है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यों की भी भूरी भूरी प्रशंसा किया गया। जिला सत्र न्यायाधीश श्री त्रिपाठी ने कहा कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की मूल प्रस्तावना यह है कि अनुच्छेद 2 (ए) के अनुसार किसी भी बच्चे का बाल विवाह करना अपराध है।18 वर्ष से कम उम्र की लड़की और 21 वर्ष से कम उम्र का लड़का बच्चा या नाबालिक होता है।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए किशोर न्याय बोर्ड के प्रधान न्यायाधीश राम मनोहर चौधरी ने बाल विवाह पर विस्तार रूप से चर्चा करते हुए उपस्थित लोगों को जागरूक करने का कार्य किया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए अवर न्यायाधीश डीएलएसए सचिव निशा कुमारी ने कहा कि इस तरह का आयोजन करने से आम लोगों को बाल विवाह पर रोक लगाने की जानकारी मिलती है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा भी नियमित रूप से जन जागरण अभियान सहित बच्चों के सर्वोत्तम हित में कार्य करती है। जिसका लाभ समाज के हर तप के लोगों को सहजता पूर्वक मिल रहा है। इस तरह का आयोजन से आम लोग को समय–समय पर जन जागरूकता अभियान चलाना चाहिए।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए विधिक सलाहकार प्रवीण कुमार झा एवं पंकज कुमार झा ने कहा कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अनुच्छेद 9 के तहत यदि 18 साल से अधिक उम्र का कोई पुरुष किसी आवश्यक बच्ची से विवाह करता है। तो उसके लिए सजा का प्रावधान है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अनुच्छेद 11(1) के तहत सभी स्थिति में 2 वर्ष तक के 100 श्रम कारावास या एक लाख रुपए तक का जुर्माना अथवा दोनों हो सकता है। संगोष्ठी को सफल बनाने में संस्था के निहाल अख्तर, मोहम्मद दानिश, बिपिन बिहारी यादव, माला कुमारी, सुमित कुमार, गौरव कुमार, हसन बानो, विनय कुमार सहित जिला विधिक सेवा प्राधिकार के विजय शंकर झा का सहयोग अति सराहनी रहा।

## 26 जनवरी गणतन्त्र दिवस के अवसर पर क्रासकंट्री दौड़ प्रतियोगिता का आयोजनः क्रीड़ा अधिकारी

**लोकतंत्र की आवाज**

**उरई ।** क्रीड़ा अधिकारी शैलेन्द्र कुशवाहा ने बताया कि जनपद के खेलप्रेमी खिलाडियों को सूचित किया जाता है कि खेल निदेशालय उ०प्र० लखनऊके निर्देशानुसार एवं दिनांक 20.01.2025 को जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में आहूत बैठक में दिये गये निर्देश के क्रम में जिला प्रशासन के सहयोग दिनांक 26 जनवरी 2025 को गणतन्त्र दिवस के सुअवसर पर प्रातः 08:30 बजे ध्वजारोहण किया जायेगा तदोपरान्त जिला खेल कार्यालय इन्दिरा स्टेडियम उरई के तत्वाधान में 05 कि०मी० पुरुष एवं 03 कि०मी० महिला वर्ग में जिला स्तरीय कासकन्ट्री दौड इन्दिरा स्टेडियम से कालपी रोड पर प्रातः 11:30 बजे से आयोजित की जायेगी।

अतएव जनपद के प्रधानाचार्य / प्राचार्य / ऋीड़ा संघ/क्लब आदि से अपील है कि अपने–अपने विद्यालय के पुरुष वर्ग एवं महिला वर्ग की खिलाडियों को आयोजित प्रतियोगिता कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करने हेतु भेजने का कष्ट करे। ऋमशः 06 स्थान प्राप्त करने वाले पुरूष एवं महिलाओं को खेल विभाग द्वारा पुरस्कार से पुरस्कृत किया जायेगा। उन्होंने बताया कि ऋासकन्ट्री दौड प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु पुरुष/महिला खिलाडी दिनांक 26.01.2025 को इन्दिरा स्टेडियम उरई में प्रातः 09:30 बजे से उपस्थित होकर अपने नाम की प्रविष्टि कराकर चेस्ट नम्बर प्राप्त कर प्रतियोगिता में भाग ले सकते है।

## उपजिलाधिकारी ने पुलिस क्षेत्राधिकारी व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक की मौजूदगी में चलाया चैकिंग अभियान

लोकतंत की आवाज

**उरई जालौन।** कालपी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मोरंग भरे अवैध ओवर लोड परिवहन के खिलाफ प्रशासन ने चलाया चैकिंग अभियान । बुधवार देर शाम उप जिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह की टीम ने सयुक्त रूप से ओवर लोड वाहनों के खिलाफ चैकिंग अभियान चलाया जिसमे चैकिंग के दौरान ओवर लोड मोरंग लदे आधा दर्जन से अधिक ओवरलोड ट्रकों को पकड़ा । जिसकी जानकारी मौरंग माफियों को लगते ही हड़कंप मच गया पकड़े गए 8 ओवर लोड मोरंग लदे ट्रकों को प्रशासन ने कब्जे मे लिया और पुलिस को सौंप दिया जिससे बालू का अवैध परिवहन करने वाले ट्रक चालकों व मालिकों मे हड़कंप मच गया है।



कालपी क्षेत्र में बालू का अवैध परिवहन कोई नया नही है बल्कि हमीरपुर की ओर से यह कारोबार अर्से से चल रहा है हालाकि प्रशासन द्वारा समय समय पर आकस्मिक छापेमारी कर कार्यवाही भी करता रहता है लेकिन इसके बाबजूद भी यह ओवर लोड का खेल बन्द नही है लेकिन बालू के इस खेल पर लगाम लगाने के लिये बुधवार की देर शाम उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिँह ने क्षेत्राधिकारी कालपी अवधेश सिँह तथा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नागेन्द्र पाठक द्वारा जोल्हूपुर मोड़ पर आकस्मिक चैकिँग अभियान चलाया गया इस दौरान टीम के हत्थे लगे 8 ट्रक । जिनके पास बैध खनिज

- **प्रशासन द्वारा सयुक्त रूप से चलाई गई चैकिंग अभियान में मौरम लदे आठ ओवर लोड ट्रक बिना प्रपत्र के पकड़े गये**

प्रपत्र भी नही थे जिसके चलते टीम ने सभी ट्रको को कोतवाली पुलिस की अभिरक्षा मे खड़े करा दिया था जो गल्ला मण्डी परिसर मे खडे है।

उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिँह के अनुसार समय–समय पर ओवरलोड ट्रकों के खिलाफ कार्यवाही की गयी है और बालू से भरे अवैध परिवहन के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। वही बुधवार देर शाम प्रशासन की टीम द्वारा की गयी कार्यवाही से बालू का अवैध परिवहन करने वालो में हडकम्प भी मचा है।

## बिहपुर: समारोह पूर्वक मनाया गया नेता जी सुभाष चंद्र बोस की 128 वी जयंती

लोकतंत्र की आवाज

**मोहम्मद सबरार आलम**

**बिहपुर।** गुरुवार को बिहपुर के रेलवे मैदान पर नवगछिया पुलिस जिला बॉल बैडमिंटन संघ के संयोजन में सुभाष चंद्र बोस जी के 128 वीं जयंती समारोह पूर्वक मनाया गया।इस आयोजन के अध्यक्षता राज्य प्रवक्ता सह जिला सचिव ज्ञानदेव कुमार व संचालन घनश्याम कुमार ने किया।




इस मौके पर जिला सचिव ने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के प्रख्यात नेता एवं ऋन्तिकारी थे।'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा'का नारा देने वाले 'आजाद हिन्द फौज' के संस्थापक थे नेता जी। इस मौके पर अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी राहुल कुमार, अंकित कुमार शर्मा व राष्ट्रीय खिलाड़ी राजा कुमार, राजीव कुमार, सूरज कुमार, मो सैफ अली, अभिषेक कुमार, रवि राहुल कुमार, मुकुल कुमार, आशीष कुमार, सन्नी कुमार, गुलशन कुमार, मुन्ना कुमार, बद्दू कुमार, अजीत कुमार, गौतम कुमार, चिक्की कुमार विक्कू कुमार, आदित्य राज आदि कई खिलाड़ी शामिल थे।

## किसान 8वें दिन भी डटे रहे आंदोलन पर

**लोकतंत्र की आवाज**

**रफीगंज।** रफीगंज प्रखंड परिसर के समक्ष किसान मजदूर मोर्चा के सदस्य आठवें दिन बुधवार को भी धरना-प्रदर्शन पर डटे रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता लडू खां व भोलानाथ वर्मा ने की। सभा का संचालन डॉ. तुलसी यादव व शिवनन्दन यादव ने किया। वक्ताओं ने कहा कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होती है तब तक उनका चरणबद्ध आंदोलन जारी रहेगा। उनका आंदोलन नहर का पानी किसानों के खेत तक पहुंचने को लेकर वे आंदोलन कर रहे हैं। नहर के अधूरे कार्य को पूरा कराना जरूरी है। नहर पर सिर्फ राजनीति करने से काम नहीं चलेगा। इस मौके पर भोला प्रसाद वर्मा, सिद्धी यादव, बालचंद दास, संजय श्याम, विनोद सिंह, भीम बिहारी विश्वकर्मा, कृष्णा सिंह, मो आजाद, जयप्रकाश आदि थे।

## 26 दिनों के बाद मिला दुबई में लापता बगोदर का प्रवासी युवा मजदूर

लोकतंत्र की आवाज

**घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**

**हजारीबाग (झारखंड)।** बीते 28 दिसंबर 2024 से दुबई में लापता प्रवासी युवा मजदूर कामेश्वर कुमार महतो को दुबई स्थित भारतीय दूतावास और दुबई पुलिस की मदद से खोज लिया गया है.पिछले 26 दिनों से लापता कामेश्वर कुमार महतो के मिल जाने की सूचना मिलने पर माता – पिता, पत्नी ,परिजनों और ग्रामीणों के बीच खुशी की लहर दौड़ गई.

बताते चलें कि छह माह पहले बगोदर प्रखंड के मुंडरो पंचायत के बखरीडीह गांव निवासी 23 वर्षीय युवा प्रवासी मजदूर कामेश्वर कुमार महतो अपने घर परिवार के भरण पोषण खातिर रोजी रोटी की तलाश मे दुबई पहुंचा.वहां वह अब्बास सलेम लेबर सप्लाई एलएलसी कम्पनी के मार्फत बिल्डिंग लाइन में काम कर रहा था और घर भी पैसे भेजने लगा था.बीते 20 दिसंबर को चेचक हो जाने से उसकी तबियत खराब हो गई और कंपनी द्वारा दिए गए अलग रूम में रह रहा था जहां वह घर परिवार व परिजनों से बातचीत भी कर रहा था.28 दिसंबर से उसकी बातचीत नहीं होने लगी तो अंदेशा होने लगा .उसके साथ काम कर रहे दूसरे प्रवासी मजदूरों से बातचीत करने पर पता चला कि कामेश्वर कुमार महतो अपने रूम में नहीं है.उसके पास मोबाइल, पासपोर्ट, वीजा व अन्य पहचान पत्र के भी साथ न होने से घर परिवार के लोग बेहद चिंतित हो गए.

उक्त गांव के ही स्थानीय युवा प्रोफेसर हेमलाल महतो ने बताया कि लापता युवक की बिना देरी किए खोजबीन करने व सकुशल घर वापसी के लिए उनके माता –पिता और परिजनों ने बगोदर के पूर्व विधायक विनोद कुमार सिंह,प्रवासी मजदूरों के हितार्थ सदैव काम करनेवाले पवन महतो से मुलाकात की.पूर्व विधायक विनोद कुमार सिंह रांची स्थित प्रवासी निदेशालय सह श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण, कौशल विकास विभाग के उच्च अधिकारियों से बात की और उसकी अविलंब खोजबीन करने तथा वतन वापसी के प्रयासों में तेजी लाने की मांग की और परिजनों द्वारा दिए आवेदन को उच्च अधिकारियों को सौंपा.भाकपा माले राज्य कमिटी नेता पवन महतो ने बगोदर और चेन्नई के लोकल एजेंटों से बातचीत कर कंपनी पर दबाव बढ़ाया.




- **भारतीय दूतावास की मदद से शुक्रवार को हो रही है घर वापसी**

22 जनवरी की शाम दुबई पुलिस ने कामेश्वर कुमार महतो को दुबई हाइवे में पकड़ा और पहचान कर अब्बास सलेम कंपनी की अधिकारियों को सूचित किया. भारतीय दूतावास, कंपनी और अन्य प्रवासी मजदूरों की मदद से बुधवार देर रात दुबई एयरपोर्ट से दिल्ली भेजने की तैयारी की गई परन्तु दुबई एयरपोर्ट में कामेश्वर कुमार महतो के मानसिक स्थिति ठीक न होने की वजह से पुलिस ने उसे रोक दिया और उसके साथ किसी प्रवासी मजदूर को भेजने की बात कही. फलत उसका फ्लाइट कैंसिल हो गया.दुबारा दूतावास के प्रयास से एक अन्य प्रवासी मजदूर के साथ कामेश्वर कुमार का फ्लाइट टिकट करवाया गया.फिलहाल वे दोनों मंगलौर पहुंच चुके हैं और मंगलौर से रांची शुक्रवार को फ्लाइट से पहुंचने की संभावना है.परिजनों के साथ स्थानीय गांव निवासी हेमलाल महतो और पवन महतो शुक्रवार को उन्हें रिसीव करने रांची एयरपोर्ट जायेंगे.

# कांग्रेस ने निकाला अंबेडकर सम्मान मार्च

**लोकतंत्र की आवाज**

**घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**

**हजारीबाग (झारखंड)।** विष्णुगढ़ हॉस्पिटल चौक में गुरुवार को कांग्रेस पार्टी के द्वारा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर सम्मान मार्च निकाला गया। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यह कार्यक्रम भारत के गृहमंत्री अमित शाह के द्वारा संसद में संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के प्रति दिए गए वक्तव्य के खिलाफ निकाली गई है।

उन्होंने कहा कि पूरे देश में बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारतीय संविधान के सम्मान में मार्च निकाला जा रहा है। उसी के तहत आज यहां विष्णुगढ़ में जय भीम, जय गांधी और जय संविधान के सम्मान में यह मार्च निकल गया है। भाजपा संविधान को बदलना चाहती है। भाजपा आरक्षण को समाप्त करना चाहती है जिसकी झलक आए दिन संसद तथा नेताओं के बयान में आ रहा है। इसी का प्रतिकार पूरे हिंदुस्तान में कांग्रेस पार्टी के द्वारा किया जा रहा है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष अब्बास अंसारी, सुरेंद्र मिश्र, विशेश्वर प्रसाद स्वर्णकार, रामजन्म राय, हीरामन महतो, गुलाब राम, मनोज रविदास, शिवप्रसाद लहकार, हेमलाल साव, करीम अंसारी, मेराज सरोवर, हसन अंसारी, तैयब अंसारी, इकरार अंसारी, इजराइल अंसारी, कुदुस अंसारी, अली हुसैन, करीमुद्दीन अंसारी, अलाउद्दीन अंसारी, जाकिर हुसैन एवं मजबूल अंसारी समेत कई कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल थे।




लोकतंत्र की आवाज
स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन–805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर–9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद–विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।